राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 35
लखनऊ, मंगलवार 13 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

शारदीय नवरात्रि
तृतीय दिवस: चन्द्रघण्टा देवी के घण्टे के नाद से सम्पूर्ण सृष्टि प्रकम्पित होती है वह भक्तों के लिए परम कल्याणकारी हैं।

बिना परमिशन के रातों-रात काट दिये गये लाखों के कीमती हरे पेड़ 10

आईआईएस मैपिंग से तैयार फैजुल्लागंज सफाई प्लान 03

सर्राफा बाजार

गोल्ड 24 कैरेट = 1,51,130/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,38,550/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,13,390/10 ग्राम
चांदी = 2,40,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

अस्पतालों की फीस सार्वजनिक करने के निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अस्पतालों और क्लीनिकों में इलाज की फीस प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मौजूदा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट लागू करने वाले 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं। फीस की जानकारी अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषा में भी प्रदर्शित करनी होगी, जिससे मरीज इलाज के संभावित खर्च का अनुमान लगा सकें और अनावश्यक विवादों से बचा जा सके।

गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारत मंगलवार को नई दिल्ली में पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। बैठक में आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, कट्टरपंथ और साइबर अपराध जैसी चुनौतियों से निपटने पर चर्चा होगी। नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग बैठक में शामिल होंगे, जबकि बांग्लादेश ने इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया है। बिम्सटेक में भारत समेत सात देश शामिल हैं।

कैंसर दवाओं पर सीमित होगा व्यापारिक मार्जिन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार कैंसर की दवाओं पर व्यापारिक मार्जिन को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के 30 प्रतिशत तक सीमित करने की तैयारी में है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने इसकी जानकारी दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दवाओं की खरीद कीमत और एमआरपी में भारी अंतर पर सवाल उठाए। अदालत ने उदाहरण देते हुए कहा कि 78.29 रुपये की दवा का एमआरपी 2,850 रुपये कैसे हो सकता है। हार्ट स्टेंट की कीमतों में अंतर पर भी चिंता जताई गई। अदालत ने दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की मूल्य निर्धारण व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जरूरत बताई। मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी।

आतंकियों को पनाह देने वाले की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने श्रीनगर के दानिहामा गांव में गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा गैस की आवासीय संपत्ति कुर्क की है। आरोप है कि इस संपत्ति का इस्तेमाल लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने और आपत्तिजनक सामग्री छिपाने के लिए किया गया। एनआईए के मुताबिक, छह अप्रैल को तलाशी के दौरान अबू हुरैरा और खुबैब नाम के दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी का पता चला था। तलाशी में संदिग्ध विस्फोटक सामग्री और डिजिटल उपकरण भी मिले थे। एजेंसी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच कर रही है।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कानूनी जंग

- विपक्ष के 11 नेताओं ने एससी में दाखिल की याचिका
- पहली बार विपक्षी नेताओं का सुप्रीम कोर्ट तक मार्च
- खुली गाड़ी में राहुल, प्रियंका, अखिलेश सावर
- एसआईआर: नाम हटाने में गड़बड़ियों का आरोप

सोमवार को उच्चतम न्यायालय के लिए मार्च निकालता विपक्षी दल। मार्च में शामिल नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, नेहा बोरा व अन्य।

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।

मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों ने सोमवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस समेत 10 विपक्षी दलों के नेताओं ने बाराखंबा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला। यह पहली बार है जब विपक्ष के नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया है।

विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। इस बीच राहुल गांधी समेत 11 अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ अन्य चुनाव आयुक्तों को भी पक्षकार बनाया गया है। विपक्ष ने एसआईआर में कथित अनियमितताओं की जांच और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है।

याचिका में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के संजय राउत, माकपा के एमए बेबी, भाकपा के डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर शामिल हैं। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। इन आरोपों पर अदालत का अंतिम निर्णय आना बाकी है।

राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश ने यह कहते हुए मुलाकात से इनकार किया कि संबंधित मुद्दे अदालत में पहले से विचाराधीन हैं।

उन्होंने विपक्षी नेताओं को न्यायिक प्रक्रिया के तहत याचिका दाखिल करने का विकल्प दिया था। इसके बाद विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। राहुल गांधी ने मार्च से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा से जुड़ा आंदोलन बताया।

भाजपा ने आरोप नकारे

विपक्ष के मार्च पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर चुनावी हार का दोष संवैधानिक संस्थाओं पर डालने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश को आरोपों के बजाय सबूत चाहिए।

बैरिकेडिंग कर रोका मार्च

मार्च में प्रियंका गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत कई नेता शामिल हुए। रास्ते में पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हटाया। प्रदर्शन के कारण मध्य दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई और कुछ मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश-निकास द्वार अस्थायी रूप से बंद किए गए, जिन्हें बाद में खोल दिया गया।

केरलम विस में सीईसी को हटाने का प्रस्ताव पास

केरल विधानसभा ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग से जुड़ा प्रस्ताव पारित किया है। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रस्ताव के माध्यम से राज्य ने चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। यह घटनाक्रम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच सामने आया है।

दिल्ली बनी रहेगी छावनी

विपक्षी गठबंधन इंडिया और दूसरे संगठनों के प्रदर्शनों के बीच दिल्ली में सुरक्षा के लिए तैनात करीब 20 हजार अर्धसैनिक बलों के जवान महीने भर राजधानी में रहेंगे। अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों को रोकने का फैसला आगामी त्योहारों को देखते हुए भी लिया गया है। इस दौरान बाजारों और सार्वजनिक जगहों पर भीड़ बढ़ने की आशंका है। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा इंतजाम सख्त किए गए हैं। अर्धसैनिक बलों के अलावा दिल्ली पुलिस के हजारों जवान भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं।

यह मेरा मुद्दा नहीं, मैं नहीं बोलूंगा: सीजेआई

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों और इसके चलते लगाई गई पाबंदियों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह मेरा मुद्दा नहीं है। प्रधान न्यायाधीश विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रदर्शनों और आवाजाही पर पाबंदियों के बारे में पूछे जाने पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह मेरा मुद्दा नहीं है। उच्चतम न्यायालय तक विपक्ष के मार्च के बारे में पूछे जाने पर सीजेआई ने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

खामोश हुआ जंतर-मंतर

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अब धरना-प्रदर्शन आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। केंद्र सरकार ने इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है। करीब 33 साल से विरोध-प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र रहे जंतर-मंतर की जगह अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान में प्रदर्शन आयोजित किए जा सकेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से गठित समिति की सिफारिशों के बाद यह बदलाव किया गया है। नौ अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदर्शन के लिए ऐसे वैकल्पिक स्थल तलाशने की जरूरत बताई थी, जहां पानी, शौचालय और चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों।
जंतर-मंतर पर अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक कई बड़े आंदोलन हुए हैं। हाल ही में कॉकरोच जनता पार्टी ने भी यहां धरना दिया था। हालांकि, सरकार ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की है।
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगी थी। दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया।
सीजेपी ने अनुमति नहीं मिलने पर कहा है कि अब पूरा देश जंतर-मंतर होगा। इससे पहले पार्टी ने 20 जून से 25 जुलाई तक नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर प्रदर्शन किया था।

कांग्रेस को नेतृत्व बदलना चाहिए: योगी

- 9.18 लाख किसानों के खातों में 493 करोड़ हस्तांतरित
- बोले- समाजवादी पार्टी को किसानों का श्राप ले डूबा

समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।

सोमवार को गोरखपुर में किसानों को मुआवजे की राशि स्थानांतरित करने के बाद बच्चे का अन्नप्राशन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए नेतृत्व बदलने की सलाह दी। सोमवार को गोरखपुर में कृषि निवेश अनुदान वितरण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिस नेतृत्व पर जनता का विश्वास नहीं रह गया है, उसे बदलने की आवश्यकता है। कांग्रेस अराजकता फैलाने से बाज नहीं आई, तो जनता उसका बचा-खुचा राजनीतिक अस्तित्व भी समाप्त कर देगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 9 लाख 18 हजार 91 किसानों के खातों में 493 करोड़ रुपए की राहत राशि अंतरित की। यह धनराशि बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दी गई है। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने वर्ष 2014 में आए हुदहुद चक्रवात का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों की मदद के लिए 3,200 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन किसानों को केवल 800 करोड़ रुपए ही मिले। किसानों का श्राप सपा को ले डूबा और उसकी सरकार चली गई।

सपा और शिक्षा नदी के दो छोर

शिक्षक मतदाता संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर उसके शासनकाल के दौरान शिक्षा व्यवस्था की चौपट करने का तंज कसते हुए कहा कि सपा और शिक्षा नदी के दो छोर हैं, जो कभी मिलते नहीं हैं। समाजवादी पार्टी शिक्षा की धुर विरोधी है और जो शिक्षा का विरोधी होगा वह शिक्षक का हितैषी कभी नहीं हो सकता है। उन्होंने पीडीए के नारे का वास्तविक अर्थ 'परिवार डेवलपमेंट ऑथोरिटी' और 'पराया धन अपना' बताते हुए कहा कि यह राज्यसभा के चुनाव में भी साबित हुआ। एक प्रत्याशी परिवार डेवलपमेंट ऑथोरिटी से उनके चचा जान बने, तो दूसरे पराया धन अपना फॉर्मूले से मुंबई के एक धन्नासेठ।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं पांच फरवरी से

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2027 की डेट शीट आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। कार्यक्रम के मुताबिक 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी 2027 से शुरू होकर 24 फरवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी।
बोर्ड की ओर से कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी बोर्ड पूरा परीक्षा कार्यक्रम 20 दिन में ही संपन्न कराने की तैयारी में है। इससे पहले चुनाव आयोग कई बार बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव करवा चुका है।
चुनावी वर्ष में परीक्षाओं का कार्यक्रम तय करने के लिए चुनाव आयोग की अनुमति लेनी भी अपेक्षित होती है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

छह राज्यों में बदले राज्यपाल, दुष्यंत गौतम को सिक्किम की कमान

- ओम प्रकाश माथुर केरल व सुधा यादव कर्नाटक की राज्यपाल बनीं

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को छह राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की। इसके तहत ओम प्रकाश माथुर को केरल, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु, ब्रज मोहन राम को ओडिशा, डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक, डॉ. ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड और दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

नियुक्तियां संबंधित व्यक्तियों के कार्यभार संभालने के बाद प्रभावी होंगी। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर पहले केरल के राज्यपाल थे। मार्च में आरएन रवि को पश्चिम बंगाल भेजे जाने के बाद वह तमिलनाडु का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। अब उन्हें नियमित राज्यपाल बनाया गया है। ओम प्रकाश माथुर जुलाई 2024 से सिक्किम के राज्यपाल थे। भाजपा संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहे माथुर राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। नए राज्यपालों के पदभार संभालने तक मौजूदा राज्यपाल कार्यरत रहेंगे।

बारूदी सुरंग विस्फोट में लश्कर कमांडर समेत चार आतंकी ढेर

- नियंत्रण रेखा के कृष्णा घाटी सेक्टर में घटना सेना ने बढ़ाई निगरानी

एजेंसी, जम्मू।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सोमवार को घुसपैठ की कोशिश कर रहे चार पाकिस्तानी आतंकवादी बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से मारे गए।

मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर मुहम्मद फैजान भी शामिल बताया गया है। अन्य आतंकियों की पहचान मुहम्मद इश्तियाक, मुहम्मद वकास और मुहम्मद आसिम के रूप में हुई है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, घटना कृष्णा घाटी सेक्टर के सतवाल-नकी इलाके में हुई। चारों आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की हजीरा तहसील के मंडला और मदारपुर के निवासी बताए गए हैं। हालांकि, घटना की परिस्थितियों और आतंकियों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि के लिए संबंधित एजेंसियों की जानकारी महत्वपूर्ण होगी।

मुआवजा दिए बिना कब्जा लेने पहुंचा प्रशासन, भड़के किसान

देवरिया। शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए बन रहे बाईपास के लिए जमीन पर कब्जे को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच विवाद हो गया। रविवार को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बरारी गांव में बिना मुआवजा दिए जमीन पर कब्जा लेने पहुंची प्रशासन की टीम को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों ने हंगामा करते हुए पहले मुआवजा देने की मांग उठाई। विरोध के बाद प्रशासनिक टीम को वापस लौटना पड़ा। देवरिया बाईपास को वर्ष 2023 में मंजूरी मिली थी और उसी साल भूमि पूजन हुआ था। परियोजना के लिए किसानों को कुल 480 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाना है।

सऊदी अरब पर 10 साल में सबसे बड़ा हमला

रियाद/नई दिल्ली।

- रियाद एयरपोर्ट पर मिसाइलें दागीं
- हमले में भारतीय समेत 13 लोगों की मौत

यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों से सऊदी अरब में तनाव बढ़ गया है। 10 अक्टूबर को रियाद एयरपोर्ट पर हुए मिसाइल हमले में एक भारतीय समेत 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 300 से अधिक लोग घायल हुए। इसे पिछले एक दशक में सऊदी अरब पर सबसे बड़े हमलों में से एक बताया गया है। हमले के बाद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन रोक दिया गया। अगले दिन घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले टर्मिनलों को भी निशाना बनाए जाने की खबर सामने आई।

रियाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद कई अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों ने सऊदी अरब के लिए अपनी उड़ानें रोक दीं। इनमें एयर इंडिया, फ्लाईदुबई, लुफ्थांसा समूह और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस शामिल हैं। हमलों के कारण यात्रियों की आवाजाही और विमान सेवाओं पर असर पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 11 अक्टूबर की रात एयरपोर्ट के घरेलू टर्मिनलों के पास विस्फोट हुआ। एक गोला रनवे पर खड़े विमानों के नजदीक गिरा, जिसके बाद आग लगने की सूचना मिली। हूती विद्रोहियों ने आगे भी सऊदी अरब के हवाई अड्डों को निशाना बनाने की चेतावनी दी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने रियाद एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले की निंदा करते हुए कहा कि आम नागरिकों और उनके इस्तेमाल वाले स्थानों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है।

बेड़ियां पहनकर धरने पर बैठे दिव्यांग शिक्षक आमरण अनशन शुरू

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात दिव्यांग शिक्षकों ने अंतरजनपदीय तबादला सूची जारी नहीं होने के विरोध में सोमवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दिव्यांग महागठबंधन उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षकों ने हाथ-पैरों में बेड़ियां पहनकर और तिरंगा लेकर विरोध जताया।
संगठन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार आमरण अनशन पर बैठ गए। संगठन ने कहा कि दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित और दिव्यांग दंपति शिक्षकों की तबादला सूची जारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

- आर्थिक उतार-चढ़ाव और स्थिरता पर शोध के लिए सम्मान

एजेंसी, स्टॉकहोम।

अमेरिकी अर्थशास्त्री रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को वर्ष 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल मेमोरियल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

दोनों को व्यापक आर्थिक स्थिरता की सूक्ष्म आर्थिक नींव पर शोध के लिए सम्मानित किया गया है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। दोनों अर्थशास्त्रियों को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। अकादमी के अनुसार, दोनों का शोध अर्थव्यवस्था में आने वाले उतार-चढ़ाव को समझने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए उपयोगी साबित हुआ है। इससे सरकारों और केंद्रीय बैंकों को आर्थिक संकट, ऊर्जा की कीमतों में बदलाव तथा परिवारों के खर्च में अचानक होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटने की बेहतर रणनीति बनाने में मदद मिलती है।

महंगाई मार गई — सितंबर में महंगाई दर अगस्त के 4.83% से बढ़कर 5.54% हुई, ग्रामीण क्षेत्रों में 6.08% तक पहुंची दर

सब्जियों के दाम और ग्रामीण महंगाई ने बिगाड़ा बजट

संकेत ठीक नहीं

- लगातार चौथे महीने चार प्रतिशत से ऊपर महंगाई
- आरबीआई ने बढ़ाया वित्त वर्ष 2026-27 का अनुमान

एजेंसी, नई दिल्ली।

खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सितंबर 2026 में देश की खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अगस्त में यह 4.83 प्रतिशत थी। जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई का दबाव ज्यादा रहा। यहां खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.08 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 4.88 प्रतिशत दर्ज की गई। महंगाई में इस बढ़ोतरी से आम परिवारों के खर्च पर दबाव बढ़ने की आशंका है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, जून में खुदरा महंगाई 4.38 प्रतिशत और जुलाई में 4.45 प्रतिशत रही थी। अगस्त में यह बढ़कर 4.83 प्रतिशत हो गई और सितंबर में इसमें और तेजी आई। सितंबर की महंगाई दर अर्थशास्त्रियों के 5.40 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक रही। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, रुपए में कमजोरी और कृषि उत्पादन को लेकर अनिश्चितता ने भी महंगाई का दबाव बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर अगस्त के 5.24 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 6.08 प्रतिशत हो गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 4.88 प्रतिशत पर पहुंच गई। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर अधिक निर्भरता के कारण कीमतों में उछाल का असर ज्यादा महसूस हो सकता है। कम बारिश, मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों और कृषि पैदावार में संभावित गिरावट की आशंकाओं ने भी खाद्य कीमतों को लेकर चिंता बढ़ाई है। सब्जियों के दाम बढ़ने से घरेलू खर्च का संतुलन बिगड़ रहा है। महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सात अक्टूबर को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया।

अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 184 जोड़ों का हुआ विवाह, विधायक दिनेश रावत ने दिया आशीर्वाद

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुआ वैवाहिक कार्यक्रम
- जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा सरकारी योजना का लाभ

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।

विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के अंतर्गत पावन अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक दिनेश रावत ने शामिल होकर 184 नवविवाहित जोड़ों को सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में विवाह के पवित्र बंधन में बंधे जोड़ों और उनके परिजनों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देने के साथ ही उन्हें सम्मानपूर्वक नई जिंदगी की शुरुआत करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव किसी बेटी के विवाह और उसके सपनों के आड़े न आए। सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों की जिम्मेदारियों को साझा करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सहायता राशि को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने के निर्णय को भी जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी, महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, संजय रावत, रवि शर्मा, अतुल गोस्वामी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ एवं त्रिवेदीगंज सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नवविवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित रहे।

पति से विवाद के बाद विवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान

- गांव में मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।

कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के भूलभूलिया का पुरवा गांव में सोमवार देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद एक विवाहिता ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, पूरे भूलभूलिया मजरे दतौली चंदा निवासी सत्य प्रकाश टैक्सी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। करीब डेढ़ वर्ष पहले उसका लोनीकटरा क्षेत्र की रहने वाली किरन देवी से प्रेम संबंध हुआ था। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से प्रेम विवाह कर लिया था और साथ रह रहे थे।

परिजनों के अनुसार, सोमवार देर रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया।

इसके बाद सत्य प्रकाश घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर उसने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था।

काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ दिया गया। अंदर किरन देवी का शव फंदे से लटकता देख परिजन स्तब्ध रह गए। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटकता मिला

सिद्धौर बाराबंकी। असन्द्रा कोतवाली क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मकान के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला।सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया चांद गांव निवासी अश्वनी यादव उर्फ रोहित 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय प्रेमचंद का शव बीती रात मकान के अंदर स्थित एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला।यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया।स्वजनों के चीखने पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। इसी बीच सूचना पाकर असन्द्रा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आवश्यक पूछताछ के बाद शव अपने कब्जे में ले लिया।मृतक की करीब पांच वर्ष पूर्व टेंडवा पश्चिम गांव से शादी हुई थी। जिसके अभी तक कोई संतान नहीं है। चर्चा है कि दो दिनों पूर्व मृतक से हुए विवाद के बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी।रात में घटना की सूचना मिलने पर वह मायके के लोगों के साथ गांव आई।प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

मुकुट पूजन के साथ रामलीला शुरू, आज से होगा मंचन

बलरामपुर। श्री सत्य प्रचारिणी रामलीला समिति की ओर से रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ। पंडित मनीष पांडेय ने गणेश पूजन के साथ भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान के मुकुट का विधि-विधान से पूजन कराया। समिति अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार से रामलीला मैदान में प्रतिदिन रात 8:30 बजे से मंचन होगा। लखीमपुर खीरी के न्यू आदर्श विजय रामलीला मंडल के कलाकार रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन करेंगे। पहले दिन सती मोह, रावण जन्म और सीता जन्म के प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और भगवान राम के आदर्शों से परिचित कराना है। मुकुट पूजन के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, डॉ. तुलसीश दुबे, रामप्यारे कश्यप, राधेश्याम मिश्रा, विजय कश्यप, अम्बरीष शुक्ला, जय प्रकाश, भानु तिवारी, रजत प्रकाश और निशांत चौहान सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कंन्छर में जी राम जी श्रमिक सृजन दिवस पर विशेष अभियान

विशेश्वरगंज। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में जी राम जी श्रमिक सृजन दिवस के विशेष अभियान के तहत ग्राम पंचायत कन्छर में स्वच्छता और श्रमिक सम्मान की अनूठी पहल की गई। ग्राम सचिव अनुराधा चौरसिया की उपस्थिति में करीब 100 श्रमिकों ने दीनदयाल उपाध्याय पार्क में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार गिरी और ग्राम सचिव अनुराधा चौरसिया की सहभागिता रही। इस दौरान श्रमिकों के योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न केवल सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि श्रमिकों के श्रम और सम्मान को भी केंद्र में रखा। श्रमिकों के सम्मान से मजबूत होगा विकसित भारत का संकल्प। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इस पहल ने स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और श्रमिकों के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया। अभियान में श्रमिकों की सामूहिक भागीदारी ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता और विकास की राह जनसहभागिता से ही मजबूत होती है।

नदी में डूबे मासूम का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

बहराइच। झिंगहा घाट पर शुक्रवार दोपहर सरयू नदी में डूबे 11 साल के युवराज का तीसरे दिन भी पता नहीं चला है। इससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को एनडीआरएफ की टीम तलाश के लिए मौके पर पहुंची है। युवराज नगर कोतवाली क्षेत्र के वशीरगंज मोहल्ला निवासी अर्जुन बाजपेयी का बेटा है। शुक्रवार को वह दो अन्य किशोरों के साथ झिंगहा घाट गया था। दोपहर करीब दो बजे नदी में उतरने के बाद वह गहरे पानी में डूब गया। उसके साथियों ने परिवार को जानकारी दी। नदी में डूबने की खबर से परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवराज की तलाश शुरू की, पर वह नहीं मिला। शनिवार और रविवार को एसडीआरएफ की टीम ने भी नदी में तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को वाराणसी से एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी की टीम जिले में पहुंची है, जिसके बाद उसकी तलाश जारी है।

दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

बहराइच। दुर्गा पूजा और दशहरा को शांति से निपटाने के लिए प्रशासन अलर्ट है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रविवार रात आठ बजे महराजगंज कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया। इस गश्त में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी पवन कुमार भी शामिल थे। अधिकारियों ने संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा जांची और त्योहारों के लिए खास सतर्कता बरतने को कहा। छ्ररू और स्क्क ने पुलिस को लगातार गश्त, निगरानी और संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने साफ किया कि त्योहारों पर शांति और लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता है।बता दें कि दो साल पहले महराजगंज बाजार में प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों में विवाद हुआ था। इसमें रामगोपाल मिश्र नाम के युवक की हत्या हो गई थी, जिसके बाद इलाके में हिंसा हुई थी।

बाढ़ व अतिवृष्टि से प्रभावित 16 हजार किसानों को 5.40 करोड़ की राहत

राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने रामसनेहीघाट व सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के किसानों को बांटी क्षतिपूर्ति राशि, बोले- संकट में किसानों के साथ खड़ी है सरकार

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।

अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों, मकानों और पशुओं को हुए नुकसान के बाद प्रभावित किसानों को राहत देने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय के साथ रामसनेहीघाट और सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के 16 हजार किसानों को कुल 5 करोड़ 40 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की। सहायता राशि मिलने से आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद है।

इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। प्राकृतिक आपदा के समय किसानों की मदद करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ से जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं और जिन परिवारों के मकानों व पशुओं को नुकसान पहुंचा है, उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, ताकि मुश्किल समय में उन्हें सहारा मिल सके।

रामसनेहीघाट तहसील में आपदा से हुए नुकसान का सत्यापन करने और प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी बृजेंद्र उपाध्याय, तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय और नायब तहसीलदार उमेश प्रसाद द्विवेदी की निगरानी में क्षति के आकलन और राहत संबंधी कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। शासन के निर्देशों के अनुरूप पात्र प्रभावित किसानों तक क्षतिपूर्ति राशि पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री रूपेश प्रताप सिंह लकी, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, महामंत्री दीपक वर्मा और आशीष मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता तथा तहसील क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

एमपीयू नेपाल सीमा के गांवों के विद्यालयों को देगा शैक्षणिक सहयोग

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत विज्ञान में नारी विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो. अनुपम कौशिक शर्मा ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और आर्थिक मामलों की समझ विकसित करने की सीख दी। प्रो. शर्मा ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ स्पष्ट लक्ष्य, आत्मविश्वास और वित्तीय समझ भी जरूरी है। छात्राओं को तय करना चाहिए कि वे अपनी शिक्षा के माध्यम से जीवन में क्या हासिल करना चाहती हैं। उन्होंने विज्ञान और उच्च शिक्षा में महिलाओं की कम भागीदारी पर चिंता जताते हुए कहा कि बालिकाओं में शुरुआत से ही आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित करने की जरूरत है। उन्होंने छात्राओं से समाज के विकास में योगदान देने और अपने कार्य को पूरी लगन से करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सेवाभाव विकसित करना भी है। उन्होंने घोषणा की कि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय नेपाल सीमा से सटे गांवों के विद्यालयों को अपने संसाधनों से शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराएगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। प्रो. सिंह ने भारतीय संस्कृति में नारी के महत्व का उल्लेख करते हुए भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप को स्त्री-पुरुष की समानता और पूरकता का प्रतीक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कठिन परिस्थितियों में भी पढ़ाई जारी रखने और शिक्षा के माध्यम से समाज व देश के विकास में योगदान देने की अपील की।

किसानों को मुआवजा की धनराशि वितरित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।

सिरौलीगौसपुर तहसील के पारिजात सभागार में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में आंधी-तूफान से फसल खराब होने वाले किसानो को मुआवजे के डमी चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने की। नगर पंचायत टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार वीर बहादुर सिंह आदि किसानो को चेक वितरित किए। चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने प्रतीकात्मक तौर पर 5 किसानो को डमी चेक दिए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार रावत, हरिकेश गुप्ता, सत्यम गुप्ता, राजकुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा पुजारी, पूर्व प्रधान, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, प्रेमचंद्र, शुभेंद्र अवस्थी, महेंद्र जायसवाल, राम आशीष शर्मा समेत कई किसान मौजूद रहे।

प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान का 16500 किसानों को दिया गया मुआवजा : साकेन्द्र

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर बाराबंकी।

प्राकृतिक आपदा से हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के 16,500 प्रभावित किसानो को कुल चार करोड़ 64 लाख रुपये की फसल क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से प्रदेश के प्रभावित किसानो के बैंक खातों में यह धनराशि ट्रांसफर की।विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार किसानों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।उन्होंने बताया कि इस सहायता राशि से किसानों को राहत मिलेगी और उन्हें नुकसान से उबरने में मदद मिलेगी। विधायक ने कम समय में सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी जताया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह,तहसीलदार वैशाली अहलावत, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता और क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। अधिकारियो और जनप्रतिनिधियो ने इस कदम को प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारो के लिए राहत भरा बताया।

महिलाओं की टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

- अटल भवन से निकाला पैदल मार्च
- अंबेडकर तिराहे पर लगाया जाम

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

महिलाओं पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय अटल भवन से पैदल मार्च निकालकर महिला कार्यकर्ता अंबेडकर तिराहे पर पहुंचीं और नारेबाजी कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर जाम लगने से आवागमन बाधित रहा।

प्रदर्शन का नेतृत्व उतरौला नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह 'पिंकी' और वंदना पासवान ने किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद की कथित टिप्पणियों पर नाराजगी जताते हुए महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान का मुद्दा उठाया। उन्होंने संबंधित नेताओं से अपने बयानों पर जवाब देने की मांग की।

सविता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सभ्य समाज की पहचान है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपनी भाषा और आचरण की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आवाज उठाता रहेगा।

आद्या सिंह 'पिंकी' ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता साबित कर रही हैं।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में मुद्दों की जंग, अजय सिंह ने दलों की सियासत पर उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में सियासी मुकाबले के बीच शिक्षक हितों का सवाल फिर केंद्र में आ गया है। पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी अजय सिंह ने अम्बेडकरनगर में प्रेसवार्ता कर पुरानी पेंशन बहाली, सरकारी स्कूलों के बंद होने और शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार तथा राजनीतिक दलों की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षक एमएलसी का चुनाव दलगत राजनीति के बजाय शिक्षकों के मुद्दों पर होना चाहिए।

अजय सिंह की प्रेसवार्ता ने चुनावी बहस के सामने सवालों की एक पूरी फेहरिस्त रख दी है। पुरानी पेंशन बहाली पर प्रत्याशियों का स्पष्ट रुख क्या है? सरकारी स्कूलों के बंद होने और शिक्षा व्यवस्था में बदलाव को लेकर उनकी नीति क्या है? शिक्षक हितों की पैरवी करने वाले नेता अपने दावों को अमल में लाने के लिए क्या ठोस कार्ययोजना रखते हैं? और सबसे अहम, चुनाव जीतने के बाद शिक्षक प्रतिनिधि अपने मतदाताओं के प्रति जवाबदेह कैसे रहेंगे?

ये सवाल इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्याशियों की राजनीतिक पहचान के साथ उनके मुद्दों और कार्ययोजना की भी परीक्षा होती है। भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी, सपा के संजय त्रिपाठी और निर्दलीय अजय सिंह के बीच चुनावी मुकाबले में पेंशन, सेवा संबंधी समस्याएं और सरकारी शिक्षा व्यवस्था का भविष्य चर्चा के प्रमुख विषय हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 215842617 में मेरा नाम मुहर सिंह पुत्र राय सिंह अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में छोटेलाल पुत्र राम सिंह अंकित है। यह दोनों नाम मेरे और मेरे पिताजी के हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में छोटेलाल पुत्र राम सिंह अंकित किया जाए।

मुहर सिंह उर्फ छोटेलाल पुत्र राय सिंह उर्फ राम सिंह ग्राम नगरिया सिहानी पोस्ट आलमपुर फतेहपुर जिला-अलीगढ़-मो. 8006056100

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के खातों में भेजे 493 करोड़ रुपये

- बलरामपुर के किसानों को फसल क्षति अनुदान वितरित
- कलेक्ट्रेट सहित तीनों तहसीलों में हुआ सजीव प्रसारण

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति झेलने वाले किसानों को आर्थिक राहत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर से प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों को 493 करोड़ रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि का सीधे बैंक खातों में अंतरण किया। इस कार्यक्रम का बलरामपुर कलेक्ट्रेट सभागार सहित सदर, तुलसीपुर और उतरौला तहसीलों में सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान अधिकारियों और किसानों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन और सदर विधायक पल्टूराम के प्रतिनिधि ने फसल क्षति से प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान के स्वीकृति पत्र वितरित किए। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए शासन की ओर से दी जा रही आर्थिक सहायता की जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को हुए नुकसान का राजस्व एवं कृषि विभाग के माध्यम से नियमानुसार आकलन कराया जाता है। पात्र किसानों को शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल क्षति से जुड़े मामलों का सत्यापन और आवश्यक अभिलेखीय कार्यवाही समय से पूरी की जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सीधे बैंक खातों में धनराशि भेजने से सहायता वितरण में पारदर्शिता बनी रहती है और किसानों को समय से राहत मिलती है। जनपद की तीनों तहसीलों में भी आयोजित कार्यक्रमों में संबंधित उपजिलाधिकारियों, राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना और आगामी कृषि कार्यों में सहायता उपलब्ध कराना है।

2,712 किसानों को 95 लाख की राहत

बलरामपुर। अतिवृष्टि और प्रतिकूल मौसम से फसलों को हुए नुकसान के बाद जनपद के प्रभावित किसानों को राहत देने की पहल की गई है। इसके तहत 2,712 किसानों को लगभग 95 लाख रुपये की फसल क्षति मुआवजा राशि वितरित की जा रही है। जिला प्रशासन ने फसल क्षति का आकलन कर पात्र किसानों को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है। मुआवजा राशि मिलने से प्रभावित किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी और वे आगामी कृषि कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता फरीद अहमद के नाम से एलआईसी में बीमा पॉलिसी संख्या 217001357 थी जिसमें नॉमिनी का नाम कुमारी सानिया अंकित था। जो मेरे घर का पुकारू नाम था। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में नुसरत जहां पुत्री फरीद अहमद अंकित है यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी में नॉमिनी का नाम नुसरत जहां अंकित किया जाए।

कुमारी सानिया उर्फ नुसरत जहां पुत्री फरीद अहमद ग्राम सराय जरवल कस्बा निकट पुलिस चौकी, बहराइच मो. 9555842384

जीआईएस मैपिंग से तैयार फैजुल्लागंज सफाई प्लान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

फैजुल्लागंज में बाढ़ के बाद गंदगी, कीचड़ और साफ-सफाई की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम ने जीआईएस मैपिंग आधारित जोनल प्लान तैयार किया है।

पूरे क्षेत्र को पांच बड़े सेक्टरों में बांटकर उनके अंतर्गत 16 सब-सेक्टर बनाए गए हैं। जीआईएस के आधार पर सभी सेक्टरों का नक्शा तैयार कराया गया है, ताकि गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक सफाई, जलनिकासी और स्वास्थ्य सुरक्षा के कार्यों को व्यवस्थित तरीके से कराया जा सके।

- अभियान के लिए 970 सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई
- 40 पानी के टैंकर से प्रभावित इलाकों में पानी पहुंचाने की रूपरेखा तैयार

अभियान के लिए 970 सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई है। साथ ही 40 पानी के टैंकरों से प्रभावित इलाकों में पानी पहुंचाने की रूपरेखा भी तैयार की गई है। जोन तीन अलीगंज में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त तथा जोनल अधिकारी अजीत राय ने जिम्मेदारों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की।

सफाई अभियान में जिम्मेदारी तय करने के लिए सेक्टरवार अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक बड़े सेक्टर में एक वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। उनके ऊपर जोनल अधिकारी निगरानी करेंगे, जबकि पूरे अभियान की निगरानी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता करेंगे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन-3 के जोनल कार्यालय में समीक्षा बैठक कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। जोन-3 और जोन-6 के प्रभावित इलाकों में जलस्तर घटने के साथ सफाई, डीसिल्टिंग और जलनिकासी के काम तेज किए जाएंगे। प्रत्येक गली के लिए सुपरवाइजर और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य और जलकल विभाग के कर्मचारियों के बीच समन्वय बनाकर काम कराने की व्यवस्था की गई है। जिन इलाकों से बाढ़ का पानी उतर चुका है, वहां मड पंप लगाकर डीसिल्टिंग कराई जाएगी। सड़कों, गलियों और नालियों में जमा मिट्टी, कीचड़ और गंदगी हटाने को प्राथमिकता दी जाएगी। जलस्तर कम होने के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई अभियान आगे बढ़ेगा। बड़े पैमाने पर काम पूरा कराने के लिए नगर निगम के दूसरे जोनों से भी अतिरिक्त मानवबल जुटाया जा रहा है। एलएसए और एलएसजी से कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं।

जोन-3 के जोनल अधिकारी अजीत राय को भी अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सुपरिटेंडेंट, इंजीनियर और अन्य अधिकारियों को भी जोनवार व्यवस्था में लगाया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी गली या इलाके में सफाई की जिम्मेदारी अस्पष्ट न रहे और शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जा सके।

शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव: ब्रजेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित 'शैक्षिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला है। शिक्षकों का समर्पण, विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता ही एक सशक्त, संस्कारित एवं विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास और बेहतर समाज की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में जागरूकता, सकारात्मक सोच और विकास की भावना को मजबूत किया जा सकता है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित अवसर और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा शिक्षकों के योगदान को सम्मान देना विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

श्री पाठक ने कहा कि शिक्षकों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समाज को प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और जिम्मेदारी का भाव पैदा करते हैं। कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त, भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विजय सोनी व विजय कुमार भुर्जी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी चिंतक एवं महान विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉ. लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए व्यतीत हुआ। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने तथा प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए आजीवन प्रयास किया।

यूपी के सभी जिलों में खुलेंगे पंचगव्य के विक्रय केन्द्र

- गोपालकों, किसानों को उत्पादों की बिक्री के लिए मिलेगा नया माध्यम
- गो आधारित कच्चे माल से पर्यावरण-अनुकूल वस्तुएं भी तैयार की जाएंगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में गो आधारित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और इनसे जुड़े रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में प्रदेश के सभी 75 जिलों में आउटलेट खोलने की योजना है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से गोपालकों, किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए नया माध्यम मिलेगा। इससे पशुपालन को केवल दूध उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय गोवंश से प्राप्त अन्य उपयोगी उत्पादों के व्यावसायिक इस्तेमाल की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर से अलग-अलग श्रेणियों के उत्पाद तैयार कर उसे आउटलेट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। डेयरी उत्पादों के अलावा गोबर से जैविक खाद, हवन सामग्री, धूपबत्ती, अगरबत्ती, दीये, गोबर से गमले और सजावटी वस्तुएं भी तैयार की जाएंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप गो आधारित पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं के निर्माण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे उत्पादों के लिए व्यवस्थित बाजार विकसित होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और बिक्री से जुड़े छोटे उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

पूजा सामग्री से घरेलू उपयोग की वस्तुओं तक विविधता

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने सोमवार को बताया कि गो आधारित उत्पादों को व्यापक श्रेणियों में आउटलेट पर रखा जाएगा। पूजा-पाठ से संबंधित सामग्री में गोबर के उपले, हवन कप, धूपबत्ती, अगरबत्ती और दीये समेत तमाम उत्पाद शामिल किए जाएंगे। घरेलू उपयोग के लिए गोबर के गमले, सजावटी वस्तुएं और हस्तशिल्प तैयार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त गो आधारित कच्चे माल से पर्यावरण-अनुकूल वस्तुएं भी तैयार की जाएंगी। पंचगव्य आधारित दैनिक आवश्यकताओं के उत्पाद भी बनाए जाएंगे। सभी जिलों में आउटलेट खोलने की योजना के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में तैयार होने वाले उत्पादों को एक बाजार से जोड़ने की व्यवस्था स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा देगी।

जनता की सेवा मेरे लिए पूजा के समान: केशव

- जनता दरबार में सुनीं फरियादियों की समस्याएं
- अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सात, कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर और लिखित रूप से बात कर पात्र लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जनता की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध हूं। जनता की समस्या का समाधान करना मेरे लिए पूजा करने के समान है। उन्होंने अधिकारियों से जन शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने को कहा।

जनता दरबार में सीतापुर के दिव्यांग कमलदीप ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी सीतापुर को लिखित और मौखिक निर्देश देकर उन्हें तत्काल ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने को कहा।

सपा ने सुशील को लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव का बनाया प्रभारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह के चुनाव प्रचार और अन्य कार्यों में सहयोग के लिए सुशील दीक्षित को लखनऊ जनपद का चुनाव प्रभारी नामित किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सुशील दीक्षित पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। उन्हें लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी कांति सिंह के सहयोग के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

खबरें एक नजर में

नौवीं की छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी पर केस दर्ज

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में 14 वर्षीय कक्षा नौ की छात्रा को बहलाकर होटल ले जाने और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने डुडौली निवासी अमित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा की आरोपी से 15 अगस्त को मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। आरोप है कि एक अक्टूबर को आरोपी छात्रा को गौरभीट मोड़ से अपने साथ ले गया। उसने चाय और पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और कमता स्थित एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपी पर छात्रा की अश्लील फोटो और वीडियो बनाने तथा उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप है। तबीयत बिगड़ने पर छात्रा ने मां को आपबीती बताई। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आईटीआई में पांचवें चरण के प्रवेश शुरू

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर पांचवें चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। चौथे चरण के बाद बची सीटों के लिए पूर्व पंजीकृत और नए अभ्यर्थियों की मेरिट सूची संबंधित संस्थानों को उपलब्ध करा दी गई है। विशेष सचिव एवं एससीवीटी के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह के मुताबिक, अभ्यर्थी www.scvtup.in पर 'पंचम चरण के लिए रैंक' लिंक से रैंक कार्ड प्राप्त कर उसका प्रिंट निकालें। हस्ताक्षर करने के बाद 13 से 15 अक्टूबर तक संबंधित जिले के किसी राजकीय आईटीआई में जमा कराएं। पात्रता के लिए अभ्यर्थियों का स्थायी या अस्थायी पता संबंधित जिले का होना चाहिए।

डिप्टी सीएम आवास के सामने एएनएम का प्रदर्शन

लखनऊ। संविदा और आउटसोर्सिंग महिला एएनएम कर्मियों ने मांगों को लेकर सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के राजभवन कॉलोनी स्थित आवास का घेराव किया। प्रदर्शनकारी सड़क पर धरने पर बैठ गईं। आंदोलन के छठे दिन भी मांगें पूरी न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। पुलिस ने महिलाओं को सड़क से हटाकर बसों में बैठाया और ईको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारी एएनएम ने संविदा कर्मियों को नियमित करने, समान काम-समान वेतन, गृह जनपद में तैनाती, स्वास्थ्य बीमा, नियमित ईपीएफ अंशदान और कार्यस्थल पर शिकायतों के निस्तारण के लिए विशाखा समिति गठित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार को राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

डाक भारोत्तोलन प्रतियोगिता आज से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल की मेजबानी में 39वीं अखिल भारतीय डाक भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग और बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक भारतीय खेल प्राधिकरण, सरोजनी नगर में होगी। इसमें 13 डाक परिमंडलों के 157 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अजय कुमार चौहान ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रतियोगिता में भारोत्तोलन और पावर लिफ्टिंग आठ-आठ भार वर्गों में, जबकि बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता 10 भार वर्गों में होगी। मुकाबले मान्यता प्राप्त रेफरियों की देखरेख में कराए जाएंगे। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलावा आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तेलंगाना के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश की टीम में राकेश कुमार, नवाब सिंह, ललित कुमार पटेल, श्याम कुमार, प्रदीप यादव समेत 12 खिलाड़ी शामिल हैं।

गंगावतरण व फुलवारी लीला का मंचन आज



लखनऊ। श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति, डालीगंज के 147वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सोमवार को रामलीला में अहिल्या उद्धार, गंगावतरण, जनक बाजार और फुलवारी लीला का मंचन किया जाएगा। धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को कलाकार मंच पर जीवंत करेंगे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन प्रतिदिन रात्रि नौ बजे से प्रारंभ होकर मध्यरात्रि तक चलता है। रामलीला को अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से इसका सीधा प्रसारण फेसबुक पेज धर्म जिज्ञासा' पर भी किया जा रहा है। इससे वे श्रद्धालु भी रामलीला का आनंद ले सकेंगे, जो किसी कारणवश आयोजन स्थल पर नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा रामलीला का आयोजन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने और नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 147वें वार्षिकोत्सव को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह है।

लखनऊ विवि में महिलाओं के विरोध मार्च को पुलिस ने रोका

- महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

देशभर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, यौन उत्पीड़न और भेदभाव की घटनाओं के विरोध में सोमवार को शी स्पीक्स लखनऊ के बैनर तले छात्राओं, महिला कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। दिल्ली, जमुई, लेडी श्रीराम कॉलेज और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में सामने आई हालिया घटनाओं के खिलाफ आयोजित इस प्रदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा, संस्थागत जवाबदेही और सार्वजनिक जीवन में उनकी स्वतंत्रता के सवाल उठाए गए।

प्रदर्शनकारियों ने दोपहर 2 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से परिवर्तन चौक तक विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया था। हालांकि, लखनऊ पुलिस ने महिलाओं को गेट नंबर 3 से आगे मार्च करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय के गेट पर ही विरोध सभा आयोजित की और महिलाओं के खिलाफ हिंसा, संस्थागत उदासीनता तथा विरोध प्रदर्शन के लोकतांत्रिक अधिकार पर लगाई जा रही पाबंदियों के खिलाफ आवाज उठाई।

विरोध सभा को शी स्पीक्स लखनऊ की संविधा, सीमा, इशिका और वृद्धि; भगत सिंह छात्र मोर्चा की आकांक्षा आजाद; तथा अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की सरोजिनी बिष्ट और कृष्णा अधिकारी ने संबोधित किया।

कोडिंग कफ सिरप कालाबाजारी मामला

एसटीएफ जांच के घेरे में 100 और दवा फर्म

- कोडीन कफ सिरप की कालाबाजारी में 10 और तस्करों की तलाश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

एसटीएफ कोडीन कफ सिरप की अवैध सप्लाई के बहुचर्चित मामले में 100 और दवा फर्मों की जांच कर रही है, जिनका इस्तेमाल तस्करी के बड़े सिंडीकेट में किया गया था। सूत्रों के अनुसार, इनमें लगभग 50 ऐसी डमी फर्म हैं, जिन्हें मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के इशारे पर बनाया गया था।

कफ सिरप मामले में झारखंड व उत्तराखंड की फर्मों से बड़ी संख्या में कफ सिरप की सप्लाई दूसरे चरण की डमी फर्मों को की जाती थी पर वास्तव में उन्हें कोई माल भेजा नहीं जाता था। एसटीएफ व एफएसडीए की संयुक्त जांच में 200 से अधिक फर्मों की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। इनमें जांच के बाद लगभग 100 फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। एसटीएफ अगली कड़ी में सिंडीकेट में सक्रिय रहे 10 और बड़े चेहरों की तलाश भी कर रही है। एसटीएफ की जांच में मुख्य आरोपी शुभम के पिता के नाम रांची (झारखंड) में पंजीकृत कराई गई मेडिकल फर्म सैली ट्रेडर्स के जरिए कोडीन कफ सिरप की अवैध सप्लाई का बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया था। पूर्वांचल व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई दवा कंपनियों के माध्यम से तस्करी का नेटवर्क तैयार किया गया था। जांच में आरोपितों का डेढ़ वर्ष में लगभग 400 करोड़ रु. की कफ सिरप की सप्लाई का खेल पकड़ा गया था। कफ सिरप की एमआरपी से कई गुना अधिक रेट पर अवैध सप्लाई की गई थी।

15 अक्टूबर से सूबे में फिर मौसम लेगा करवट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

यूपी में मौसम अब साफ हो गया है। कई तरह के चक्रवातों के बाद अब आने वाले तीन दिनों तक मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है।

यूपी में अब मौसम कुछ दिनों के लिए स्थिर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसान 12 से लेकर 14 अक्तूबर तक किसी भी जिले में बारिश का अनुमान नहीं है। तेज और चटख धूप निकलने से तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिलेगी। हालांकि रात के तापमान में गिरावट बनी रहेगी।

इसके पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। मेरठ, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद और बरेली में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। मेरठ और शामली में ओले गिरे, जबकि बिजनौर में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलीं।

सोमवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों पर फिलहाल विराम लगने के आसार हैं। अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने और धूप निकलने से दिन के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 15 अक्तूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से पश्चिमी यूपी और पूर्वी तराई के जिलों में फिर हल्की बारिश हो सकती है।

झांसी सबसे गर्म, हरदोई बस्ती में ठंडी रात

रविवार को 35 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ झांसी प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरदोई और बस्ती में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन दोनों जिलों में प्रदेश की सबसे ठंडी रात रही।

कुकरैल नाइट सफारी में 3000 पेड़ कटने से बचेंगे

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के सर्वे में बदलाव किया गया है। इससे पहले परियोजना के लिए 4800 से अधिक पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन नए सर्वे में करीब 3000 पेड़ कटने से बच गए हैं।

डीएफओ सितांशु पांडेय के मुताबिक, कोर्ट के निर्देश पर चिड़ियाघर स्थानांतरण, दो लेन सड़क, एडवेंचर जोन और जलधाराओं से जुड़े निर्माण कार्यों में बदलाव किया गया है। वन विभाग जल्द ही अनुपालन रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगा। कोर्ट की मंजूरी के बाद संशोधित डिजाइन राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इसके बाद परियोजना के शिलान्यास की तारीख तय होगी।

एलडीए में रजिस्ट्री के लिए विशेष शिविर आज से

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। एलडीए की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए 13 से 15 अक्टूबर तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में तीन दिवसीय विशेष शिविर लगेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर आयोजित शिविर में एलडीए और निबंधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एक ही स्थान पर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराएंगे।

अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के मुताबिक, जिन आवंटियों ने संपत्ति की पूरी कीमत जमा कर दी है, उन्हें कॉल सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्री कराने की सूचना दी जा रही है। वहीं, 80 प्रतिशत या उससे अधिक भुगतान कर चुके आवंटियों को शेष धनराशि जमा कर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

तैयारी

पुराने सभी स्टेशनों का होगा कायाकल्प

पांच बस स्टेशन बनेंगे अत्याधुनिक, मिलेगी एयरपोर्ट जैसी सुविधा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ । राजधानी को नया बस स्टेशन मिलने के साथ पुराने सभी स्टेशनों का कायाकल्प होगा। परिवहन निगम अब दूसरे चरण के पांच बस स्टेशनों को प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत संवारेगा।

इस योजना के तहत जहां बस स्टेशनों पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में पांच बस स्टेशनों को स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेज दिया है।

परिवहन निगम के पीपीपी मॉडल के तहत बस स्टेशनों को विकसित करने का पूरा खर्च निजी कंपनियां उठाती हैं, जिससे सरकार या परिवहन निगम पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता है। माडल के पहले फेज में लखनऊ के विभूतिखंड, चारबाग व अमौसी सहित 23 बस स्टेशनों का विकास हो रहा है।

योजना के तहत चयनित निजी कंपनियों को बस स्टेशन का विकास करने और वहां व्यावसायिक गतिविधियां चलाने के लिए 90 वर्ष की लीज पर दिया जाता है। चयनित बस स्टेशनों को %प्रीमियम बस स्टेशन% के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां यात्रियों के लिए आधुनिक वेटिंग एरिया, क्लीन टायलेट, टिकटिंग काउंटर और डिजिटल डिस्प्ले जैसी सुविधाएं होंगी।

इसके दूसरे चरण में प्रदेशभर के 49 बस स्टेशनों को चिन्हित करके निविदा निकाली गई थी, उनमें से 13 बस स्टेशनों के लिए आवेदन हुए। टेंडर की जांच के बाद पांच बस स्टेशनों नोएडा, खुर्जा, जानकीपुरम, कैसरबाग व बुलंदशहर का विकास पीपीपी के तहत कराने पर सहमति बनी है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, ताकि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योजना पर मुहर लग सके। इससे निगम को 207.67 करोड़ रुपये कार्य शुरू होने से पहले मिलेंगे और इसके बाद वार्षिक शुल्क भी मिलता रहेगा।

बस स्टेशनों पर होंगी ये सुविधाएं

टिकट काउंटर, पूछताछ केंद्र, वातानुकूलित प्रतीक्षालय (वेटिंग हाल) और लगेज काउंटर, रेस्तरां, काफी शाप, फास्ट फूड आउटलेट, शापिंग माल और व्यावसायिक दुकानें, मल्टीप्लेक्स सिनेमा घर और होटल व लाज, मेडिकल स्टोर, पुलिस बूथ, सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, अग्निशमन व्यवस्था, बैंक, एटीएम, सार्वजनिक शौचालय, वाटर एटीएम, इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बस-वे, बस पार्किंग, टैक्सी स्टैंड, आटो-रिक्शा स्टैंड, सार्वजनिक पार्किंग, कर्मचारियों के विश्राम कक्ष, प्रशासनिक कार्यालय, क्रेच (बच्चों का पालना घर) आदि।

नवीन मंडी में विभिन्न क्रय एजेंसियों के 12 केंद्रों पर धान खरीद शुरू

मंडी के अंदर 17 तथा बाहर 12 केंद्र हुए स्वीकृत, तहसीलदार ने मंडी सचिव के सानिध्य में किया केंद्रों का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

खरीफ विपणन 2026-27 में धान की सोमवार से नवीन मंडी में सरकारी खरीद के लिए सर्व प्रथम विभिन्न क्रय एजेंसियों के 12 केंद्रों को संचालित किया गया । इस अवसर पर तहसीलदार आदेश कुमार ने केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।

यूं तो किसानों की धान उपज की खरीद के लिए हमेशा एक अक्टूबर से सरकारी खरीद के लिए केंद्रों को संचालित किया जाता था। लेकिन केंद्रों धान खरीद में नमी आड़े आने के चलते एक पखवाड़े के बाद ही सही ढंग से शुरू हो पाती थी ।

संभवतः इसी के मद्देनजर इस बार एक अक्टूबर के बजाए 12 अक्टूबर से मंडी के अंदर स्वीकृत 17 केंद्र में से 12 केंद्रों का सोमवार को संचालन शुरू कर दिया गया । स्वीकृत 17 केंद्रों में आरएफ सी के सात , नेफेड के चार , पीसीयू के तीन



, पीसीएफ, यूपीएसएस व एपीएमसी के एक - एक केंद्र शामिल हैं । जबकि मंडी के बाहर पीसीएफ के छह, यूपीएसएस के चार व पीसीयू के दो केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। सोमवार को केंद्र संचालित होने पर तहसीलदार आदेश कुमार अपरान्ह करीब डेढ़ बजे मंडी पहुंचे और मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह के सानिध्य में संचालित केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नमी मापक यंत्र, वरदान आदि की उपलब्धता का अवलोकन कर केंद्र प्रभारियों को धान खरीद में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए।

एडीएम ने रोजा मंडी के धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

किसानों की सुविधाओं का लिया जायजा, बोले- किसी भी दशा में न हो शोषण

रोजा, शाहजहांपुर। जनपद में सोमवार से 188 धान क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू हो गई। हालांकि, कई केंद्रों पर तैयारियां अभी पूरी नहीं हो सकी हैं। इसी बीच सोमवार सुबह एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने रोजा नवीन मंडी पहुंचकर धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्र प्रभारियों को किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने और किसी भी दशा में उनका शोषण न होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्ष के रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबरों के माध्यम से किसानों से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए, ताकि उन्हें धान बिक्री की प्रक्रिया की जानकारी मिल सके और खरीद में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र प्रभारी किसानों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करें, जिससे उन्हें धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। एडीएम ने शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार धान की नमी की जांच करने के बाद ही खरीद करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे को मंडी के प्रवेश द्वार पर नमी जांचने वाली मशीन लगवाने के निर्देश दिए, ताकि किसान अपने धान का नमूना लाकर पहले ही उसकी नमी की जांच करा सकें। इससे मानक के अनुरूप धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाया जा सकेगा। उन्होंने

बताया कि अभी रोजा मंडी में 12 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, 7 सेंटर और जल्द ही शुरू किये जायेगें।

आढ़तियों का धान हटवाने के निर्देश: एडीएम ने मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह को क्रय केंद्रों के बाहर आढ़तियों का रखा धान तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को अपना धान सुखाने के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी और नमी निर्धारित मानक के अनुरूप होने पर वे आसानी से उपज बेच सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान खरीद के दौरान किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सभापति रजनीकांत, डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे, मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह, मंडी इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गोदभराई की रस्म में जा रहे दो सगे भाइयों की बाइक को पिकअप ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

खुटार, शाहजहांपुर। खुटार-पूरनपुर मार्ग पर सिहुरा गांव के मोड़ के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे पिकअप और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ममेरी बहन की गोदभराई की रस्म में शामिल होने मामा के घर जा रहे थे। बंडा क्षेत्र के गांव रायटांडा निवासी सौरभ दीक्षित पुत्र सुधाकर दीक्षित (22) और अनिकेत दीक्षित पुत्र सुधाकर दीक्षित (18) बाइक से सिहुरा निवासी अपने मामा कमलेश दीक्षित के घर जा रहे थे। गांव के मोड़ के पास सामने से आई पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डायल 112 की मदद से दोनों को 108 एंबुलेंस से खुटार सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

अलग-अलग हुई दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल

धान कटाई कर लौटते समय जैतीपुर रोड पर दो मजदूर हुए घायल

तिलहर - शाहजहांपुर। धान कटाई कर लौट रहे युवकों की बाइक को ट्रैक ने टक्कर मार दी। परिणाम स्वरूप दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव रुजवारी निवासी सरला देवी पत्नी कृष्णपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका बेटा दीपक गांव मुस्तफाबाद उर्फ भुडेली निवासी साथी अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश के साथ गांव बाबू पुर नगरिया से धान कटाई कर नौ अक्टूबर की शाम करीब साढ़े अपनी मोटर साईकिल हीरो स्पीलेण्डर संख्या यूपी27 बी एक्स 7502 से लौट रहा था। जैतीपुर रोड ग्राम मुस्तफाबाद उर्फ भुडेली में ट्रक संख्या एएस 01आरसी 8463 के चालक ने मोटर साईकिल मे पीछे से टक्कर मार दी । जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। और मोटरसाईकिल क्षतिग्रस्त हो गयी । जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर शनिवार देर रात करीब 12 बजे हाईवे स्थित पावर हाउस के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मोहल्ला खलील कटरा निवासी 30 वर्षीय महावीर पुत्र प्रकाश के रूप में हुई। सूचना मिलने पर एसआई मारूफ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 1 नवम्बर को

शाहजहांपुर। जनपद न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार 1 नवम्बर 2026 को मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन स्थल अटल आडिटोरियम में किया जाएगा। नोडल अधिकारी,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह की उपस्थिति में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिले के 44 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया,जिसमें 44 विभागों की योजनाओं का चिन्हिकरण व प्रचार-प्रसार करने हेतु विभिन्न विभागों जिला विकास, खण्ड विकास, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण, शिक्षा-प्राविधिक शिक्षा, बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, कृषि एवं वानिकी, कौशल विकास, श्रम कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन, वन, राजकीय औद्योगिक एवं तकनीकी संस्थान आईटीआई, जिला प्रोबेशन आदि विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा विभागध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वह आयोजित होने वाले मेगा,वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में अधिक से अधिक लाभार्थियों को चिन्हित करे।

धान खरीदः तैयारियों का धरातल पर फीडबैक लेने पहुंचे जिला खरीद अधिकारी

- एडीएम प्रशासन ने रोजा, पुवायां व बंडा मंडी का किया निरीक्षण
- धान क्रय केंद्रों पर परखी व्यवस्थाएं, डिप्टी आरएमओ को सख्त निर्देश

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद शुरु हुई धान खरीद के पहले दिन एडीएम प्रशासन एवं जिला खरीद अधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा ने मंडियो में जाकर व्यवस्थाओं का धरातल पर जायजा लिया। उन्होंने वहां पर क्रय केंद्रों पर किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को परखा और मंडी में आने वाले धान की नमी भी चैक की।

एडीएम प्रशासन एवं जिला खरीद अधिकारी ने डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पाण्डेय को निर्देशित किया कि मंडी में आने वाले किसानों का धान सरकारी रेटों पर ही खरीदा जाए,

किसान व क्रय केंद्र के बीच बिचौलिए न हावी हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सबसे पहले एडीएम प्रशासन ने खरीद से जुड़े अधिकारियों के साथ रोजा मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने धान क्रय केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं को परखा और डिप्टी आरएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं और कमियों को तत्काल दूर कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला खरीद अधिकारी ने मंडी में मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। साथ ही किसानों से धान खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की, ताकि सरकारी केंद्रों पर उपज बेचने में दिक्कत न हो। प्रशासन की ओर से धान खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए केंद्रों की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी जा रही है। तत्पश्चात एडीएम प्रशासन पुवायां व बंडा मंडी भी पहुंचे। जहां पर उन्होंने धान खरीद को लेकर की गई, तैयारियां देखी। किसानों से बात की और खाद्य विभाग के पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराने की अपील। इस दौरान एसडीएम पुवायां व मंडी सचिव आदि मौजूद रहे।

निर्वाचक नामावली में छूटे मतदाताओं का होगा चिह्नांकनः जिलाधिकारी

- डीएम की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक
- बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं पूरक सूचियों से मिलान कराए जाने के संबंध में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग की गाइडलाइंस के अनुरूप की जाने वाली विभिन्न कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों से अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली का अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत 7 जनवरी 2025 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली एवं पूरक सूचियों से मिलान किया जाएगा।

इस प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदाताओं को चिह्नित कर बूथवार सूची तैयार की जाएगी, जिनका नाम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व की निर्वाचक नामावली में दर्ज था, लेकिन 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है। चिह्नित मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों

(बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा। सत्यापन के दौरान पात्र पाए जाने वाले व्यक्तियों का फार्म-6 भरवाकर उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने की कार्यवाही की जाएगी।

बीएलओ को एक सप्ताह में कम से कम 20 से 25 निर्वाचकों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यह कार्य लगभग एक माह में पूरा किया जा सके। बीएलओ द्वारा तैयार की जाने वाली सूची में प्रत्येक निर्वाचक की वर्तमान स्थिति का विवरण दर्ज किया जाएगा। साथ ही, जिन मतदाताओं के फार्म-6 भरवाए जाएंगे, उनका विवरण भी सूची में शामिल किया जाएगा। घर-घर भ्रमण के दौरान छूटे हुए मतदाताओं के साथ-साथ प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं का भी चिह्नांकन किया जाएगा। पात्र पाए जाने वाले ऐसे व्यक्तियों का फार्म-6 भरवाकर निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बीएलओ द्वारा तैयार की गई सूची को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ भी साझा किया जाएगा। बैठक में रात्रि आश्रयों, श्रमिक बस्तियों, बेघर व्यक्तियों तथा समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को भी निर्वाचक नामावली में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए ग्रामसभा, नगर पंचायत एवं बूथ स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे।मतदाताओं की सुविधा एवं जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों, स्थानीय जनसंपर्क, स्वीप गतिविधियों तथा प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप संचालित इस अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने राजनीतिक दलों से यह भी अपेक्षा की कि वे प्रारूप पुनरीक्षण के दौरान नियुक्त अपने बूथ लेवल एजेंटों को अभियान की प्रक्रिया एवं कार्यवाही के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने की कार्यवाही प्रभावी ढंग से संपन्न कराई जा सके।

सीता हरण का प्रसंग सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। गांव महमदपुर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण व मानस कथा में कथा व्यास रामानुजाचार्य ने सीता हरण का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। गांव में स्थापित मां दुर्गा मन्दिर प्रांगण में दूसरे दिन रामानुजाचार्य ने कथा में बताया कि पंचवटी नामक जंगल में राम अपने भाई लक्ष्मण और सीता के साथ रहकर वनवास की अवधि काट रहे थे। उसी वन में लंकापति रावण की बहन सूर्पणखा भी रहती थी जोकि

राम के रूप पर मोहित हो गई और शादी करने का दवाव बनाया मना करने पर लक्ष्मण से शादी के लिए कहा तो लक्ष्मण ने गुस्से में आकर सूर्पनखा के नाक कान काट लिए इसी बात का बदला लेने के लिए रावण ने सोने के हिरण का स्वांग रचवाकर राम और लक्ष्मण को अलग करके लंका छल से सीता का हरण करने के बाद लंका ले गया। इसके बाद राम और लक्ष्मण को सीता की खोज में भटकना और पशु, पक्षियों, पेड़ आदि से सीता के बारे में विलाप करने का प्रसंग सुनाकर कथा पंडाल में मौजूद श्रोता गण भावविभोर हो गए। इस मौके पर विश्वनाथ त्रिवेदी, श्रद्धेय मिश्रा, प्रदीप त्रिवेदी, अंकित मिश्रा, अनुज मिश्रा, श्याम भुज त्रिवेदी, वीरेश पाल, आयुष मिश्रा, राम मोहन तिवारी, आशु तिवारी, आदि का व्यवस्था में योगदान रहा।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

- अली ज्ञानदीप की छात्राओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को भावलखेड़ा क्षेत्र के रोजा में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र और मिशन शक्ति प्रभारी पूनम दहिया के

नेतृत्व में आयोजित रैली में अली ज्ञानदीप इंटर कॉलेज की बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर रोजा अड्डे तक पहुंची। इस दौरान छात्राएं हाथों में महिला सुरक्षा से संबंधित पोस्टर और जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं। छात्राओं ने रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने का संदेश दिया। बाजार क्षेत्र में भ्रमण करने के बाद रैली वापस विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान लोगों से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने की अपील की गई। साथ ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने और जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के उपायों तथा पुलिस सहायता से जुड़ी जानकारियां दी जाती हैं। ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में कॉलेज के कमल कुमार सक्सेना, सौरभ मिश्रा, विशाल सक्सेना, ब्रजेश कुमार और अरविंद प्रताप सिंह सहित महिला पुलिस कांस्टेबल मौजूद रहीं।

पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन चोटिल

तिलहर-शाहजहांपुर। पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला इमली निवासी जिशान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर करीब सवा तीन बजे वह अपने घर में लगा शहतूत का पेड़ काट रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी तुईयब, चमन नारा, तौफीक और हनीफ ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि चारों ने डंडों और ईंटों से जिशान उनके बेटे नेहाल पत्नी नसरीन और साले नाजिम को पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने जिशान की तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष के भी तीन लोग मारपीट में घायल हुए हैं।

हिंदू युवा वाहिनी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, जनसमस्याओं के समाधान की मांग

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायत पनवाड़ी सहित आसपास के गांवों में व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सिंधौली को सौंपा। संगठन ने ग्रामीणों की आठ प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई कराने की मांग की।

ज्ञापन जिला महासचिव शुभम मिश्रा बाबा एवं जिला उपाध्यक्ष प्रियंम मिश्रा के नेतृत्व में सौंपा गया। इसमें ग्राम पंचायत पनवाड़ी में खेत में नाली का पानी छोड़े जाने की समस्या, भडेरी गांव में सड़क निर्माण तथा आवारा

पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा सिंधौली से पनवाड़ी तक सड़क को गड्ढामुक्त कराने, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने, सिंधौली स्थित सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने, प्राथमिक विद्यालय में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने और मियापुर गांव में रास्ते की समस्या का समाधान कराने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को जनहित से जुड़े इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराना चाहिए। साथ ही समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिला महासचिव शुभम मिश्रा बाबा एवं जिला उपाध्यक्ष प्रियंम मिश्रा ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना संगठन की प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मुद्दों पर संगठन आगे भी आवाज उठाता रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद रहे पुनीत मिश्रा, राजन दीक्षित, पीयूष अवस्थी, आदर्श अवस्थी, अजय कुमार गुप्ता, भगवान शरण, दिनेश चन्द्र, मुनेन्द्र, सुमित यादव, अर्पित यादव, रमेंद्र यादव, निखिल यादव, सुनील कुमार सहित हिंदू युवा वाहिनी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉ. राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व-विचारों पर चर्चा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रखर समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी का आयोजनकर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व तथा विचारों पर चर्चा की।सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया जी ने मात्र तीन माह में जर्मन भाषा पर अपनी मजबूत पकड़ बनाकर अपने प्रोफेसर

जोम्बार्ट को चकित कर दिया। जर्मनी में चार साल व्यतीत करके, डा. लोहिया स्वदेश वापस लौटे और किसी सुविधापूर्ण जीवन के स्थान पर जंग-ए-आजादी के लिए अपनी जिंदगी समर्पित कर दी। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए ,जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि डा.राम मनोहर लोहिया ने सदा ही विश्व-नागरिकता का सपना देखा था। वह मानव-मात्र को किसी देश का नहीं बल्कि विश्व का नागरिक मानते थे। जनता को वह जनतंत्र का निर्णायक मानते थे।

महिला थाना से दुर्गा होटल तक ड्रेनेज पाइपलाइन कार्य में तेजी लाएं: डीएम

जिलाधिकारी बोले, अतिरिक्त मजदूर लगाकर शीघ्र कार्य पूरा कराया जाए, टाउनहाल सीएम ग्रिड रोड पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर ठेकेदार को फटकार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद में प्रमुख मार्गों पर संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने महिला थाना एवं रोडवेज बस अड्डे के सामने ड्रेनेज के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य, टाउनहाल स्थित सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क एवं नाली तथा चीनौर में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कई परियोजनाओं में कार्य की धीमी गति मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला थाना से दुर्गा होटल तक ड्रेनेज के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 1.17 लाख रुपये की लागत से संबंधित इस कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को अधिक संख्या में मजदूर लगाकर कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी के निर्देश दिए। टाउनहाल स्थित सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत लगभग 1422.38 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 28 प्रतिशत पाई गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण के लिए खुदाई किए जाने के बावजूद आवश्यक स्थानों पर साइनेज बोर्ड नहीं लगाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रभावित स्थानों पर उसी दिन साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, जिससे लोगों को निर्माण कार्य की जानकारी मिल सके और आवागमन के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। जहां भी सड़क की खुदाई अथवा निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर्याप्त संकेतक एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और ठेकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही बरते जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने चिनौर में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 25 प्रतिशत पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही निर्माण कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही कार्य की गति बढ़ाई जाए, ताकि आमजन को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए और। विकास कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

सीढ़ियों से गिरकर महिला घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

समृद्धि न्यूज, तिलहर शाहजहांपुर।

चबूतरे की सीढ़ियों से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार दोपहर ग्राम डभौरा निवासी 50 वर्षीय आमना पत्नी नूरहसन घर से बाहर निकल रही थीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह सीढ़ियों पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

एलपीजी सिलेंडर लगाकर बच्चों को स्कूल ले जाते वाहन

समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी, खीरी।

कस्बा बरवर के एक स्कूल में एलपीजी सिलेंडर से संचालित एक वैन ननिहालों की जिंदगी दांव पर लगाकर बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने को लेकर सामाजिक

▸ जिम्मेदार अधिकारियों पर उठा सवाल

व्यक्ति द्वारा आपत्ति करने पर चालक आग बबूला हो गया जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। लगातार बच्चों को स्कूल ले जाने वाले अवैध रूप से संचालित वाहनों से आए दिन दुर्घटनाओं को लेकर शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग की मिली भगत से बच्चों का जीवन दांव पर लगाया जा रहा है। बरवर में संचालित ओ पी कॉन्वेंट स्कूल की वैन में अवैध रूप से सिलेंडर लगाकर बच्चों को स्कूल ले जाने का काम धड़ल्ले से कर रही है। जिसको लेकर प्रशासन बेखबर है। यह भी बताना जरूरी है इसी विद्यालय में संचालित गाड़ियों में गैस रिफलिंग करते समय आग लग जाने से गाड़ियां जलकर राख हो गई थी। गनीमत रही उस समय बच्चे गाड़ी में सवार नहीं थे।

पांच सालों में शाहजहांपुर का पराली जलाने की घटनाओं में गिरा ग्राफ

▸ डीडी कृषि ने गिनाए पराली प्रबंधन के टिप्स किसानों से की अपील

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उत्तर प्रदेश में कभी पराली जलाने की घटनाओं में खराब प्रदर्शन में रहने वाले जनपद शाहजहांपुर अब कृषि विभाग की जन जागरूकता से पराली जलाने की घटनाओं के आंकड़ों में कमी आई है। जिला प्रशासन द्वारा पराली न जले, इसके लिए जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को लगातार निगरानी कराई जा रही है और किसानों को पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारियों कहना है कि पराली को खेत में मिलाने से बहुत फायदा मिल रहा है, जमीन की उर्वराशक्ति बढ़ रही है, कीट भी मर रहे हैं। पराली किसानों की आय का साधन भी बन रही है, अब गोशालाओं में पराली खरीदी जा रही है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है, किसान जागरूक होकर पराली प्रबंधन पर कार्य कर रहे हैं। बता दें कि इस बार पराली प्रबंधन व जागरूकता के चलते अभी तक पराली जलाने की घटनाएं अभी तक शून्य बनी हुई है। गांव गांव जाकर कृषि विभाग से जुड़े कार्मिक जाकर ग्रामीणों, किसानो को जागरूक भी कर रहे हैं।

फैक्ट फाइल: 5 साल में पराली जलाने की घटनाएं
- 2021 में 423
- 2022 में 327
- 2023 में 132
- 2024 में 163
- 2025 में 139
- 2026 में अभी तक शून्य

पराली प्रबंधन पर किसानों में जागरूकता आई है। पिछले 5 सालों में शाहजहांपुर में पराली जलाने की घटनाओं का ग्राफ गिरा। जनपद के किसानों को पराली प्रबंधन पर टिप्स दिए जा रहे हैं। पांच साल के ग्राफ की बात करे तो 2021 में 423, 2022 में 327, 2023 में 132, 2024 मे 163, 2025 में 139 और 2026 में अभी तक पराली की घटनाएं शून्य रही है। यह एक अच्छी बात है, हमारे विभाग एवं जनपदवासियों के लिए भी अच्छी खबर है।
–पीके मिश्रा, डीडी कृषि।

जनकपुरी में सजा सीता स्वयंवर, श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

▸ परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को किया रोमांचित, श्रीराम के धनुष तोड़ते ही गूंजे जयकारे

महानगर की प्रसिद्ध फैक्ट्री स्टेट ओसीएफ श्रीरामलीला में सोमवार को जनकपुरी सीता स्वयंवर, भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग तथा परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ समिति के सचिव ए.के. व्यास एवं संयुक्त सचिव अजय सक्सेना ने अपनी धर्मपत्नी और बच्चों के साथ भगवान के स्वरूपों की झांकियों की आरती उतारकर किया। इस दौरान मंचन सचिव देवेश दीक्षित भी उपस्थित रहे, जबकि व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री ने नारियल फोड़कर मंचन का शुभारंभ किया। मंचन में दिखाया गया कि धरती पर असुरों के अत्याचार बढ़ने पर गुरु विश्वामित्र अयोध्या पहुंचकर महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगते हैं। महाराज दशरथ के मना करने पर गुरु वशिष्ठ उन्हें समझाते हैं, जिसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ जाकर राक्षसों का संहार करते हैं। इसके बाद गुरु विश्वामित्र दोनों राजकुमारों को सीता स्वयंवर दिखाने जनकपुरी ले जाते हैं, जहां पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता का प्रथम मिलन होता है। राजा जनक के दरबार में आयोजित स्वयंवर में शर्त रखी जाती है कि जो शिव धनुष उठाएगा, वही माता सीता का वर बनेगा। अनेक राजा-महाराजा प्रयास करते हैं, लेकिन धनुष हिला तक नहीं पाते। इसी बीच लंकापति रावण भी धनुष उठाने पहुंचता है, तभी आकाशवाणी होने पर वह वापस लौट जाता है। राजाओं की असफलता से दुखी राजा जनक की बात सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम शिव धनुष उठाकर तोड़ देते हैं। इसके बाद माता सीता उन्हें वरमाला पहनाती हैं और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठता है। धनुष टूटने की आवाज सुनकर भगवान परशुराम वहां पहुंचते हैं और लक्ष्मण के साथ उनका तीखा संवाद होता है। अंत में श्रीराम के दिव्य स्वरूप का आभास होने पर परशुराम वहां से चले जाते हैं। मंचन को सफल बनाने में मंचन सचिव देवेश दीक्षित, निर्देशक अंकित सक्सेना, संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, सुरक्षा पर्यवेक्षक राम मोहन अग्निहोत्री, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना, मंच संचालक सतीश सक्सेना, यशपाल कुकरेजा, व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, सुमित राना एवं विनोद पांडे सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। मंचन में भगवान श्रीराम की भूमिका राम मोहित बाजपेयी, लक्ष्मण की अमित श्रीवास्तव, भरत की पारस दीक्षित, शत्रुघ्न की रोहित सक्सेना, महाराज दशरथ की पैट्रिक दास, गुरु वशिष्ठ की संदीप आर्य, अरुंधति मानसी, सुमंत कौशलेंद्र पांडे, मारीच सुभाष, ताड़का मनीष राणा, राक्षस सौरव मोहन, नृत्यांगना कविता, सुबाहु अर्जुन वर्मा, मंत्री सूर्यांश, शिवम, अंकुश, शोभित एवं रुपेश, गुरु विश्वामित्र विनोद पांडे, अहिल्या रजनी अग्निहोत्री, माता सीता रानी मिश्रा, माली बटेश्वर दयाल, हुड़दंग बहादुर, देवेंद्र पाल, राजा की भूमिका में नवनीत, रामपाल, सूर्यांश, अरविंद एवं अर्जुन सहित अन्य कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का अभिनय कर मंचन को जीवंत बना दिया।

नट समाज के 5000 लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित

▸ जिला सहसंयोजक के साथ जानी उनकी समस्याएं

एनके मिश्रा

लखीमपुर खीरी। गोला विधानसभा के ग्राम नाथ कुंभी में भ्रमण के दौरान नट समाज के लोगों के बीच राजवीर जी जिला सहसंयोजक के साथ जाने का अवसर मिला वहां पर छोटे बच्चों के साथ-साथ बड़े नौजवान बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें लगभग 20 छात्र ऐसे हैं जो हाई स्कूल से लेकर स्नातक तक की परीक्षा पास कर चुके हैं उनके पास जात प्रमाण पत्र न होने के कारण किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में वह सफल नहीं हो पा रहे हैं उनके भविष्य को लेकर एक बहुत बड़ी समस्या उनके सामने खड़ी हुई गांव की आबादी लगभग 5000 वहां पर ना तो सड़क है ना सामुदायिक शौचालय है जो है वह बहुत जर्जर है बरसात में उन लोगों को गांव से उसे पर तक आने के लिए बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है आज नट समाज के द्वारा माता रानी की स्थापना की गई रास्ता न होने के कारण वह लोग मूर्ति को गोद में लेकर के आए मंदिर तक राजवीर जी के साथ माता रानी की पूजा करने का अवसर प्राप्त हुआ और कन्याओं को प्रसाद देने का भी अवसर मिला काफी संख्या में नात समाज के लोग वहां पर एकत्रित हुए और 9 दिन के लिए वहां पर माता रानी की स्थापना की छोटे से बच्चों से मिला सारे के सारे बच्चे स्कूल जाते हैं वहां पर खेल का मैदान ना होने के लिए बच्चों ने कहा कि वह व्यवस्था शीघ्र हो जाती तो हम लोगों को खेलने का अवसर प्राप्त हो जाए 1 वर्ष पूर्व असीम अरुण जी इस गांव में गए थे और सड़क जात प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड लेकर सारी समस्याओं को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था ।लेकिन अभी पूर्ण नहीं हो पाया लोगों के मन में बहुत निराशा है कि हमारे बच्चों का भविष्य का क्या होगा गांव में भ्रमण के दौरान से लेकर माता रानी का पूजन अर्चन का कुछ छायाचित्र वीडियो उपलब्ध है।

समाजवादियों ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर समाजवादी पार्टी ने लोहिया जी को श्रद्धांजलि देने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया समाजवादियों नें उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉक्टर लोहिया के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि लोहिया ने लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना तथा सामाजिक न्याय और समानता के विचार धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने कहा समाज में व्याप्त प्रत्येक प्रकार की जड़ता के विरुद्ध डॉक्टर लोहिया का संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपनी सरकार के कार्यकाल में उनकी स्मृति में लखनऊ में लोहिया पार्क और लोहिया अस्पताल डॉ लोहिया जी के नाम से बनवाया था जिसमें आज रोजाना हजारों मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार हो रहा है। इस अवसर पर पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद, शशांक यादव, अनुराग पटेल, शमशेर बहादुर सिंह, मिर्ज़ा सेखू, उदय भान सिंह, अनूप यादव, प्रख्याति खरे, हेमंत भार्गव, अब्दुल मन्नान उस्मानी, अमित वर्मा, अभय प्रताप सिंह बन्टी, मो. अफजाल, सुरेन्द्र कुमार, आरती सिंह जनवार, आरिफ खां, शेखावत अली सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीडीए पंचायतों के जरिए सामाजिक न्याय का संदेश दे रहीं दिव्या पी. गंगवार

▸ बीसलपुर के गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज
▸ रोहनिया समेत विभिन्न गांवों में लगायी चौपाल, सरकारी नीतियों पर उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

समाजवादी पार्टी की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पंचायतों के जरिए बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जारी है। सोमवार को 130 विधानसभा बीसलपुर के ग्राम रोहनिया समेत विभिन्न गांवों में जन पंचायतों और चौपालों का आयोजन किया गया। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों, युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत दिव्या पी. गंगवार ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमता गंभीर मुद्दे हैं। उनके मुताबिक, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। दिव्या गंगवार ने महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, मलखान सिंह वर्मा, रूपलाल महातिया, मनोज गंगवार, रामलखन मौर्य, रविंद्र कश्यप, शिवसरन मौर्य, अमर सिंह राजपूत सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

रात में धान खरीद-बिक्री का कथित खेल दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बाहर जा रहा धान

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

▸ सरकारी क्रय केंद्र न खुलने से बिचौलियों की चांदी
▸ किसान औने-पौने दामों पर धान बेचने को मजबूर

पलिया तहसील क्षेत्र में धान की खरीद को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। आरोप है कि रात के अंधेरे में दलालों के माध्यम से दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में धान भरकर क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह सिलसिला रोजाना रात करीब 11ः30 बजे के बाद शुरू होता है और देर रात तक धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही जारी रहती है। वहीं, पलिया कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में अब तक सरकारी धान क्रय केंद्र शुरू नहीं होने की बात सामने आने से किसानों की परेशानी और बिचौलियों की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे बिचौलिए: स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ दलाल किसानों से कम कीमत पर धान खरीदकर उसे दूसरे स्थानों पर भेज रहे हैं। किसानों को यदि समय पर सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज बेचने की सुविधा नहीं मिलती है, तो उन्हें मजबूरी में कम दामों पर धान बेचने का दबाव झेलना पड़ सकता है। ऐसे में किसानों की मेहनत की कमाई पर असर पड़ने की आशंका है। हालांकि, धान की खरीद किस कीमत पर हो रही है और उसे कहां ले जाया जा रहा है।

धान खरीद के सीजन में किसानों को उम्मीद रहती है कि सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से उनकी उपज की खरीद निर्धारित व्यवस्था के तहत होगी। लेकिन पलिया कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में सरकारी क्रय केंद्र शुरू नहीं होने की शिकायत के बीच सवाल उठ रहा है कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा? यदि समय रहते खरीद व्यवस्था सुचारु नहीं हुई, तो किसानों को निजी खरीदारों और बिचौलियों पर निर्भर होना पड़ सकता है।

आरोप है कि रात करीब 11:30 बजे के बाद धान से भरी दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां क्षेत्र से बाहर निकलती हैं। यदि यह गतिविधि नियमित रूप से हो रही है, तो संबंधित विभागों के लिए इसकी जांच करना जरूरी है। आखिर धान कहां से खरीदा जा रहा है, किस स्थान पर पहुंचाया जा रहा है और इसकी खरीद-बिक्री किन नियमों के तहत हो रही है? इन बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 जिसका अनुक्रमांक 0988180 व इंटरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0735868 व बी.कॉम वर्ष 2019 अनुक्रमांक 9325270047 क अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। **नितिन यादव पुत्र प्रेमपाल नि.मो. गढ़ी कस्बा व तह. पुवायां, शाहजहांपुर।**

पब्लिक नोटिस

मेरे मुवक्किल ए.यू. स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा पीलीभीत की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो0 परवेज पुत्र नफीस अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नं. 8 कस्बा बरखेड़ा कलां तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत के हैं वह एक किता मकान रकबा 106.80 वर्गमी गाटा सं. 178 का भाग ग्राम बरखेड़ा कला मुस्तकिल तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत में स्थित है को खरीदने के उपरांत ऋण ले रहे हैं। उपरोक्त जगह का एक पंजीकृत बैनामा दिनांक 30.08.1988 बही नं. 1 जिल्द 768 पेज 98 से 99 दस्तावेज 1929 वास्तव में कहीं खो गया है। उक्त की सूचना दर्ज करा दी गयी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या ए.यू. स्मॉल फाइनेन्स बैंक शाखा पीलीभीत के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुए कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण मो0 परवेज पुत्र नफीस अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नं. 8 कस्बा बरखेड़ा कला तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत को प्रदान कर दिया जायेगा। प्रफुल्ल अग्रवाल एडवोकेट, पैनल एडवोकेट 223 बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम बरेली। मो. नं. 7017462341, 8899090663

मिशन शक्ति फेज-6.0: बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश लेकर निकली जागरूकता रैली

▸ बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा-नारी सुरक्षा व सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद में मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। वीरांगना अवंतीबाई लोधी जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज से शुरू हुई रैली में पुलिस अधिकारियों, महिला पुलिसकर्मियों और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर नारी सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर एवं 128 विधानसभा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने भी सहभागिता करते हुए महिलाओं एवं बेटियों को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने के अभियान को महत्वपूर्ण पहल बताया। अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली गौहनिया चौराहा होते हुए स्टेडियम रोड से ड्रमंड इंटर कॉलेज पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली के माध्यम से आमजन को महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के प्रति जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं और महिलाओं को संदेश दिया गया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में भयभीत होने के बजाय पुलिस की सहायता लें और अपनी शिकायत दर्ज कराने में संकोच न करें।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को समर्पित महत्वपूर्ण पहल है। हमारी बहनों और बेटियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा, समान अवसर और आत्मविश्वास सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन और पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

डीएम ने किया श्रमदान, ग्रामीण रोजगार बढ़ाने पर दिया जोर

▸ पिपरिया नवदिया में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर आजीविका उपलब्ध कराने और रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को मरौरी विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया नवदिया में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कार्यस्थल पर पहुंचकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और स्वयं श्रमदान कर श्रम की महत्ता तथा सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों के लिए रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यस्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गांवों में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर काम मिलने से ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ेगी और उन्हें रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों की ओर जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ गांवों के विकास को भी गति मिलेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोजगार से जुड़े कार्यों में श्रमिकों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। मजदूरों को निर्धारित समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने ग्रामीणों के कौशल विकास और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

एससी-एसटी कानून भाजपा के गले की फांस

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जातिगत अत्याचारों से सुरक्षा देने के उद्देश्य से बनाया गया एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम अब राजनीतिक बहस के केंद्र में है। एक तरफ इस कानून को सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसके कथित दुरुपयोग, गिरफ्तारी की प्रक्रिया और अग्रिम जमानत पर रोक को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इस खींचतान में भारतीय जनता पार्टी के सामने भी राजनीतिक चुनौती खड़ी हो गई है। कानून को कमजोर करने का आरोप झेलने का जोखिम अलग है और इसके दुरुपयोग की शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप अलग। यही वजह है कि एससी-एसटी कानून भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 का मूल उद्देश्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के विरुद्ध होने वाले जातिगत अत्याचारों को रोकना, पीड़ितों को राहत दिलाना और दोषियों को दंडित करना है। सामान्य आपराधिक कानून से अलग इसमें विशेष अपराधों, विशेष न्यायालयों, पीड़ितों के पुनर्वास और गवाहों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान किए गए हैं। देश में जातिगत भेदभाव और अत्याचार की शिकायतों को देखते हुए इस कानून की जरूरत से इनकार करना आसान नहीं है। लेकिन किसी भी कानून की कठोरता के साथ यह अपेक्षा भी जुड़ी होती है कि उसका इस्तेमाल निर्धारित कानूनी शर्तों के अनुसार हो। विवाद तब बढ़ता है, जब कोई आरोपी व्यक्तिगत रंजिश, संपत्ति विवाद या आर्थिक लेन-देन के झगड़े को लेकर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाता है। हालांकि, किसी मामले में आरोपी का बरी होना अपने आप में यह साबित नहीं करता कि शिकायत झूठी थी।

एससी-एसटी कानून को लेकर बहस ने 2018 में राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक रूप लिया। उस वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने सुभाष काशीनाथ महाजन बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में गिरफ्तारी से पहले कुछ सुरक्षा उपायों और प्रारंभिक जांच से संबंधित निर्देश दिए थे। इस फैसले के बाद कानून के कमजोर होने की आशंका जताते हुए देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए।

इसके बाद केंद्र की तत्कालीन भाजपा सरकार ने संसद के माध्यम से कानून में संशोधन किया और धारा 18ए जोड़ी। संशोधन के तहत इस अधिनियम के मामलों में प्रारंभिक जांच की अनिवार्यता समाप्त की गई तथा गिरफ्तारी से पहले सक्षम अधिकारी की अनुमति की जरूरत नहीं रखी गई। अग्रिम जमानत पर रोक से जुड़े प्रावधानों को भी स्पष्ट रूप से बहाल किया गया। सरकार के सामने उस समय दो स्पष्ट चुनौतियां थीं। एक तरफ दलित समुदाय के बीच कानून कमजोर किए जाने की आशंका दूर करनी थी, दूसरी तरफ उन लोगों की चिंताओं का जवाब देना था, जो कठोर प्रावधानों के संभावित दुरुपयोग की बात उठा रहे थे। भाजपा के लिए यह केवल कानूनी संशोधन नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक संदेश देने का मामला भी बन गया।

इस कानून की धारा 18 और 18ए सबसे अधिक चर्चा में रहने वाले प्रावधानों में शामिल हैं। इनके तहत अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में अग्रिम जमानत पर वैधानिक रोक लागू होती है। इसका उद्देश्य आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पीड़ितों को तत्काल सुरक्षा देना और कानूनी कार्रवाई को प्रभावी बनाना है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि आरोपी के लिए न्यायिक राहत के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। प्रथ्वी राज चौहान बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि शिकायत से प्रथम दृष्टया एससी-एसटी अधिनियम के तहत अपराध नहीं बनता, तो अग्रिम जमानत पर लगी रोक लागू नहीं होगी। यानी अदालत आरोपों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह देख सकती है कि कानून की आवश्यक शर्तें पूरी होती हैं या नहीं। यही प्रावधान कानून के समर्थकों और आलोचकों के बीच बहस का प्रमुख आधार है। समर्थक इसे पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक मानते हैं, जबकि आलोचक निष्पक्ष जांच और निर्दोष व्यक्ति के अधिकारों पर जोर देते हैं। कानून के कथित दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। इनमें पुरानी रंजिश, जमीन के विवाद, पैसों के लेन-देन और दूसरे व्यक्तिगत विवादों में इस अधिनियम के इस्तेमाल के आरोप शामिल हैं। कुछ मामलों में शिकायतकर्ता के आरोप साबित नहीं हो पाते, लेकिन हर असफल अभियोजन को जानबूझकर दर्ज कराया गया झूठा मुकदमा मान लेना भी उचित नहीं है। इसी तरह, प्राथमिकी दर्ज होने मात्र से आरोपी दोषी नहीं हो जाता। आरोपों की जांच, साक्ष्यों का परीक्षण और न्यायालय में दोष सिद्ध होना अलग-अलग कानूनी चरण हैं। यदि शिकायत जानबूझकर झूठी साबित होती है, तो परिस्थितियों और लागू कानून के अनुसार शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए कानून पर बहस करते समय दो बातों को अलग रखना जरूरी है। पहली, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के खिलाफ वास्तविक अत्याचारों को रोकने की जरूरत। दूसरी, किसी भी निर्दोष व्यक्ति को झूठे आरोपों के कारण अनुचित नुकसान से बचाने की जरूरत। भाजपा के लिए इस मुद्दे का राजनीतिक महत्व इसलिए भी है, क्योंकि सामाजिक न्याय, दलित कल्याण और कमजोर वर्गों की सुरक्षा उसकी राजनीतिक रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से रहे हैं। पार्टी यदि कानून के कड़े प्रावधानों का समर्थन करती है, तो उसे निष्पक्ष जांच और कथित दुरुपयोग की शिकायतों पर जवाब देना पड़ता है। वहीं, यदि कानून में ढील देने की मांग को समर्थन मिलता है, तो विपक्ष इसे दलित हितों के खिलाफ कदम बताकर राजनीतिक मुद्दा बना सकता है।

दो टूक

चुनाव आयोग की साख सर्वोच्च अदालत में

संजय सक्सेना

देश की राजनीति में इन दिनों एक ही शब्द गूंज रहा है, वोट चोर, गद्दी छोड़। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का अभियान छेड़ रखा है, जिसमें मोदी सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वोट चोरी मोदी सरकार के संरक्षण में हो रही है। वोट चोरी के नारे सड़क से संसद तक गूंज रहे हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस हैं, यात्राएं हैं और सोशल मीडिया पर आरोपों की झड़ी है। इस हंगामे के सबसे आगे राहुल गांधी चल रहे हैं। वहीं विपक्ष की नजर में एक राहुल की लगातार हार की हताशा है, पर इस शोर के बीच एक सीधा सवाल बार-बार लौटता है, सबूत कहाँ हैं? लोकतंत्र में आरोप लगाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आरोप की गंभीरता के अनुपात में प्रमाण देना उसकी जिम्मेदारी भी है। वोट चोरी कोई मामूली आरोप नहीं है। यह उस पूरी चुनावी प्रक्रिया की वैधता पर प्रश्नचिह्न है, जिसके जरिए करोड़ों लोग अपनी सरकार चुनते हैं। ऐसे आरोप के लिए ठोस आंकड़े, विधानसभा या बूथवार सूचियां, प्रभावित मतदाताओं के नाम और शपथपत्र चाहिए। आलोचकों का कहना है कि इन मोर्चों पर विपक्ष की झोली लगभग खाली है।सत्ता पक्ष के समर्थकों का तर्क है कि घटनाक्रम खुद इसकी गवाही देता है। बताया गया कि करीब एक साल से आरोप लगा रहे विपक्षी नेता जब राष्ट्रपति को ज्ञापन देने पहुंचे, तो ज्ञापन के साथ कोई प्रमाण नहीं था। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ने प्रमाण लाने को कहा और विपक्ष ने जल्द सबूत सौंपने का वादा किया, पर अब तक कुछ सामने नहीं आया। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने प्रधान न्यायाधीश से मिलने का समय भी मांगा, पर वह मुलाकात नहीं हुई। इस तर्क के अनुसार, जो नेता हर मंच से सबूत होने का दावा करते हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं के सामने उन्हें रखने से कतराते हैं।

सबसे विरोधाभासी तस्वीर यह है कि जिस मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सड़क पर नारे लगाए जा रहे हैं, उनसे आमने-सामने बैठकर बात करने में विपक्ष की दिलचस्पी नहीं दिखती। आयोग के पास दावे-आपत्ति की औपचारिक व्यवस्था है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशित होते हैं, आपत्तियां दर्ज की जाती हैं और सुनवाई होती है। कानून की भाषा में बात करने का रास्ता खुला है। आलोचक पूछते हैं कि जब चुनाव आयोग के दरवाजे और अदालतें खुली हैं, तो विपक्ष शिकायतों को दस्तावेज की शक्ल देने के बजाय माइक पर क्यों उतारता है।तमाम किंतु-परंतु के बीच एसआईआर की मूल अवधारणा पर भी गौर करना चाहिए। मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कोई नई बात नहीं है। देश में पहले भी ऐसे पुनरीक्षण होते रहे हैं। शहरों की ओर पलायन, शादी के बाद स्थानांतरण, मृत्यु और एक से अधिक जगह नाम दर्ज होने जैसे कारणों से सूचियों में गड़बड़ियां आम हैं। सूची की सफाई का मकसद यही है कि हर वैध मतदाता का नाम रहे और हर अवैध प्रविष्टि हटे। इस नजरिए से देखें तो नाम कटने की हर खबर चोरी नहीं होती। उसका एक बड़ा हिस्सा सूची के शुद्धिकरण का नतीजा हो सकता है। यहीं वह लाख टके का सवाल आता है, जो आलोचक उठाते हैं। विपक्ष यह मानकर क्यों चल रहा है कि जिनके नाम कटे हैं, वे उसी के वोटर हैं? मतदाता सूची में मृत व्यक्ति, स्थान बदल चुके लोग और दोहरी प्रविष्टियां हर दल के समर्थकों में होती हैं। मतदाता अपनी पसंद बताकर वोट नहीं डालता, इसलिए किसी सूची से हटे नाम का राजनीतिक रंग तय करना खुद एक अप्रमाणित धारणा है। अगर विपक्ष के पास ऐसा कोई विश्लेषण है, जो दिखाए कि कटे नाम किसी खास समुदाय या पार्टी के समर्थकों के हैं, तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

अभी तक जो रखा गया है, वह निष्कर्ष ज्यादा है और प्रमाण कम। इस पर आलोचकों के मुताबिक, इसका जवाब राजनीति के गणित में छिपा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ममता बनर्जी की तृणमूल और लालू यादव का राजद, इन सबकी चुनावी सियासत में मुस्लिम मतदाता एक मजबूत स्तंभ हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कई सीटों के नतीजे इस वोट के रुझान पर निर्भर करते हैं। इस पक्ष का तर्क है कि एसआईआर पर हंगामे का असली मकसद इसी वोट बैंक को यह संदेश देना है कि हम तुम्हारे रहनुमा हैं और तुम्हारे नाम काटे जा रहे हैं। माहौल ऐसा बनाया जा रहा है, वे कहते हैं, मानो सूची से सिर्फ मुस्लिम नाम हटे हों और विपक्ष ही अकेला उनका संरक्षक हो। यानी यह लड़ाई मतदाता सूची की पारदर्शिता से ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की सियासत की है।चुनावी मौसम में उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह रणनीति और साफ दिखती है। सपा और कांग्रेस दोनों इसी वोट की साझा दावेदारी के लिए संघर्ष करती रहती हैं। जो भी इस समुदाय का भरोसा जीत ले, उसे सीटों का बड़ा लाभ मिल सकता है। ऐसे में आपका वोट खतरे में है का नारा एक भावनात्मक एकजुटता पैदा करने का औजार बन जाता है। आलोचकों का कहना है कि यही बयानबाजी आगे चलकर विधानसभा चुनावों में ध्रुवीकृत मतदान की जमीन तैयार करती है। बिहार और बंगाल में भी यही कोशिश दिखती है।इस रणनीति की एक कीमत भी है।

संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार बिना प्रमाण के हमला करने से उनकी साख को चोट पहुंचती है। अगर कल सचमुच कोई गड़बड़ी सामने आए, तब तक भेड़िया आया वाली कहानी का असर कमजोर हो चुका होगा। जिन मतदाताओं में डर बैठाया जा रहा है, उन्हें भी अंततः यही चाहिए कि उनका नाम सूची में रहे। इसके लिए जरूरी है कि राजनीतिक दल आगे बढ़कर बूथ स्तर पर फॉर्म भरवाने और आपत्तियां दर्ज कराने में मदद करें, न कि सिर्फ नारेबाजी करें। सवाल यह भी है कि अगर विपक्ष के पास वाकई प्रमाण हैं, तो वह उन्हें अदालत, आयोग या राष्ट्रपति के सामने क्यों नहीं रखता। देश की जनता अब नारों से ज्यादा तथ्य सुनना चाहती है। जिस दिन विपक्ष दस्तावेजों के साथ सामने आएगा, उस दिन बहस का स्तर बदलेगा। तब तक यह धारणा बनी रहेगी कि वोट चोरी का मुद्दा चुनावी सुधार से ज्यादा चुनावी समीकरण साधने का हथियार है। विपक्ष का कहना है कि सूचियों के आंकड़े और नाम कटने के पैटर्न चुनाव आयोग के पास हैं और वे पूरी मशीन-पठनीय सूचियां व पारदर्शिता मांग रहे हैं। उनका तर्क है कि इतने बड़े पैमाने पर नाम हटाने की प्रक्रिया, दस्तावेज मांगने की शर्तें और कम समय सीमा से गरीब, प्रवासी और अल्पसंख्यक मतदाता ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, और इस पर सवाल उठाना उनका लोकतांत्रिक हक है। कई मामले अदालतों में भी पहुंचे हैं। चुनाव आयोग इन आशंकाओं को खारिज करता है और कहता है कि प्रक्रिया नियमों के तहत और निष्पक्ष है। अंतिम तस्वीर अदालती फैसलों और ठोस आंकड़ों से ही साफ होगी।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

भारत के आसमान पर किसका अधिकार?

कैलाश चन्द्र

तकनीकी प्रतिस्पर्धा अब बाजार और उत्पादों तक सीमित नहीं है। संचार नेटवर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष तकनीक पर नियंत्रण किसी देश की आर्थिक शक्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा और नीतिगत स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। ऐसे में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक और भारत की प्रस्तावित सैटेलाइट इंटरनेट योजनाओं के बीच प्रतिस्पर्धा को केवल इंटरनेट सेवा की लड़ाई मानना भूल होगी। इसके केंद्र में डेटा सुरक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और डिजिटल संप्रभुता के सवाल भी हैं।

भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के विस्तार की संभावनाओं के बीच रिलायंस जियो की प्रस्तावित उपग्रह योजना घरेलू तकनीकी क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षा दर्शाती है। सवाल है कि अंतरिक्ष आधारित संचार के इस दौर में भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कैसे करेगा?

भारत में इंटरनेट का विस्तार मुख्यतः मोबाइल टावरों, ऑप्टिकल फाइबर और स्थलीय नेटवर्क से हुआ है। लेकिन दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों, द्वीपों और सीमावर्ती इलाकों में कनेक्टिविटी पहुंचाना अब भी चुनौती है। लो-अर्थ-ऑर्बिट (एलईओ) उपग्रहों के जरिए सैटेलाइट इंटरनेट इन क्षेत्रों में उपयोगी विकल्प बन सकता है। पृथ्वी के करीब होने के कारण ये उपग्रह पारंपरिक भूस्थिर उपग्रहों की तुलना में कम विलंबता वाली कनेक्टिविटी उपलब्ध करा सकते हैं। इसी संभावना को देखते हुए स्टारलिंक, अमेजन लियो और अन्य कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। भारत में जियो और भारती समूह से जुड़ी वनवेब की योजनाएं भी महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, असली सवाल सिर्फ यह नहीं कि किस कंपनी का इंटरनेट तेज या सस्ता होगा, बल्कि यह है कि नेटवर्क का संचालन किसके नियंत्रण में रहेगा और देश का महत्वपूर्ण डेटा कितना सुरक्षित होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रिलायंस जियो की प्रस्तावित योजना में लगभग 1,600 से 1,650 एलईओ उपग्रह और भारत में 20 से 23 ग्राउंड स्टेशन शामिल हैं। यह योजना दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड पहुंचाने, सीमावर्ती संचार मजबूत करने और आपदा के समय वैकल्पिक संपर्क उपलब्ध कराने में मदद कर सकती है।

रिपोर्टों में सितंबर 2027 में परीक्षण उड़ान, 2028 के आसपास शुरुआती कवरेज के लिए 90 से 100 उपग्रहों तथा 2030 तक 400 से 450 और 2035 तक करीब 1,600 उपग्रहों की तैनाती के लक्ष्य का उल्लेख किया गया है। हालांकि, ये प्रस्तावित समयसीमाएं हैं। उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण, कक्षीय तैनाती, ग्राउंड स्टेशन और नियामक मंजूरियों पर परियोजना की सफलता निर्भर करेगी। यदि भारत की घरेलू कंपनियां ऐसे नेटवर्क विकसित करने में सफल होती हैं, तो इससे तकनीकी विशेषज्ञता, औद्योगिक आपूर्ति-शृंखला और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही, संचार सेवाओं के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटाने के विकल्प भी मिलेंगे। लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी होगा, जब उपभोक्ताओं को किफायती और विश्वसनीय सेवा मिले। सैटेलाइट नेटवर्क का सबसे संवेदनशील पक्ष रक्षा और सामरिक संचार है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना और सुरक्षा बलों के लिए विश्वसनीय संपर्क जरूरी है।

युद्ध, प्राकृतिक आपदा या तकनीकी व्यवधान के दौरान स्थलीय नेटवर्क प्रभावित होने पर उपग्रह आधारित संचार महत्वपूर्ण विकल्प बन सकता है। जियो के कुछ प्रस्तावित उपग्रहों पर रक्षा संबंधी पेलोड की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा हुई है। हालांकि, किसी भारतीय कंपनी का उपग्रह नेटवर्क अपने आप सैन्य संचार प्रणाली नहीं बन जाता। इसके लिए सुरक्षा परीक्षण, तकनीकी एकीकरण और सरकारी मंजूरियां आवश्यक हैं। भारत को विदेशी तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से लाभ उठाना चाहिए, लेकिन सामरिक जरूरतों के लिए घरेलू विकल्प विकसित करना भी जरूरी है। डिजिटल संप्रभुता का अर्थ दुनिया से कटना नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग के बावजूद अपने महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लेने की क्षमता बनाए रखना है। डिजिटल युग में डेटा नागरिकों की निजी जानकारी से लेकर सरकारी और व्यावसायिक संचार तक का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं की डेटा नीतियों, साइबर सुरक्षा और कानूनी जवाबदेही की जांच जरूरी है।

स्टारलिंक जैसी विदेशी कंपनियों को लेकर सुरक्षा संबंधी सवालों का मूल्यांकन प्रमाण और पारदर्शी नियमों के आधार पर होना चाहिए। किसी कंपनी के विदेशी होने मात्र से उसे असुरक्षित नहीं माना जा सकता, लेकिन उसे भारतीय कानूनों और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी नियमों से छूट भी नहीं मिलनी चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा प्रदाता डेटा संरक्षण, साइबर सुरक्षा और वैधानिक प्रक्रिया के तहत अधिकृत एजेंसियों के सहयोग संबंधी नियमों का पालन करें। साथ ही नागरिकों की निजता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर असीमित निगरानी उचित नहीं हो सकती। यह भी ध्यान रखना होगा कि स्वदेशी कंपनी होने मात्र से कोई नेटवर्क पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाता। घरेलू कंपनियों को भी समान सुरक्षा मानकों, पारदर्शिता और जवाबदेही का पालन करना चाहिए। अंतरिक्ष आधारित इंटरनेट के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियों के पास पूंजी, तकनीक और संचालन का व्यापक अनुभव है। भारतीय कंपनियों के लिए उनसे प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यही घरेलू उद्योग को मजबूत बनाने का अवसर भी है। इसके लिए उपग्रह निर्माण, संचार प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और साइबर सुरक्षा में निवेश बढ़ाना होगा। अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों और निजी कंपनियों के बीच सहयोग भी जरूरी है। सरकार को ऐसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे बेहतर सेवाएं और उचित कीमतें उपभोक्ताओं तक पहुंचें।

स्वदेशी तकनीक को प्राथमिकता देने का अर्थ विदेशी कंपनियों के लिए दरवाजे बंद करना नहीं, बल्कि देश में ऐसी क्षमता विकसित करना है, जिससे भारत अपनी जरूरतों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय ले सके। स्टारलिंक सहित सभी सेवा प्रदाताओं का मूल्यांकन समान और पारदर्शी मानकों पर होना चाहिए। विदेशी तकनीक का लाभ लिया जा सकता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा संरक्षण से समझौता नहीं होना चाहिए। वहीं, घरेलू कंपनियों को भी अपनी तकनीकी श्रेष्ठता और विश्वसनीयता साबित करनी होगी। भारत के आसमान में उपग्रहों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उनके संचालन, सुरक्षा और तकनीकी विकास में देश की भूमिका कितनी प्रभावी है। स्वदेशी क्षमता, सुरक्षित नेटवर्क और मजबूत नियामक व्यवस्था ही भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती देंगे। आखिरकार, भारत के आसमान पर अधिकार का सवाल किसी एक कंपनी के वर्चस्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए तकनीक के भविष्य की दिशा तय करने की स्वतंत्रता का है। यही डिजिटल संप्रभुता और सामरिक आत्मनिर्भरता की असली कसौटी होगी।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

कोरस

संजय एम तराणेकर

ज्ञान के मंदिर में उठते सवाल...!

जिस आँगन में ज्ञान के दीप, अंधियारे को हरते हैं,
जब विचारों के फूल खिलें, सपने आकार गढ़ते हैं।
शिक्षा के पावन मंदिर में, ऐसे आरोप भी उभरते हैं,
तो सिर्फ कुछ नाम नहीं, विश्वास स्तंभ बिखरते हैं।

गुरु का पद मात्र पदवी नहीं, उत्तरदायित्व महान है,
शिष्य गरिमा की रक्षा, शिक्षा का सच्चा सम्मान है।
जिन हाथों में कलम थी, वे भविष्य सँवारने वाले थे,
यदि उन्हीं पर प्रश्न उठें, तो उत्तर कौन देने वाले हैं?

11 बेटियों की शिकायत, यह कागज़ की बात नहीं,
हर शिकायत के पीछे छिपी, होती पीड़ा अनकही।
अब समय कि सत्य उभरे, हर तथ्य का सम्मान रहे,
दोष सिद्ध हो तो दंड मिले, निर्दोष का भी मान रहे।

ज्ञान तब सच्चा कहाएँ, जब आचरण उजला होगा,
गुरु का माथा तब चमके, जब शिष्य सुरक्षित होगा।
विश्वविद्यालय की ऊँची दीवारों, संदेश सुनाना तुम,
ज्ञान बड़ा है-पद न कोई, नारी सम्मान बचाना तुम।

क्योंकि शिक्षा डिग्री नहीं, मानवता का विस्तार है,
जहाँ बेटियाँ सुरक्षित नहीं, वहाँ ज्ञान भी लाचार है।
न्याय हो ऐसा, सच पे टिके, न दबाव में झुके-बिके,
हर बेटी कहे- देश मेरा है, मेरी आवाज़ न्याय दिखें।

(संदर्भ-प्रोफेसर व सांसद के खिलाफ, छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोप)

इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त को हटा पाना है मुश्किल

अभिषेक शुक्ल

पिछले दो दिन 10 और 11 अक्टूबर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और अन्य के प्रदर्शन से दिल्ली के कुछ हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। भारत निर्वाचन आयोग के भीतर असहमति की रिपोर्टों, विपक्षी दलों के प्रदर्शन और उच्चतम न्यायालय में दाखिल नई याचिकाओं ने एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की शक्तियों, जवाबदेही और उनके पद की सुरक्षा पर राष्ट्रीय विमर्श छेड़ दिया है। इन विरोध प्रदर्शनों और बढ़ते राजनीतिक दबाव के बीच एक अहम संवैधानिक सवाल खड़ा होता है, क्या सार्वजनिक प्रदर्शन या राजनैतिक दबाव के आधार पर देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाया या निलंबित किया जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर राजनीतिक बयानों में नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की संस्थागत स्वायत्तता में निहित है।

मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अनुच्छेद 324(2) के अंतर्गत राष्ट्रपति करते हैं। वर्ष 2022 तक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर संसद ने कोई कानून नहीं बनाया था। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करते रहे हैं। किन्तु वर्ष 2023 में उच्चतम न्यायालय ने अनूप बरनवाल वाद में निर्देश दिया कि जब तक संसद कोई कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान (मुख्य) न्यायाधीश सदस्य होंगे। इसी वर्ष 2023 में संसद ने एक अधिनियम पारित कर देश के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर कर दिया और उनके स्थान पर प्रधानमंत्री नामित एक कैबिनेट मंत्री को सदस्य बनाया गया। यह बदलाव भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे और शक्ति के पृथक्करण सिद्धांत को मजबूत करता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त की चयन समिति का हिस्सा नहीं होना चाहिए, क्योंकि यदि न्यायपालिका का प्रमुख कार्यपालिका की नियुक्तियों में सक्रिय भूमिका निभाता है तो कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य पृथक्करण का सिद्धांत कमजोर होता है। इसके पीछे एक दूसरा तर्क यह है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विवाद भविष्य में न्यायपालिका के सम्मुख आ सकते हैं। ऐसे में जब न्यायपालिका का प्रमुख उस नियुक्ति प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार रहा हो तो न्यायालय के लिए नियुक्ति प्रक्रिया का निष्पक्ष न्यायिक पुनरावलोकन एक चुनौती बन जाएगा। एक अन्य महत्त्वपूर्ण तर्क यह है कि यदि भारत के प्रधान न्यायाधीश प्रधानमंत्री से सहमत होते हैं तो उन्हें सरकार के पक्ष में झुका हुआ माना जाएगा और यदि वह नेता प्रतिपक्ष से सहमत होते हैं तो उन्हें सरकार विरोधी माना जाएगा। दोनों परिस्थितियों में भारत के प्रधान न्यायाधीश की निष्पक्षता संदिग्ध हो जाएगी। वैसे भी, उच्च संवैधानिक पदों की नियुक्तियों में सरकार की सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। यही सामान्य सार्वभौमिक नियम है। इससे सरकार और उच्च संवैधानिक पदों के मध्य गतिरोध की संभावना कम होती है और सहयोग बढ़ता है। सरकार की जवाबदेही तय करना आसान हो जाता है क्योंकि सरकार अपनी असफलता के लिए उच्च संवैधानिक पदाधिकारियों को दोष नहीं दे सकती। उदाहरण के लिए, विपक्ष के संवैधानिक संस्थाओं के साथ असहयोग और विरोध प्रकट करने से कोई संवैधानिक संकट पैदा नहीं होता। किन्तु यदि सरकार और निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के मध्य असहयोग और टकराव पैदा हो गया तो यह एक संवैधानिक संकट को जन्म दे सकता है। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपति द्वारा सरकार की सलाह पर निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान किया था। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को लेकर उच्चतम न्यायालय में डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत संघ और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिकाएं लंबित हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि नए कानून ने भारत के प्रधान न्यायाधीश को समिति से हटाकर उनकी जगह एक कैबिनेट मंत्री को शामिल कर दिया है। इससे समिति में सरकार को 2-1 का स्पष्ट बहुमत मिल जाता है, जो चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। अभी सितंबर 2026 में उच्चतम न्यायालय की दो जजों की बेंच ने इस मामले में खंडित फैसला सुनाया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले को अंतिम फैसले के लिए एक बड़ी संविधान पीठ को सौंप दिया है। इस घटनाक्रम में एक नाटकीय मोड़ तब आया जब इंडियन एक्सप्रेस में 23 सितंबर 2026 को छपी एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि पिछले 10 महीने में चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने आयोग के निर्णयों पर 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराई हैं। इनमें फॉर्म 6 में किए गए बदलाव सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं। इस रिपोर्ट को आधार बनाकर अधिवक्ता शैलेंद्र (शलभ) मणि त्रिपाठी और सह-याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने अन्य दो चुनाव आयुक्तों को दरकिनार करते हुए मतदाता सूची और विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित एकतरफा निर्णय लिए हैं। यह 2023 के अधिनियम की धारा 18 का सीधा उल्लंघन है, जो यह अनिवार्य करती है कि चुनाव आयोग के सभी निर्णय सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। राकेश कुमार सिंह की याचिका में

जहां मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल निलंबित करने की मांग की गई, वहीं त्रिपाठी की याचिका में मांग की गई कि बिना सामूहिक अधिकार के मतदाता सूची में बदलाव करने के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर मुकदमा चलाया जाए। यद्यपि न्यायालय ने तत्काल निलंबन से इनकार कर दिया लेकिन चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। उच्चतम न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि जांच में यह साबित होता है कि फैसले बिना बहुमत के लिए गए तो उन फैसलों को रद्द कर दिया जाएगा। इस तथ्य को परखने के लिए अदालत ने चुनाव आयोग की आंतरिक फाइलों, बैठकों के एजेंडे और कार्यवृत्त को न्यायिक समीक्षा के लिए तलब किया है। किन्तु यहां पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें केवल उन्हें पद से हटाने की एक अत्यंत कठोर प्रक्रिया निर्धारित की गई है। अनुच्छेद 324(5) के तहत, मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के समान तरीके और आधार यथा साबित कदाचार या असमर्थता पर ही हटाया जा सकता है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से प्रस्ताव पारित होना आवश्यक है। संविधान में निलंबन तंत्र की यह अनुपस्थिति चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने के लिए एक जानबूझकर बनाया गया सुरक्षा कवच है। यह सुनिश्चित करता है कि कार्यपालिका अनुशासनात्मक कार्रवाई के बहाने मुख्य चुनाव आयुक्त को मनमाने ढंग से किनारे न कर सके और चुनाव आयोग के स्वतंत्र कामकाज को अस्थायी रूप से बाधित या प्रभावित न कर पाए। ऐसे में न्यायालय से मुख्य चुनाव आयुक्त के निलंबन की मांग करना न्यायसंगत नहीं है।

दूसरी ओर, मुख्य चुनाव आयुक्त को 2023 के अधिनियम की धारा 16 के तहत मुकदमे के विरुद्ध संरक्षण प्राप्त है। उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए गए किसी भी कार्य या लिए गए निर्णय के खिलाफ कोई भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती और यह सुरक्षा उनके पद छोड़ने के बाद भी बरकरार रहती है। जब तक 2023 के अधिनियम की धारा 16 को न्यायालय द्वारा विधिशून्य नहीं घोषित किया जाता, तब तक मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। ऐसे में उच्चतम न्यायालय 2023 के अधिनियम के प्रावधानों और भारत निर्वाचन आयोग के निर्णयों का न्यायिक पुनरावलोकन कर उसे विधिशून्य घोषित कर सकता है। किन्तु उच्चतम न्यायालय न तो निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति के सदस्यों का निर्धारण कर सकता है और न ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटा या निलंबित कर सकता है। नियुक्ति और बर्खास्तगी कार्यपालिका का क्षेत्राधिकार है। इसमें न्यायपालिका का न्यूनतम हस्तक्षेप होना चाहिए। इसी बीच विपक्ष के सांसदों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। किन्तु यहां पर यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त नहीं है। राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल तभी हटा सकते हैं जब संसद के दोनों सदन उन्हें विशेष बहुमत द्वारा ऐसा करने के लिए अधिकृत करें। मुख्य चुनाव आयुक्त को पदच्युत करने की प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में दी गई है। इसके लिए विपक्ष को सदन में प्रस्ताव लाना होगा। किन्तु विपक्ष के पास इस प्रस्ताव को पास कराने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है।

लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता इस बात में निहित है कि वे राजनीतिक दबावों और सार्वजनिक बहसों से अप्रभावित रहकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। संविधान निर्माताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद को कार्यपालिका की मनमर्जी और तात्कालिक राजनीतिक उथल-पुथल से परे रखने के लिए ही महाभियोग जैसी जटिल प्रक्रिया की ढाल दी। वर्तमान विवाद यह स्पष्ट करता है कि निर्वाचन आयोग के आंतरिक प्रशासनिक निर्णयों पर न्यायिक समीक्षा की नजर भले ही बनी रहे लेकिन राजनीतिक मांग या अदालती अर्जी के सहारे मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाना या निलंबित करना न तो संवैधानिक रूप से संभव है और न ही संसदीय अंकगणित के लिहाज से आसान। अंततः, संस्था की गरिमा और संवैधानिक सीमाओं का संतुलन ही भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

मध्यस्थता अभियान से आपसी समझौते के जरिए सुलझाएं विवाद

हमीरपुर। आपसी सुलह-समझौते से विवादों का त्वरित निस्तारण कराने के लिए जनपद में 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0' संचालित किया जा रहा है। अभियान एक अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक चलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने जनपदवासियों से मध्यस्थता योग्य विवादों के समाधान के लिए अभियान का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकार आपसी बातचीत और सहमति से विवाद सुलझा सकते हैं। इससे समय और धन की बचत होती है तथा पारस्परिक संबंध भी बेहतर बने रह सकते हैं। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने भी लोगों से विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता अपनाने का आह्वान किया है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या मध्यस्थता केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

राठ में व्यापारियों को जीएसटी नियमों की जानकारी दी

राठ (हमीरपुर)। व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन और कर संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को सेना रोड स्थित केजीएन फर्नीचर एंड मैन्युफैक्चरिंग में जागरूकता शिविर लगाया गया। राज्य कर अधिकारियों दुर्गा प्रसाद और घनश्याम सिंह पटेल ने व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन, रिटर्न फाइलिंग, ई-इनवायसिंग, ई-वे बिल और जीएसटी 2.0 के बदलावों की जानकारी दी। शिविर में अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन कराने तथा आवश्यक दस्तावेज सही तरीके से अपलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। व्यापारियों को प्रत्येक आपूर्ति पर इनवायस जारी करने और मोबाइल नंबर व ई-मेल अपडेट रखने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में निलेश, आदेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, शंकर कुशवाहा, प्रमोद गुप्ता, महेंद्र कुमार सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

विशेष रोजगार दिवस पर गांवों में कार्यों का निरीक्षण

बिवांर (हमीरपुर)। मुस्करा विकासखंड की ग्राम पंचायत उमरी, बांधुर बुजुर्ग, क्षेणी बसायक और निवादा में सोमवार को विशेष रोजगार सृजन दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिकारियों और तकनीकी निरीक्षकों ने कार्यस्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों से रोजगार और मजदूरी भुगतान की जानकारी ली। ग्राम पंचायत उमरी में खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने तीन सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों से नियमित रोजगार और खातों में मजदूरी पहुंचने के बारे में पूछताछ की। साथ ही अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। अन्य गांवों में भी तकनीकी विशेषज्ञों ने कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

पारा और पचखुरा में 220 मजदूरों को मिला रोजगार

कुरारा (हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पारा और पचखुरा में सोमवार को ग्रामीण रोजगार दिवस मनाया गया। इस दौरान 220 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। पारा में खंड विकास अधिकारी रमाशंकर की मौजूदगी में 120 मजदूरों को काम दिया गया। वहीं, पचखुरा में 100 मजदूरों को रोजगार मिला। कार्यक्रम में संबंधित सचिव, पंचायत सहायक और श्रमिक मौजूद रहे। रोजगार दिवस का आयोजन विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के अंतर्गत किया गया।

राजा तालाब काली माता समिति के नवदुर्गा उत्सव में उमड़ी भीड़

झांसी। राजा तालाब काली माता समिति द्वारा आयोजित नवदुर्गा उत्सव में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने मां भगवती की आरती कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। समिति के सदस्यों ने तिलक लगाकर, माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि नवरात्र शक्ति उपासना और नारी सम्मान का पर्व है। मां दुर्गा के स्वरूप साहस, करुणा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव बढ़ाते हैं इस दौरान अजय नरवरे, हरि बघाट, अजय गोंदाला, कृष्णा नरवरे, उमेश नरवरे सहित समिति के सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे।

औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

झांसी। मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सोमवार को विकास भवन में बुंदेलखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए पेनफुल पॉइंट का सर्वे कराने को कहा मुख्य अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह ने उसे दो हर माह उद्योगपतियों से संवाद कर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों ने बिजली कटौती, ओवरलोडिंग, ट्रांसफॉर्मर की खराबी और खदानों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों की समस्या उठाई इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी और चैंबर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

झांसी। घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी सुशील का जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने निरस्त कर दिया।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रीति चतुर्वेदी के अनुसार, पीड़िता की मां ने 8 सितंबर 2026 को लहचूरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 1 अगस्त को मां के बकरी चराने खेत जाने के दौरान आरोपी घर में घुस गया और 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर भाग गया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने जमानत के लिए पर्याप्त आधार न पाते हुए प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में की वर्चुअल जनसुनवाई

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

एडीएम न्यायिक ने खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

उरई(जालौन)। किसानों को कृषि कार्यों के लिए समय से खाद उपलब्ध कराने व वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सक्रिय है। डीएम समीर के निर्देशन में एडीएम न्यायिक व समस्त एसडीएम ने विभिन्न सहकारी समितियों पर हो रहे खाद वितरण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और किसानों को खाद प्राप्त करने में हो रही सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। सहकारी समितियों पर आने वाले किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए। कृषि कार्यों में खाद की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए जिला प्रशासन किसानों की जरुरतों के प्रति संवेदनशील है। समय पर खाद मिलने से किसानों को फसलों की आवश्यक देखभाल करने और कृषि कार्यों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा करने में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य से सहकारी समितियों पर वितरण व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, ताकि किसानों को राहत मिले और खेती-किसानी के कार्य प्रभावित न हों।

सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में हमीरपुर 24वें स्थान पर, विकास कार्य में 46वें

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

सीएम डैशबोर्ड की सितंबर माह की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अशोक कुमार ने खराब प्रगति वाले विभागों को कड़ी चेतावनी दी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की रैंकिंग सुधारकर जनपद को टॉप-10 में लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की समग्र रैंकिंग 24वीं, जबकि विकास कार्यों की रैंकिंग 46वीं है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरे करने और पोर्टल पर सही आंकड़े दर्ज करने को कहा। आईजीआरएस सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना-2027 की तैयारी तेज, 44 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण

हमीरपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जनपद में 44 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी अशोक कुमार और अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित हो रहा है। पहले बैच में 28 और दूसरे में 16 फील्ड ट्रेनर्स शामिल हैं। मास्टर ट्रेनर अशोक पाल और यशवंत यादव प्रशिक्षण दे रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 15 से 30 नवंबर तक नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा मिलेगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से पांच जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से स्व-गणना में भाग लेने और घर पहुंचने वाले अधिकृत प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की।

आपदा प्रभावित 4,704 लोगों को 2.09 करोड़ की राहत

हमीरपुर। बाढ़, अतिवृष्टि और चक्रवात से प्रभावित किसानों एवं परिवारों को जिला प्रशासन ने 2.09 करोड़ से अधिक की राहत सहायता उपलब्ध कराई है। सोमवार को हमीरपुर, मौदहा और सरीला तहसीलों में राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राकृतिक आपदा से 127 गांवों के 3,008 किसानों की 1,568.103 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई। किसानों के खातों में 1,41,96,952 कृषि निवेश अनुदान के रूप में डीबीटी से भेजे गए। वहीं, मकान क्षति से प्रभावित 1,696 लोगों को 67,86,500 की सहायता दी गई। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने कहा कि आपदा प्रभावित किसानों और परिवारों को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व राज्यमंत्री अच्छेलाल निषाद सैकड़ों समर्थकों संग सपा में शामिल

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

पूर्व राज्यमंत्री अच्छेलाल निषाद रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अच्छेलाल निषाद ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में वर्ष 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने नए सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की जयंती भी मनाई गई। उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नए सदस्य मौजूद रहे।

हमीरपुर में यूरिया-डीएपी का पर्याप्त स्टॉक, किसान न करें जमाखोरी

हमीरपुर। रबी अभियान 2026-27 के तहत जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता का दावा करते हुए जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से जरूरत के अनुसार ही खाद खरीदने की अपील की है। विभाग के अनुसार, निजी और सहकारी बिक्री केंद्रों पर 14,700 मीट्रिक टन यूरिया तथा 7,855 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। अब तक 1,800 मीट्रिक टन यूरिया और 2,176 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक वितरित किया जा चुका है। प्रयागराज से 600 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक आवंटित हुआ है, जबकि 1,350 मीट्रिक टन इफको फॉस्फेटिक उर्वरक 15 अक्टूबर तक महोबा पहुंचने की संभावना है। डीएपी की मांग को देखते हुए आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को अन्य प्रमाणित कंपनियों की डीएपी भी खरीदने की सलाह दी गई है।

सरीला में 5 हजार से अधिक श्रमिकों को मिला रोजगार

सरीला (हमीरपुर)। विशेष रोजगार दिवस के तहत सोमवार को विकासखंड सरीला की 45 ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायत में रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। इसके माध्यम से पांच हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत जी राम जी योजना से जुड़े 100 से अधिक कार्यों के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार दिया गया। बरहरा, खेड़ा शिलाजीत और बिलगांव सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को योजना की जानकारी दी गई। एपीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि योजना के तहत रोजगार की अवधि 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने की व्यवस्था है। इससे ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार मिलने और शहरों की ओर पलायन रोकने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चंद्रिका राजपूत सहित ग्राम प्रधान और विकासखंड की टीम मौजूद रही। कार्यों की निगरानी भी की गई।

भक्तों ने मां काली के दरबार में लगाई हाजिरी गूंजी जय-जयकार

गुरसराय (झांसी)। नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मंदिरों और मोहल्लों में आरती हुई। वहीं पटकाना स्थित ऐतिहासिक मां काली पूजा पंडाल में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पुजारी अभिनव शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद भव्य आरती हुई, जिसमें मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भीड़ को देखते हुए समिति ने व्यवस्थाएं कीं और आरती के लाइव प्रसारण का इंतजाम किया। सुरक्षा के लिए गुरसराय थाना पुलिस तैनात रही। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पंकज आर्या, उपाध्यक्ष गगन यादव, सार्थक नायक व अनुज झां, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित समिति के सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

झांसी। कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर झांसी के कांग्रेसियों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बारा खंभा रोड और मंडी हाउस क्षेत्र में एकत्र हुए और नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग उठाई।यह प्रदर्शन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा और जगदीश चंद्र जांगिड़ के निर्देश पर किया गया।प्रदर्शन में पीसीसी सदस्य राजेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र शर्मा, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, डॉ. विजय भारद्वाज, अरविंद बब्लू, मनीराम कुशवाहा, योगेंद्र सिंह परीछा, पंकज मिश्रा नौटा, हरवंश लाल, प्रिंस कटियार, प्रफुल्ल तिवारी, लोकेन्द्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

समृद्धि न्यूज़, गुरसराय (झांसी)।

मिशन शक्ति फेस-6 के तहत थाना गुरसराय के संयोजन में खैर इंटर कॉलेज के बालिका विभाग से जागरूकता रैली निकाली गई। उप पुलिस अधीक्षक गरौठा पीयूष कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली थाना परिसर, बस स्टैंड और बाजार से होकर गुजरी। छात्राओं ने टोल फ्री नंबरों की तख्तियों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया।पीयूष कुमार पांडेय ने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है। किसी भी समस्या पर महिलाएं टोल फ्री नंबरों या महिला थाने में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। रैली का नेतृत्व थाना अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी ने किया। इसमें खैर इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों तथा पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

विवेक निरंजन वॉलीबॉल लीग में बड़ागांव सहित पांच टीमों ने जीते मुकाबले

झांसी। विवेक निरंजन खेल अकादमी के तत्वावधान में इंटर स्कूल वॉलीबॉल लीग 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बड़ागांव इंटर कॉलेज, ब्लू बेल्स, हंसराज मॉडर्न स्कूल, संस्कृति संस्कार और मून इंटरनेशनल ने मुकाबले जीते। बड़ागांव ने संस्कृति संस्कार को, ब्लू बेल्स ने जय एकेडमी को, हंसराज ने बड़ागांव को, संस्कृति संस्कार ने ब्लू बेल्स को और मून इंटरनेशनल ने संस्कृति संस्कार को हराया। बड़ागांव-ए ने ब्लू बेल्स-ए को भी शिकस्त दी।निर्णायक सतीश कंचन, राज किशोर तिवारी, बद्री प्रसाद सेन, अशोक यादव और धीरेंद्र यादव रहे। संचालन रामकिशन निरंजन ने किया तथा आभार राजेश पटेल ने व्यक्त किया।

जिले के अन्नदाताओं को बांटी दो करोड़ रुपए से अधिक की दैवीय आपदा राहत

2367 किसानों व 3463 आपदा प्रभावित लोगों को मिली आर्थिक मदद

बांदा। प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों और प्रभावित परिवारों को जल्द राहत पहुंचाने को प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को पूरे प्रदेश के 9.18 लाख किसानों को डीबीटी के जरिए 493 करोड रुपए की राहत राशि जारी की। इसी क्रम में जिले की पांचों तहसीलों में लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित की गई। साथ ही सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण को अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और लाभार्थियों ने सुना व देखा। लाभार्थियों को सहायता राशि देकर राहत दी गई। समूचे जनपद की सभी तहसीलों में सोमवार को आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के 2367 किसानों को 863.78 हेक्टेयर फसल क्षति के सापेक्ष 69,70,742 रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदा से बेघर व प्रभावित हुए 3463 लाभार्थियों को 4000 रुपये प्रति लाभार्थी की दर से कुल 1,38,52,000 रुपये मकान क्षति सहायता राशि का वितरण किया गया। सदर तहसील में बड़ोखर खुर्द ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, विधायक प्रतिनिधि रजत, तहसीलदार विकास पांडेय व जिला आपदा विशेषज्ञ डा.प्रभाकर सिंह ने लाभार्थियों को चेक सौंपे। बबेरू तहसील में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल व तहसीलदार राधेश्याम सिंह की मौजूदगी में वितरण हुआ।

मीडियाकर्मियों की हिरासत के विरोध में पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

सम्प्रद्धि न्यूज, महोबा।

हरियाणा में हिंदी खबर न्यूज़ चैनल के प्रधान संपादक अतुल अग्रवाल, संपादक सौरभ उपाध्याय और महिला पत्रकार सुदेश नैनमोर को हिरासत में लिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। संयुक्त मीडिया क्लब, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के नेतृत्व में पत्रकारों ने नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा। उन्होंने निष्पक्ष जांच, न्यायोचित कार्रवाई और पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की। पत्रकारों की स्वतंत्रता और सुरक्षा के मुद्दे को लेकर विभिन्न पत्रकार संगठनों ने प्रदर्शन किया। संयुक्त मीडिया क्लब, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के बैनर तले एकत्र हुए पत्रकारों ने हाथों में तख्तियां लेकर हरियाणा में हिंदी खबर न्यूज़ चैनल के प्रधान संपादक अतुल अग्रवाल, संपादक सौरभ उपाध्याय और महिला पत्रकार सुदेश नैनमोर को हिरासत में लिए जाने के मामले में विरोध जताया।प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने जमकर नारेबाजी की और गिरफ्तार पत्रकारों की जल्द रिहाई की मांग उठाई। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन संयुक्त मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष भगवानदीन यादव, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान बुंदेलखंड के वरिष्ठ टीवी पत्रकार इरफान पठान भी मौजूद रहे। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने, हिरासत के कारणों और आरोपों को लेकर पारदर्शिता बरतने तथा कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पत्रकार संरक्षण कानून लागू करने की दिशा में पहल करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर इरफान पठान ने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ अनुचित कार्रवाई पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि कलम और कैमरे पर पहरा लगाने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इस मौके पर मनोज ओझा, दीपक बाजपेई, कफील अहमद शाहनवाज खान, इमरान खान, अजय कुमार मिश्रा, मुकेश यादव, अनीस मंसूरी, शारिक नवाज, राजा सिंह, दीपक बुंदेला, भरत त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार, नीरज व्यास, दिलशाद, मु.सरफराज, आशीष अग्रवाल, मु.शकील, शान मुहम्मद, अमरेश, वाकर अली, शमशाद, तीरथ सिंह, राजीव तिवारी, गुलाब सिंह, साक्षी वर्मा, अमित कुमार, दिलीप कुमार, रेहान खान सहित आधा सैकड़ा से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

मिशन शक्ति के तहत आयोजित हुआ महिला सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज़, बांदा।

मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत पुलिस लाइन में आयोजित समारोह के दौरान शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट ल सराहनीय कार्य करने वाली छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा, अधिकारों, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षा के प्रति सजग, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत सोमवार को पुलिस लाइन में महिला सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर प्रतिज्ञा सिंह ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कायर्क्रम में भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, डीआर पब्लिक इंटर कॉलेज, सैंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भागवत प्रसाद मेमोरियल अकेडमी, रामेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज की छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भागीदारी की। अपर एसपी ने किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस से सहायता लेने के लिए जागरूक किया। छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन व सहायता हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 102, 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, महिला हेल्पलाइन-181, एंबुलेंस सेवा-108 व अग्निशमन सेवा-101 की जानकारी दी।

मेंहदी व चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई मेधा: मां अंबे की थीम पर प्रभुता फाउंडेशन की ओर से भारतीय नवयुवक समाज में मेहंदी व आर्ट प्रतियोगिता में बालिकाओं व महिलाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मां अंबे के विभिन्न स्वरूपों, धार्मिक प्रतीकों एवं भक्ति से जुड़ी कलाकृतियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक संध्या दीक्षित, शिल्पी साहू, अंजू शर्मा रहीं।

एनएच पर डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बांदा। तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के बाद घर आ रहे बाइक सवार युवक को डीसीएम ने बुरी तरह से रौंद दिया। जिला अस्पताल में उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के डीएम कालोनी निवासी हेमंत (38) पुत्र बल्देव प्रजापति रविवार को मटौंध थाना क्षेत्र के बसहरी गांव तेरहवीं में शामिल होने के बाद रात को बाइक से घर लौट रहा था। झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे स्थित भूरागढ पुलिस चौकी के समीप सामने से आ रहे डीसीएम की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई अभिषेक ने बताया कि हेमंत भाड़े पर कार चलवाने का काम करता था।

राष्ट्रीय पटल पर चमका जनपद जालौन, कृषि विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीएम सम्मानित

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में प्रदान किया राष्ट्रीय सम्मान

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।

बुंदेलखंड की धरती जनपद जालौन ने कृषि विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर अपना परचम लहराकर जिले का गौरव बढ़ाया है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PMDDKY) के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (NASC) में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डीएम समीर को सम्मान प्रदान किया। यह उपलब्धि किसानों की पैदावार बढ़ाने, खेती की लागत को नियंत्रित करने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाती है। देश के 100 आकांक्षी कृषि जिलों में शामिल जालौन में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने, कृषि ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य किया गया। डीएम के नेतृत्व में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, सिंचाई और बैंकिंग सहित संबंधित विभागों ने किसानों की आवश्यकताओं के अनुरुप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

खबरें एक नजर में

नवरात्र के दूसरे दिन भी दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

महाराजगंज। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन जनपद के प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पूजा को उमड़ी। श्रद्धालुओं ने आदिशक्ति जगदंबा का पूजा अर्चना, धूप, अगरबत्ती, कपूर जला,फूल फल चढ़ा प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगा। जनपद के आदरन लेहड़ा माता, रक्तहिया माता, टिकुलहिया माता, बनैलिया माता, बोकड़ा माता,कुड़िया माता,मुख्यालय स्थित दुर्गा माता व लक्ष्मीपुर देउरवा स्थित दुर्गा मंदिर पर श्रद्धालु स्त्री, पुरुष, बच्चे, बच्चियां भारी संख्या में पहुंचे और जय माता दी के नारों के साथ पूजा अर्चना किए। इस दौरान शांति व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को आने-जाने की व्यवस्था बनाए रखने के बाबत पुलिस प्रशासन डटा रहा। नवरात्र के दूसरे दिन भी श्रद्धालु सुबह से ही शक्तिपीठों पर पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना में जुट गए और दर्शन पूजा कर धन्य हुए।

आलू बीज के लिए पंजीकरण अनिवार्य

महाराजगंज। शासन द्वारा किसानों को उन्नतशील आलू बीज उपलब्ध कराने के क्रम में जनपद के लिए 75 कुंतल कुफरी सिंदुरी प्रजाति का आलू बीज एलाट हुआ है। जिसके लिए, किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी के अनुसार किसानों को 3630 रुपए प्रति कुंतल के दर से कुफरी सिंदुरी आलू बीज उपलब्ध होगा। इसके लिए किसान को पोटैटो डॉट यूपी हॉर्टिकल्चर डाट इन पर आन लाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। किसान जल्द से जल्द उन्नतशील आलू बीज के लिए पंजीकरण करा लें। विस्तृत जानकारी के लिए, किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषकों के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

महाराजगंज। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत राज्य अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण के लिए कृषि विभाग द्वारा जनपद के उद्यान विभाग के कुल 60 किसानों के दल को आज उपजिलाधिकारी ,उप कृषि निदेशक संजीव कुमार एवं जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट मुख्यालय से रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि 60 किसानों के दल को आज से 16 अक्टूबर 2026 तक इंडो -इसराइल सेंटर आफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स/ मैंगो बंजरिया फॉर्म (ओद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र)बंजरिया बस्ती एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में प्रशिक्षण दिया जाएगा।इस दल के साथ बस जगत नारायण प्रजापति विकास अधिकारी (कृषि) उपस्थित रहे। उक्त कृषक दल उक्त संस्थान/ विश्वविद्यालय में उद्यानिकरण, सब्जी की खेती, फलों की खेती एवं उनसे बनने वाले उत्पाद, मधुमक्खी पालन,मत्स्य पालन, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन,डेरी दूध उत्पादन की तकनीकी जानकारी तथा औषधीय पौधों की जानकारी एवं उनके खेती करने की जानकारी प्राप्त करेंगे। कृषकों को कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मां कल्याणी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

प्रयागराज। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को प्रयागराज के प्राचीन शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। घंटा-घड़ियाल, शंखनाद और मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. श्यामजी पाठक ने सुबह मां की विशेष मंगला आरती और महाभिषेक संपन्न कराया। वहीं, पं. संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में 11 ब्राह्मण मंदिर परिसर में शतचंडी महायज्ञ कर रहे हैं। इसके साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जा रहा है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति ने गर्भगृह में सेल्फी लेने पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार सेल्फी लेने के दौरान श्रद्धालुओं की पीठ मां की ओर हो जाती है, जिससे पूजा की मर्यादा और व्यवस्था प्रभावित होती है। अब श्रद्धालु दर्शन के बाद गर्भगृह के बाहर से तस्वीर ले सकेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मां कल्याणी देवी मंदिर के साथ ही मां अलोपशंकरी और मां ललिता देवी मंदिरों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। पुलिस के साथ पीएसी और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भीड़ पर नजर रखी जा रही है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल, एंटी रोमियो स्क्वॉड और क्विक रिस्पांस टीम को सक्रिय रखा गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कल्याणी देवी मंदिर देश के 51 शक्तिपीठों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। नवरात्र के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं।

रामबरन रावत बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष

- बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक का तय किया सफर

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बूथ स्तर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले रामबरन रावत को रायबरेली जिले में अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा उत्तर प्रदेश की ओर से 11 अक्टूबर 2026 को जारी नियुक्ति सूची में उनके नाम की घोषणा की गई। इस नई जिम्मेदारी के साथ अब उनके कंधों पर जिले में मोर्चे के संगठनात्मक कार्यों को गति देने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने और संगठन की गतिविधियों को

आगे बढ़ाने का दायित्व होगा। रामबरन रावत का संगठनात्मक सफर बूथ अध्यक्ष के दायित्व से शुरू होकर मंडल और जिला स्तर तक पहुंचा है। उनके संगठनात्मक परिचय के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2006 में बूथ अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इसके बाद सेक्टर प्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और विधानसभा सलोन के प्रभारी सहित विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।संगठन में उनकी सक्रियता का सिलसिला आगे भी जारी रहा। वर्ष 2018 से वह जिला कार्यसमिति सदस्य तथा वर्ष 2021 से अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहे। विभिन्न संगठनात्मक जिम्मेदारियों के अनुभव के बाद अब उन्हें जिले में मोर्चे के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई जिम्मेदारी, नई चुनौतियां

जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रामबरन रावत ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा जताया। नई जिम्मेदारी के तहत संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाए रखना और समाज से जुड़े मुद्दों को संगठन के माध्यम से उठाना उनके प्रमुख कार्यों में शामिल रहेगा। रामबरन रावत के संगठनात्मक जीवन का नया पड़ाव है। विभिन्न स्तरों पर जिम्मेदारियां निभाने के बाद मिली इस नई भूमिका में उनके सामने संगठन को मजबूत बनाने और मोर्चे की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की चुनौती होगी।

दि पैरामाउंट एकेडमी के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लहराया परचम, जीते 15 पदक

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

दि पैरामाउंट एकेडमी, शास्त्री नगर के मेधावी छात्र-छात्राओं ने 5वीं इंटर-स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में अकादमी के 15 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और सभी ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।स्वर्ण पदक विजेताओं में ओजल यादव, शिवांश देवराज और अंशिका श्रीवास्तव शामिल रहे। रजत पदक जीतने वालों में नेयोर शर्मा, सुयश शुक्ला, कार्तिक, अधीश और अव्यान यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, कांस्य पदक विजेताओं में अधिश्री शुक्ला, आत्रेय मिश्रा, आयुषमान शर्मा, आरना सिंह, रिधिमा शुक्ला, आभ्रय गुप्ता और दिव्यांश गुप्ता ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नेहा सिंघानिया ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने का साहस विकसित करते हैं।

अनियमिता बरतने पर ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

विकासखंड निचलौल के बढहरा चरगहा ग्राम पंचायत में बगैर काम हुए ऑनलाइन रिकॉर्ड में 906 हाजिरी दर्ज पाए जाने पर निचलौल विकासखंड में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार मद्धेशिया को निलंबित कर दिया गया है।साथ ही बढहरा चरगहा के ग्राम प्रशासक राजकुमार कुशवाहा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। तथा तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है. जिलाधिकारी गौरव सिंह सौगरवाल के निर्देश पर हुई जांच में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार गौरवेंद्र सिंह ने बड़हरा चरगाह में चकबंदी कार्यों के चार स्थान पर अनियमिता पकड़ी है।जांच के यह मामला प्रकाश में आया है। कि प्रहलाद के खेत से महाजन के खेत तक, हरि लाल के खेत से नागेंद्र के खेत तक, शंभू के खेत से लाल हरी के खेत तक और हरीलाल के खेत से जगदीश के खेत तक काम प्रस्तावित था।इन स्थलों पर काम नहीं होने के बावजूद 906 ऑनलाइन हाजिरी दर्ज मिला है। जिसमें प्रति हाजिरी 300 रूपये की दर से कुल 271800 रुपए सरकारी धनराशि के गवन करने के प्रयास का आरोप है।जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम विकास अधिकारी पर मानकों का पालन नहीं करने कार्यो में लापरवाही एवं उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना समेत 8 आरोप लगाए गए है।

मिशन शक्ति के तहत निकली महिला जागरूकता रैली, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को जनपद में महिला जागरूकता रैली निकाली गई। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित रैली को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने उद्योग चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला पुलिसकर्मियों सहित विभिन्न विभागों की करीब 200 महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली उद्योग चौराहे से शुरू होकर दुर्गा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि रैली में महिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का संदेश दिया गया।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शारदीय नवरात्रि के प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम के आधार पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शारदीय नवरात्रि को महिला सशक्तिकरण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। किसी भी विषम परिस्थिति में उन्हें उपलब्ध सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में जनजागरूकता कार्यक्रमों को लगातार प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा, ताकि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

लेहड़ा मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुगम दर्शन के लिए डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

- पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग प्रवेश-निकास
- बैरिकेडिंग व पार्किंग की व्यवस्था के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।

शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने लेहड़ा मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा इंतजामों, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में दर्शन के लिए पुरुषों और महिलाओं के प्रवेश एवं निकास की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भीड़ का दबाव कम रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराने तथा प्रवेश और निकास मार्गों को स्पष्ट रूप से चिह्नित करने पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर और आसपास नियमित साफ-सफाई कराने, कूड़े का उचित निस्तारण करने तथा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए आवश्यकतानुसार मोबाइल शौचालय स्थापित कराने के लिए नगर पंचायत बृजमनगंज को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने मंदिर मार्ग पर यातायात सुचारु बनाए रखने, अनावश्यक जाम से बचाव और वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिलाधिकारी ने एंबुलेंस और मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। पार्किंग, बैरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण के संबंध में क्षेत्राधिकारी फरेंदा को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने तथा अराजक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को कहा। डीएम श्री सोगरवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ भीड़ प्रबंधन करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

न. पा. परिषद अध्यक्ष ने किया सीसी रोड नाली निर्माण का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज। नगर पालिका परिषद महाराजगंज क्षेत्र के बिस्मिल नगर में स्वर्गीय भीम नारायण पटेल के मकान से राजेंद्र मिश्रा के मकान होते हुए महाराणा प्रताप स्कूल के पहले तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती मंगल ने कहा कि नगर के विकास,बेहतर सड़क व्यवस्था एवं जल निकासी की सुविधाओं को मजबूत करना नगर पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल है। नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर 318 सदर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी निर्मेष मंगल, प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव,अवर अभियंता देवेंद्र कुमार,सभासद लालजी गुप्ता, सदरे आलम, प्रिंसिपल अरविंद,असलम खान, गोरख पटेल, सफाई नायक भानु प्रताप शर्मा, मकसूद खान,आरिफ खान,मेराज प्रधान सहित क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

मंदिर में दर्शन करने गई महिला के गले से चेन चोरी, मंदिर परिसर में सीसीटीवी लगवाने के लिए लोगों ने उठाई मांग

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जनपद के कसया थाना क्षेत्र के मैनपुर कोट स्थित मां दुर्गा मंदिर में सोमवार को दर्शन करने आई एक 60 वर्षीय महिला की सोने की चेन गायब होने का मामला सामने आया है। महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ माता के दर्शन करने पहुंची थी। दर्शन के लिए लाइन में खड़े होने के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने उनके गले से सोने की चेन निकाल लिया। घटना के बाद मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र के अहिरौली टोला डुमरी, चुरामन छपरा निवासी गीता मिश्रा 60 वर्ष सोमवार को अपने परिजनों के साथ मैनपुर कोट स्थित माता के मंदिर में दर्शन करने पहुंची थीं। वह दर्शन के लिए कतार में खड़ी थीं। इसी दौरान भीड़ में दो-तीन बार धक्का-मुक्की हुई। महिला के मुताबिक इसी दौरान किसी महिला ने उनके गले से सोने की चेन निकाल ली। भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें तत्काल इसकी जानकारी नहीं हो सकी। दर्शन करने के बाद जब उन्होंने अपने गले में देखा तो सोने की चेन गायब थी। इसके बाद परिजनों के बीच अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों में सरिता, सीमा, तेज प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि मंदिर में दर्शन के दौरान भारी भीड़ का फायदा उठाकर चेन चोरी करने जैसी घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। लोगों ने ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि के दिनों में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसके बावजूद मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने को लेकर लोगों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि मंदिर परिसर और दर्शन के लिए लगने वाली कतारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती हो, तो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकती है।

मंदिर समिति और प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की मांग- श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों ने मंदिर समिति, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, भीड़ प्रबंधन की उचित व्यवस्था करने तथा नवरात्रि के दौरान सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि लोग बिना किसी भय के माता के दर्शन कर सकें।

नगर पंचायत उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियाँ रवाना

समृद्धि न्यूज, सलोन-रायबरेली।

नगर पंचायत सलोन अध्यक्ष पद के उपचुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को मतदान कर्मियों को निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के पांच मतदान केंद्रों पर बनाए गए 29 बूथों के लिए 116 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि चार रिजर्व पार्टियों में 12 कर्मचारियों को रखा गया है। मतदान कर्मियों की रवानगी व्यवस्था का जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ पीठासीन अधिकारियों के समय से नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने चुनाव कार्य में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। नगर पंचायत सलोन में अध्यक्ष पद के लिए 13 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में नौ, राजकीय बालिका विद्यालय में छह, कन्या जूनियर हाईस्कूल में छह, प्राथमिक पाठशाला सलोन में चार और प्राथमिक पाठशाला सलोन देहात में चार बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर मतदान संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों को

रवाना कर दिया गया है। वहीं, रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर मतदान कर्मियों की अपने-अपने केंद्रों पर समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही मतदान कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचने और अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।नगर पंचायत के 15 वार्डों में कुल 23,844 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 11,913 पुरुष और 11,931 महिला मतदाता शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार, सीडीओ अंजू लता, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार गौतम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सेवा भाव, शुचिता व समता के प्रबल पक्षधर थे डॉ. लोहिया: इ. वीरेंद्र

समृद्धि न्यूज, रायबरेली। समाजवाद के नायक, स्वतंत्रता सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में विचार गोष्ठी आयोजित कर जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में मनायी गयी।

डॉ लोहिया के विचारो सिद्धांतो पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि वह राजनीत में सेवा भाव, शुचिता एवं समता के प्रबल पक्षधर व अन्याय के विरोध में आवाज उठाने वाले राजनेता थे। आजादी के उपरांत गरीबों के हित में उन्होंने कहा दवा पढ़ाई सस्ती हो रोटी कपड़ा मुफ्ती हो, अन्याय के विरोध में नारा दिया जिंदा कौमें पाँच वर्ष इंतेजार नहीं करती।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाते हुए नेता जी मुलायम सिंह यादव ने समाजवाद को देश दुनिया में बढ़ाने का कार्य किया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में डॉ लोहिया के नाम पर अनेकों विकास परक योजनाएं गाँव गाँव तक संचालित करायी गयीं।

डॉ लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वरिष्ठ नेता ओपी यादव, आफ्ताब अहमद, दिनेश यादव, महासचिव मो.अरशद खान, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, हसीन अहमद, राजेश मौर्य, अरुण प्रताप यादव, शुभम लोहिया, राम खेलावन प्रजापति, मो. मुशीर, शिवदुलारी यादव, शिवनारायण सोनकर, इजहार खान, मो. कैफ अभिषेक यादव आदि ने विचार व्यक्त किया।

ओवरलोडिंग, नशे में ड्राइविंग व अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

त्योहारों में सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए प्रशासन सख्त

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा एवं दीपावली के त्योहारों को देखते हुए जिले में सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बैठक आयोजित की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यात्रियों की सुविधा, सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों, परिवहन संचालकों एवं यूनियन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को जारी निर्देशों के क्रम में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया गया कि त्योहारों के दौरान यात्री वाहनों में निर्धारित किराया ही लिया जाए और यात्रियों के साथ शिष्ट व्यवहार किया जाए। किसी भी परिस्थिति में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। निजी बस, टैक्सी एवं ई-रिक्शा संचालकों को अपने चालकों और परिचालकों का पुलिस एवं चरित्र सत्यापन कराने तथा संबंधित अभिलेख सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। सत्यापित चालकों से ही वाहन संचालित कराने पर जोर दिया गया।

लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी

- आरआरसी व सामुदायिक शौचालयों के नियमित संचालन पर दें विशेष ध्यान

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित योजनाओं, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, वित्तीय प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के निर्माण एवं संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीण स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई देना चाहिए। इसके लिए नियमित समीक्षा, स्थलीय निरीक्षण और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण स्वच्छता और पंचायतों से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में स्थापित रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) का नियमित संचालन सुनिश्चित करने, घर-घर कूड़ा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण और उचित निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी बनाने पर जोर दिया। जैव विविधता रजिस्टरों को अद्यतन रखने और टीम गठित कर उनका परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की वित्तीय प्रगति, व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम ने पात्र लाभार्थियों के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने उपलब्ध धनराशि का पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने, साफ-सफाई, जलापूर्ति एवं रखरखाव की व्यवस्था दुरुस्त करने तथा केयरटेकर के मानदेय संबंधी प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करने को कहा गया। ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने पर बल दिया। पीडब्ल्यूएमयू (प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट) के माध्यम से पूरे जनपद को संतृप्त करने हेतु कार्ययोजना एवं नक्शा तैयार करने तथा प्रसंस्कृत प्लास्टिक का सड़क निर्माण में उपयोग किए जाने की संभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। गोबरधन परियोजना के प्रभावी संचालन में आने वाली समस्याओं का संबंधित विभागों के समन्वय से समाधान कराने को भी कहा गया। बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सर्वाधिक धनराशि अवशेष रखने वाली 10 ग्राम पंचायतों तथा पंचम वित्त आयोग के अंतर्गत शून्य व्यय करने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अवशेष धनराशि एवं शून्य व्यय के कारणों का परीक्षण कर स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने तथा वित्तीय प्रगति की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पंचायत सहायकों के मानदेय, अगस्त माह में सहज जन सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रदान की गई सेवाओं, अंत्येष्टि स्थलों की स्थिति, पंचायत भवन निर्माण तथा चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मायानगरी में अभिनय का जलवा बिखेर रहीं सिम्मी दीक्षित

- फिल्म 'युवा सरकार' में निभाएंगी प्रमुख भूमिका, टीवी धारावाहिकों में भी बनाई पहचान

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर नगर के निकट असालत नगर गांव की सिम्मी दीक्षित मायानगरी में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली सिम्मी जल्द ही फिल्म 'युवा सरकार' में प्रमुख भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पैशन मूवी मेकर प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक संतोष कुमार हैं, जबकि छायांकन निर्देशक मैथ्यू राजन हैं। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री सिम्मी दीक्षित के साथ वीरन केशव, कृति धर्मराज, अल्फिया शेख, कन्नड़ अभिनेत्री जानवी, वाईजी मधुमती, वाईजी महेंद्र, चंद्रशेखर, श्रुति देश पांडे, प्रखर पांडे, लखन और सुरेश्वर सहित कई कलाकार नजर आएंगे।

ज्ञानेंद्र दीक्षित और आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीता दीक्षित की बेटी सिम्मी इससे पहले 'पुष्पा इम्पॉसिबल', 'रब से है दुआ', 'कुछ रंग प्यार के ऐसे भी' और 'ये मोह मोह के धागे' जैसे टीवी धारावाहिकों में अभिनय कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' में भी अपनी प्रतिभा दिखाई है। वह ओटीटी सीरीज 'बड़ी हीरोइन बनती है' में भी काम कर चुकी हैं। अब वह बिजली समस्या पर आधारित फिल्म 'आंकड़ा' में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही है। वर्ष 2015 में फर्रूखाबाद युवा महोत्सव में 'मिस प्रिटी' का खिताब जीतने वाली सिम्मी ने जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी और केंद्रीय विद्यालय, कानपुर में शिक्षा प्राप्त की। अभिनय के क्षेत्र में आगे बढ़ने से पहले उन्होंने ढाई साल तक स्पाइसजेट, बिरला ग्रुप और इंडिगो में एयर होस्टेस के रूप में काम किया। बाद में किशोर नमित कपूर से अभिनय का प्रशिक्षण लेकर मनोरंजन जगत में कदम रखा। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहीं सिम्मी की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी उपलब्धियां कन्नौज जिले को गौरवान्वित कर रही हैं।

43.34 लाख लगाएं पौध अब संरक्षण में लापरवाही पर होगी सख्तीः सीडीओ

कन्नौज। जिले में वर्ष 2026 में लक्ष्य के सापेक्ष 43,34,600 पौधे लगाए गए हैं। अब इनके संरक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण की सफलता पौधों के जीवित रहने से तय होगी। इसके लिए नियमित सिंचाई और देखभाल सुनिश्चित की जाए। अंतर्विभागीय जांच समिति पौधरोपण का स्थलीय सत्यापन कर समय से रिपोर्ट दे। सभी विभाग पौधों की गणना पंजिका तैयार कर हर महीने जीवितता का ब्योरा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अपलोड करें। सीडीओ ने सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल लगाने, किसानों को कार्बन क्रेडिट के प्रति जागरूक करने और कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

पं सलिल विश्वमोहन भट्ट ने कराई सात सुरों की यात्रा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट द्वारा सात्विक वीणा वादन के दौरान दो राग प्रस्तुत पर छात्र-छात्राओं ने संगीत का आनंद लेते हुए रागों का आत्मिक अनुभव प्राप्त किया। पंडित सलिल भट्ट ने भारतीय संगीत का आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक पक्ष छात्रों के समक्ष रखते हुए कहा कि भारतीय संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि मन शरीर और चेतना को प्रभावित करने वाली साधना है। राग के स्वर जहां मन के भावों को स्पर्श करते हैं वहीं उनकी अनुभूति शरीर और चेतना के विभिन्न स्तरों से भी जुड़ सकती है। उन्होंने छात्रों को संगीत को केवल श्रवण की कला के बजाए उसे समझने और भीतर अनुभव करने की दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने राग की संरचना और उसके क्रमिक विकास की व्यावहारिक जानकारी भी दी। सात्विक वीणा पर उन्होंने राग भोपाली, राग पहाड़ी तथा राग रागेश्वरी की शानदार प्रस्तुति दी। इनके द्वारा आलाप, जोड़, झाला और गत भी प्रस्तुत की गई। तबले पर पंडित हिमांशु महंत ने साथ देते हुए समा बांध दिया। इसके बाद भक्ति रचना पायो जी मैंने, राम रतन धन पायो की प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक भाव से भर दिया। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, श्वेता सक्सेना, मैनेजर हिमांशु सक्सेना तथा सुप्रभाष अकादमी की प्रधानाचार्य अलका गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

मिशन शक्ति फेज/6 के तहत सम्मान समारोह आयोजित

- पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में विधायक
- डीएम और एसपी ने बढ़ाया महिलाओं का हौसला

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति फेज-6 के तहत सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन के मनोरंजन हाल में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा, खेल, चिकित्सा, पत्रकारिता, समाजसेवा और पुलिस सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 14 महिलाओं व बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में प्रतिभाओं को सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वालों में संस्कृत बोर्ड परीक्षा-2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान पाने वाली सृष्टि दीक्षित, गतका खिलाड़ी अनामिका, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी, विज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली रिया तथा फुटबॉल खिलाड़ी गौरी यादव और निधि पाल शामिल रहीं। इसके अलावा राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त सुमन लता यादव, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय के लिए सम्मानित मनीषा सिंह, चिकित्सक डॉ. अमिता पटेरिया और डॉ. स्वास्तिका शालिनी, महिला सशक्तीकरण में योगदान देने वाली अर्चना, पत्रकार इरा अवस्थी, महिला आरक्षी अपूर्वा और मुख्य आरक्षी नीरज को भी सम्मानित किया गया।

पंडाल में गूंजे जय माता दी के नारे

छिबरामऊ, कन्नौज। फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में चल रहे दुर्गा महोत्सव में बाल कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पंडाल में माता दी के जयकारे लगाते रहे। मां दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिन शैल पुत्री बनी संविका गुप्ता ने अपनी सहेलियों के साथ धार्मिक गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत करके तालियां बटोरी। इससे पहले रविवार को कलश यात्रा निकाली गई और आचार्य नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने उषा गुप्ता एवं विमलेश कुमार से हवन पूजन करवाने के साथ मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम 8 बजे आरती होगी। प्रत्येक रात 8 से 12 बजे तक बाल कलाकार धार्मिक कार्यक्रमों पर प्रस्तुति देंगे। अनुज गुप्ता, आशीष, लक्की वर्मा, गौरव, विमलेश, अन्नू आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

इंदिरा आवास कॉलोनी में दुर्गा महोत्सव

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

समाजवादी व्यापार सभा ने निकाली रैली

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर और प्रदेश सचिव दिनेश गुप्ता ने किया।

इस दौरान व्यापारियों ने प्रस्तावित शुल्क पर चिंता जताते हुए सरकार से पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान आज व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों तक, बड़ी संख्या में लोग यूपीआई के माध्यम से लेनदेन करते हैं। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। इससे छोटे कारोबारियों के कामकाज पर भी असर पड़ सकता है। समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों ने सरकार से व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने और यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर लगातार आवाज उठाता रहेगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, शैलेंद्र सिंह राठौर, अवनीश गुप्ता, देवेश पाल, महेंद्र सिंह निम, प्रद्युम्न सिंह, राम प्रकाश यादव, विपिन, संजय, सलमान, गौरव, सुदेश पाल, सतीश और रामकुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर 50 हजार नकदी और आभूषण चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर बनवारी गांव में आठ अक्टूबर को दिनदहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। गांव निवासी पिंकी पत्नी विक्रम ने अज्ञात लोगों पर घर का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पिंकी के अनुसार आठ अक्टूबर को वह अपने पति और बच्चों के साथ धान की फसल की देखभाल करने खेत पर गई थी। घर में ताला लगा हुआ था। परिवार के वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला। आरोप है कि अज्ञात लोग घर में घुसकर सेफ-अलमारी का ताला तोड़ ले गए। पीड़िता ने बताया कि अलमारी में रखे 50 हजार रुपये नकद, सोने का हार, टीका, हाथफूल, कान के झाले और नथ के अलावा चांदी की दो जोड़ी पायल तथा चांदी की तोड़ियां गायब हैं। मंडी चौकी प्रभारी सुरेश चतुर्वेदी ने मामले को प्रथम दृष्टया पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताते हुए शिकायत को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच पूरी होने के बाद ही शिकायत में लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बर्बाद फसलों पर 3432 किसानों को 1.52 करोड़ की राहत

- ऊर्जा राज्यमंत्री ने वितरित किए अनुदान प्रमाणपत्र
- खातों में भेजी गई धनराशि

तिर्वा/कन्नौज। सितंबर के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश से फसलें बर्बाद होने पर तिर्वा तहसील क्षेत्र के 3432 किसानों को 1.52 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। सोमवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक कैलाश राजपूत और तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने प्रभावित किसानों को अनुदान प्रमाणपत्र वितरित किए। 25 से 27 सितंबर के बीच हुई बारिश से क्षेत्र के कई किसानों की फसलें प्रभावित हुई थीं। शासन के निर्देश पर एसडीएम वैशाली और तहसीलदार के निर्देशन में राजस्व टीमों व लेखपालों ने नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट भेजी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर किसानों को राहत देने की प्रक्रिया पूरी की गई। तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने बताया कि सर्वे में 3432 किसानों की फसलें प्रभावित मिली थीं। इन किसानों के लिए कुल 1 करोड़ 52 लाख रुपये की अनुदान राशि जारी की गई है। धनराशि संबंधित किसानों के बैंक खातों में भेज दी गई है।

मौसमी बीमारियों से बचाव का पढ़ाया पाठ

कन्नौज। बदलते मौसम में मौसमी बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए सोमवार को तिर्वा तहसील क्षेत्र के बेलामऊ सरैया गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। तिर्वा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने चिकित्सकीय टीम के साथ ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही झोलाछाप के बजाय योग्य चिकित्सकों से उपचार कराने की सलाह दी। क्षेत्र में मौसमी बीमारियों से कई ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में शिविर के दौरान पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बताई गईं। चिकित्सकों ने तेज बुखार, खांसी-जुकाम और सांस लेने में परेशानी होने पर लापरवाही न बरतने तथा तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेकर उपचार कराने की अपील की गई।

मिशन शक्ति अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ कस्बे में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम और स्कूली बच्चों ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण कर लोगों को महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करने का संदेश दिया गया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने आमजन से महिलाओं का सम्मान करने और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली के माध्यम से महिला सशक्तीकरण और सुरक्षित समाज का संदेश दिया गया।

लोहिया ने शोषितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ीः अंशू पाल

- सपा जिला कार्यालय में लोहिया की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

डा. राम मनोहर लोहिया ने अपना पूरा जीवन समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। आज भी उनके विचार सामाजिक न्याय और समानता की राह दिखाते हैं। उपरोक्त उद्गार जिले के नसरापुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह,अंशू पाल सहित अन्य ने कहे। बताते चलें कि, डा. लोहिया जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यकम में बड़ी संख्या में सपा नेताओं,पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भीड उमड़ी। कार्यक्रम में सभी लोगों ने डा. लोहिया को उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देते हुए पार्टी के लोगों ने डॉ. लोहिया के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मौजूद सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, प्रदेश सचिव बंटी शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रजनीकांत यादव, का कहना था कि, डा. लोहिया का सपना था कि, एक ऐसे समाज का निर्माण हो, जहां जाति, धर्म और आर्थिक स्थित के आधार पर किसी के साथ भेदभाव ना हो। उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना ही हम सभी के लिए डा. लोहिया को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में मौजूद अन्य सपा नेताओं,कार्यकर्ताओं ने भी डा. लोहिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार रखे और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नेम सिंह यादव, राजेश पाल, आनंद बाबू, भोले कुरैशी, विवेक पाल, दिलशाद हुसैन, दिनेश बॉथम, इंद्रेश यादव, विनोद यादव, अजय कश्यप, रिजवान खान, राजू अली, वीरपाल प्रधान, मसूद अहमद, आशीष यादव, सद्दाम सावरी सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

एसडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दी जानकारी

राजनीतिक दलों से बीएलए सक्रिय करने और पात्र युवाओं के नाम सूची में जुड़वाने की अपील

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की। एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को सक्रिय करने और पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना आवश्यक है। इसमें किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा निर्धारित तिथि तक 18 वर्ष के होने वाले युवाओं के नाम प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि युवाओं को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटवाने अथवा विवरण में संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रपत्रों का ही प्रयोग किया जाए। बैठक में मौजूद समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने कहा घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाए। छूटे वोटो को वोटर लिस्ट मे शामिल किया जाए। कई जगह वोटरों का नाम भी गलत प्रिंट होकर आ रहा है इसमें जल्द सुधार किया जाये तथा नये वोट बनाने के लिए बूथ पर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

सड़क हादसे में युवक की मौत पर छाया मातम, पूर्व विधायक ने जताया शोक

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊँचा निवासी राजेश प्रजापति के 19 वर्षीय पुत्र राजा प्रजापति का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव क्षेत्र में शोक की लहर है।

घटना की सूचना पाकर छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने इस दुखद घटना को लेकर सरकार से पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराकर सख्त कार्रवाई और कड़ी सजा सुनिश्चित करने की भी मांग की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर लालू ठेकेदार, मुकीम खान, अमन खान, सौरभ प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, गोविंद प्रजापति, सचिन प्रजापति, हरगोविंद प्रजापति, अर्पित शुक्ला, लाखन, सद्दाम खान, राजेश यादव, मटरू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन में नौकरी का झांसा देकर 14.32 लाख हड़पे

कन्नौज। जल जीवन मिशन में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 से अधिक युवाओं से 14.32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर तिर्वा कोतवाली पुलिस ने फर्रुखाबाद निवासी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नजरापुर निवासी नमन प्रताप सिंह और उनके साथी संजय सिंह की मुलाकात कमालगंज के कनकौली गांव निवासी मोहित कुमार चौहान और उसकी पत्नी सपना से हुई थी। आरोप है कि दंपती ने जल शक्ति मंत्रालय में ऊंची पहुंच बताकर क्वालिटी इंस्पेक्टर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, पंप ऑपरेटर और माली के पदों पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद युवाओं से ऑनलाइन और नकद माध्यम से कुल 14,32,600 रुपये लिए गए। आरोप है कि नौकरी में देरी होने पर युवाओं को फर्जी जॉइनिंग लेटर दे दिए गए। ज्वाइनिंग के लिए पहुंचने पर ठगी का पता चला।

चक्रवात प्रभावित 637 किसानों को 24.94 लाख की राहत

- डीएम ने 15 किसानों को बांटे प्रमाणपत्र और बीज किट

कन्नौज। चक्रवात के कारण फसल नुकसान झेलने वाले 637 किसानों के बैंक खातों में कृषि निवेश अनुदान के तहत 24.94 लाख रुपये भेजे गए हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने 15 किसानों को प्रमाणपत्र और बीज किट वितरित किए। डीएम ने बताया कि 25 से 27 सितंबर के बीच हुई अत्यधिक बारिश से तिर्वा तहसील के 71 गांवों में 3,782 किसानों की 1,020.1822 हेक्टेयर भूमि पर 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति दर्ज की गई। सदर और छिबरामऊ तहसीलों में नुकसान 33 प्रतिशत से कम मिला। चक्रवात मद में जिले को 1.43 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 10 अक्टूबर तक जनहानि, पशुहानि और गृह क्षति के मामलों में भी राहत दी गई। डीएम ने अधिकारियों को पारदर्शिता से सर्वेक्षण कर सभी पात्र प्रभावितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

तालग्राम में गूंजेगा वीरांगना रानी अवंतीबाई के शौर्य का जयघोष,

विधायक अर्चना पांडेय के प्रयास से स्थापित होगी प्रतिमा

- 12 अक्टूबर को होगा भूमिपूजन, तैयारियों में जुटीं विधायक

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में इतिहास और गौरव का नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। भाजपा विधायक अर्चना पांडेय के अथक प्रयासों से वीरता, त्याग और संघर्ष की प्रतीक वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की भव्य प्रतिमा तालग्राम में स्थापित की जा रही है। इसकी आधारशिला के रूप में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार को तालग्राम में किया जाएगा। इस संबंध में विधायक अर्चना पांडेय ने बताया कि रानी अवंतीबाई लोधी केवल एक नाम नहीं बल्कि नारी शक्ति, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की अमर गाथा हैं। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उन्होंने जिस वीरता के साथ युद्ध लड़ा, वह आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार और संगठन महापुरुषों और वीरांगनाओं के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

उसी क्रम में तालग्राम की धरती पर वीरांगना की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान को याद रख सकें। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि यह केवल एक प्रतिमा नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों, माताओं बहनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और भाजपा परिवार के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें।

उन्होंने कहा आइए हम सब मिलकर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की प्रतिमा स्थापना की इस ऐतिहासिक पहल को सफल बनाएं।

गौरतलब है कि विधायक अर्चना पांडेय जब से छिबरामऊ विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं तब से क्षेत्र में विकास के साथ साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सम्मान देने का कार्य लगातार कर रही हैं। उनके इस प्रयास की क्षेत्र में सर्वत्र सराहना हो रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं।

पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस, दिया अमन चैन का संदेश

गुरसहायगंज कन्नौज। नगर में शांति व्यवस्था और भाईचारा बनाए रखने के लिए पूर्व खनन मंत्री और छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से जुलूस निकालकर अमन चैन का संदेश दिया। रविवार को निकले इस जुलूस में भाजपा के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक गुप्ता नीरज मिश्रा संजू गुप्ता राजीव ठाकुर संजय गुप्ता वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे। पूर्व मंत्री अर्चना पांडेय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए साथ रहा। जुलूस के माध्यम से लोगों से शांति बनाए रखने और आपसी संवाद बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि भाजपा हमेशा शांति और विकास की पक्षधर रही है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि नगर में सौहार्द और अमन चैन का माहौल बना रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने का संदेश दें। उनके नेतृत्व में निकले इस जुलूस की नगर में सराहना हो रही है।

समृद्धि न्यूज

लखनऊ, मंगलवार 13 अक्टूबर, 2026

लखनऊ प्रदर्शन के लिए जा रहे संविदा कर्मचारियों को पुलिस ने रोका

जहानगंज में किया हंगामा, नियमितीकरण और समान वेतन की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

बीच सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी

जिले से अपनी मांगों को लेकर लखनऊ इको गार्डन में धरना देने जा रहे संविदा कर्मचारियों को सोमवार सुबह पुलिस ने जहानगंज क्षेत्र में रोक लिया। पुलिस कार्रवाई से नाराज कर्मचारियों ने बस से उतरकर जमकर नारेबाजी की और सड़क पर बैठकर धरना दिया। हालांकि, पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद बस वापस फर्रुखाबाद के लिए रवाना हो गई। जानकारी के अनुसार, संविदा कर्मचारी नियमितीकरण और समान काम के लिए समान वेतन की प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को लखनऊ में उनका प्रदर्शन तय था। इसके तहत सोमवार सुबह करीब 6 बजे से ही शहर के आवास विकास इलाके में कर्मचारियों का जुटना शुरू हो गया था। इसके बाद करीब 40 से 45 संविदा कर्मचारियों से भरी एक बस लखनऊ के लिए रवाना हुई थी।

सुबह करीब 8:30 बजे जैसे ही बस जहानगंज पहुंची, पुलिस ने उसे आगे बढ़ने से रोक लिया। यूनियन के अध्यक्ष राज आर्यन अग्निहोत्री ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस ने उनके साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किया और बस को आगे नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके घर पर रात 1 बजे से ही पुलिस तैनात कर दी गई थी और उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा था।

इससे पहले संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में 8 से 10 अक्टूबर तक सीएमओ कार्यालय परिसर में भी धरना-प्रदर्शन किया था। जहानगंज में रोके जाने के बाद कर्मचारियों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। अभिषेक बाजपेयी, डॉ0 गौरव वर्मा, प्रदीप, रेनू मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा की आगुआई में कमालगंज से होते हुए प्राइवेट बस से लखनऊ के निकले थे। केवल पुलिस ने पांच लोगों को 5 से 6 लोगों को डिटेन किया। बस सहित और सीएमओ ऑफिस में लाकर छोड़ दिया। जिसमें कुलजीत सिंह, संजय कुमार, सुषमा लाल, अजीत राणा, दीपकांत शुक्ला रहे।

बाद में स्थानीय पुलिस और अधिकारियों के साथ हुई बातचीत के बाद स्थिति सामान्य हुई। जहानगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि बातचीत के बाद कर्मचारी मान गए और करीब 10 बजे बस को वापस फर्रुखाबाद की ओर रवाना कर दिया गया।

डीएम-एसपी ने विधान परिषद निर्वाचन के दृष्टिगत बूथों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बूथ का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत एम.आई.सी. फतेहगढ़ तथा क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज, में बनाए गए बूथों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा बूथों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सके। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिना परमिशन के रातों-रात काट दिये गये लाखों के कीमती हरे पेड़

काटे गये हरे पेड़

समृद्धि न्यूज,कमालगंज। नगर स्थित फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज व रामलीला ग्राउंड परिसर में खड़े लाखों रुपये कीमत के हरे-भरे पेड़ बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के रातों-रात कटवा दिए गये है। इस घटना से स्थानीय लोगों और विद्यालय कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को रामलीला कमेटी द्वारा बिना वन विभाग की अनुमति के परिसर में लगे अशोक, यूकेलिप्टस और अन्य प्रजातियों के कुल 12 हरे पेड़ों को कटवा दिया गया और रातों-रात उनकी लकड़ी भी वहां से गायब करवा दी गई। विद्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार तक ये पेड़ अपनी जगह पर मौजूद थे। इन पेड़ों की छांव में आने-जाने वाले राहगीर सुस्ताते और आराम करते थे। इसके अलावा, रामलीला देखने आने वाले दूर-दराज के ग्रामीण भी इन्हीं पेड़ों के नीचे बैठकर रामलीला का आनंद लेते थे। अचानक इन पेड़ों के कटने से परिसर सूना हो गया है और छांव का मुख्य जरिया खत्म हो गया है। सूत्रों की माने जिस जमीन पर ये पेड़ खड़े थे, उसके स्वामित्व को लेकर वर्तमान में न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। इस वाद में आरपी इंटर कॉलेज, राज्य सरकार और रामलीला कमेटी पक्षकार हैं।

आपदा प्रभावित कृषकों को राहत सहायता और कृषि निवेश अनुदान का वितरण

22,627 किसानों को 11.50 करोड़ रुपये की दी राहत राशि

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

लाभार्थी को प्रमाण पत्र देती डीएम व जनप्रतिनिधि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से बाढ़, अतिवृष्टि और चक्रवात से प्रभावित किसानों को डीबीटी के माध्यम से कृषि निवेश अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में सदर 09, अमृतपुर 32 और कायमगंज 14 के कुल 55 आपदा पीड़ितों को राहत सहायता राशि वितरित की गई। मत्स्य विभाग द्वारा 5 लाभार्थियों को एरिएशन सिस्टम और बोट, तथा उद्यान विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को निःशुल्क सब्जी के बीज बांटे गए।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने बताया कि जनपद में बाढ़ से प्रभावित लगभग 22,627 किसानों को 11.50 करोड़ रुपये की राहत राशि दी जा रही है, जिसमें से 11,399 किसानों को 5.50 करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से हो चुका है। शेष किसानों को भी बजट मिलते ही भुगतान किया जाएगा। अतिवृष्टि से फसल और मकान क्षति, जनहानि कायमगंज में 1 पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये तथा नदी के कटाव से प्रभावित लोगों को नियमानुसार सहायता राशि का भुगतान किया गया है। सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक डॉ0 सुरभि एवं निषाद राज पार्टी के अध्यक्ष अनिल निषाद ने सजीव प्रसारण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आपदा पीड़ितों एवं लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, समस्त तहसीलदार, जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य सुप्रिया, आपदा प्रबंधन आयुष्मान परिहार सहित अन्य अधिकारी एवं कृषि निवेश अनुदान तथा राहत सहायता राशि प्राप्तकर्ता उपस्थित रहे।

बदमाशों ने सरार्फा व्यापारी से लाखों के गहने व नगदी लूटी

जांच पड़ताल करती पुलिस

समृद्धि न्यूज,कंपिल। बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी के साथ मारपीट कर जेवर व नगदी लूट लिए। राहगीरों के आने पर बदमाश बाइक से कंपिल की तरफ भाग गए। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला मांझ गांव निवासी सतीश वर्मा की गांव सिवारा में शिवम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। सोमवार देर शाम सर्राफा व्यापारी बाइक से घर आ रहे थे। जैसे ही वह गांव सवितापुर के निकट पहुंचे। कंपिल सिवारा मार्ग पर पीछे से आए एक बाइक सवार बदमाश ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। जबकि पहले से घात लगाए बैठे एक बदमाश ने उनके साथ डंडे से मारपीट शुरू कर दी। एक बदमाश ने जेब में रखे छः हजार रुपए व गले में पड़ी दो लाख की सोने की ज़ंजीर लूट ली। शोर मचाने पर एक बदमाश कंपिल की तरफव दूसरा खेतों की तरफभाग गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना स्वजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सीओ अजय वर्मा ने बताया मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खबरें एक नजर में

पुलिस को चकमा देकर दिल्ली प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेसी

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। सरकार और पुलिस प्रशाशन किसी भी कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता को नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के द्वारा दिल्ली में किये जा रहे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के वोट चोरी के विरोध में प्रदर्शन में दिल्ली जाने के लिए रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की एवं दिल्ली की पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है, उसके बाबजूद शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकुर मिश्रा पुलिस को चकमा देते हुए अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल हुए। साथ में वत्सल्य मिश्रा, अतीक सलमानी, लक्समन शाक्य, ऋषभ मिश्रा, अभिषेक तिवारी, राजन शुक्ला, देवेंद्र सक्सेना, संजीव शर्मा, अभिषेक शुक्ला, मोहित चौहान उपस्थित रहे।

आईटीआई में पंचम चरण के प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज-लखनऊ द्वारा जनपद में चल रहे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण में प्रवेश लेने हेतु अभ्यर्थी को वेबसाइट पर पंचम चरण के लिए रैंक पर क्लिक करने पर दो विकल्प पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी की रैंक एवं नवीन आवेदनकर्ता की रैंक प्राप्त होगें। अभ्यर्थी को उक्त विकल्पों में से अपने आनलाइन आवेदन की स्थिति के अनुसार पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि प्रविष्टि करने पर रैंक प्रदर्शित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी रैंक का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर, ऑनलाइन आवेदन फार्म के साथ उपलब्ध रिक्त सीट पर आवंटन हेतु जनपद के नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर की सांय 05 बजे तक जमा कर सकतें हैं।

दबंगों ने घर में घुसकर दिव्यांग दंपती का लूटा मोबाइल

समृद्धि न्यूज,कायमगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम गऊटोला में दबंगों के हौसले पूरी तरह बुलंद नजर आ रहे हैं। रविवार रात करीब 8 बजे दबंगों ने घर में घुसकर एक पैर से विकलांग युवक और उसकी पत्नी को बेरहमी से पीटा और जाते-जाते उनका मोबाइल फोन भी लूट लिया गया। ग्राम गऊटोला निवासी आमिर पुत्र मोहम्मद और उनकी पत्नी रानी बेगम ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि रात के समय पड़ोसी अमान, अरसलान, सदान, नीलो सभी पुत्रगण नन्हे और ईरम पुत्री नन्हे अचानक उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। जब आमिर ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने दंपत्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी दंपत्ति को मोबाइल फोन भी लूटकर फरार हो गये।

युवक की मौत के मामले में ट्रैक्टर जब्त

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और हादसे में शामिल बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम राई निवासी संदीप पुत्र कैलाशचंद गत 7 अक्टूबर की शाम दिल्ली जाने के लिए घर से निकले थे। गांव के ही सर्वजीत अपनी मोटरसाइकिल से उन्हें छोड़ने जा रहे थे और उनके साथ आकाश भी मौजूद था। शाम करीब सात बजे जैसे ही उनकी बाइक राजेपुर थाना क्षेत्र में पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद संदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सर्वजीत की हालत को देखते हुए उन्हें पहले तिर्वा और फिर कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है और हालत चिंताजनक बनी हुई है। तीसरे घायल आकाश को प्राथमिक उपचार के दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

बीमार पत्नी को अस्पताल में अकेला छोड़कर भागा पति

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बलीपुर की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। तबीयत खराब होने पर दवा दिलाने के बहाने पति उसे कानपुर के एक अस्पताल में ले गया और वहां अकेला छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने इस मामले में थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बलीपुर निवासी नीलम देवी पत्नी सुखेंद्र सिंह की तबीयत खराब होने पर जब उसने पति से दवा दिलाने को कहा, तो उसने पहले तो मना कर दिया और जमकर लात-घूंसों से मारपीट की। कुछ देर बाद पति राजी हुआ और उसे कानपुर के एक अस्पताल ले गया, जहां मौका पाकर वह उसे अकेले ही छोड़कर वापस घर लौट आया। शाम तक पति के वापस न लौटने पर डरी-सहमई नीलम ने अपने भाई को फोन किया। सूचना मिलते ही उसका भाई फर्रुखाबाद से कानपुर पहुंचा और बहन को सुरक्षित अपने साथ मायके ले आया। पीड़िता का एक छोटा बच्चा भी है, जिसका फिलहाल कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मायके पहुंचने के बाद जब नीलम ने फोन पर पति से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसने गाली-गलौज की। पीड़िता ने अब पुलिस से न्याय और उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने पीड़िता की तहरीर ले ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नर्सरी में पानी पी रही महिला पर सियार ने किया हमला

कायमगंज। थाना शमसाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नगला गोदाम में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक खूंखार सियार ने खेत की नर्सरी में काम कर रहे दंपत्ति पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए कायमगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। नगला गोदाम गांव थाना शमसाबाद क्षेत्र निवासी बलवीर 35 वर्ष पुत्र रामनिवास और उनकी पत्नी मीरादेवी के साथ पास की एक नर्सरी में गए थे। इसी दौरान मीरादेवी पानी पीने लगीं, तभी झाड़ियों में घात लगाकर बैठे एक खूंखार सियार ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। सियार के हमले से महिला जमीन पर गिर पड़ी और जान बचाने के लिए चीखने-चिल्लाने लगीं। पत्नी की चीख सुनकर पति बलवीर उन्हें बचाने दौड़े। सियार ने बलवीर पर भी हमला बोल दिया और दोनों को बुरी तरह नोंचकर लहूलुहान कर दिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों ने जब चीख-पुकार सुनी, तो वे लाठी-डंडे लेकर तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के शोर मचाने और खदेड़ने पर सियार वहां से भागा, तब जाकर दंपतित की जान बच सकी। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सेवानिवृत्त प्रा. शिक्षक कल्याण परिषद का चुनाव संपन्न

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

चुने गये नवनिर्वाचित पदाधिकारी

विकासखंड कार्यालय नवाबगंज परिसर स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद का चुनाव विधिवत तरीके से संपन्न हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव की अध्यक्षता में निर्वाचन अधिवेशन की कार्रवाई दोपहर 1 बजे शुरू की गई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह को कुल तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए हरि किशोर सिंह, मंत्री पद के लिए किशोरी लाल तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद्र गंगवार ने अपने-अपने आवेदन पत्र दाखिल किए। अपरान्ह 3 बजे तक किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल न किए जाने पर निर्वाचन अधिकारी बलबीर सिंह और जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने तीनों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। इसके साथ ही धनपाल सिंह को कार्यकारिणी समिति का संरक्षक मनोनीत किया गया। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही बैठक में मौजूद सभी सदस्यों व कर्मचारियों ने तालियां बजाकर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक के दौरान नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि संगठन की कार्यकारिणी प्रत्येक माह की 15 तारीख को नियमित बैठक करेगी, जिसमें सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव, नव-निर्वाचित अध्यक्ष हरि किशोर सिंह, निर्वाचन अधिकारी बलबीर सिंह, मंत्री किशोरी लाल, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र गंगवार, संरक्षक धनपाल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, प्रताप नारायण मौजूद रहे।

केडी बालिका डिग्री कालेज में कन्नौजी साहित्य संगोष्ठी आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

साहित्य संगोष्ठी में मौजूद अतिथि

आवास विकास कॉलोनी स्थित कृष्णा देवी डिग्री कॉलेज में कन्नौजी साहित्य के विद्वान स्व. आचार्य ओम प्रकाश मिश्र एवं स्व. डॉ. रमेश तिवारी विराम की स्मृति में कन्नौजी भाषा एवं बोली पर कन्नौजी बोली में अपूर्वा अवस्थी के नगर के विद्वानों के मध्य विचारों की अभिव्यक्ति एवं संवाद हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती का पूजन-अर्चन, वंदन, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार सिंह ने कन्नौजी भाषा पर शोधकर्ता ने कन्नौजी शब्द, कन्नौजी, कन्नौजी लोक भाषा की चर्चा करते हुए कहा हिन्दी भाषा में लगभग 18 बोलियाँ सम्मिलित हैं। उसमें से कन्नौजी बोली बोली जाती है, जैसेय ब्रज, अवधी, रुहेली, बुंदेली बोली का सम्मिश्रण मिलता है। फर्रुखाबाद के आस-पास के क्षेत्र शाहजहांपुर, बरेली, कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर, मैनपुरी क्षेत्रों का सम्मिश्रण मिलता है। डॉ. कृष्ण कान्त दुबे कन्नौजी बोली इस क्षेत्र की संस्कृति और सभ्यता है। युवाओं के लिये अपने क्षेत्र, मातृ भाषा की विरासत है। इसमें लोक जीवन, मातृ भाषा, प्रेम की भाषा, परिवार, समाज की सभ्यता दिखायी देती है। जो धूप से खेत-खलिहान तक जन-जन में दिखायी देती है। युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बने इसको संरक्षण और शोध कार्य की आवश्यकता है। भोजपुरी तरह कन्नौज की बोली मिठास भरी है। डॉ. अपूर्वा अवस्थी कन्नौजी भाषा के लोक साहित्य, लोक गीत, संस्कार गीत, कजरी, आल्हा, लोक गीत, भजन संकीर्तन, लोकोक्ति, साहित्य लिखा गया। इस पर शोध कार्य, प्रकाशन, जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है। डॉ. शिव ओम अम्बर ने कहा आचार्य ओम प्रकाश मिश्र द्वारा शोध साहित्य पर एवं डॉ. रमेश तिवारी विराम द्वारा कन्नौजी साहित्य के विकास में कार्य किया। वहीं डॉ. राजकुमार सिंह एवं जवाहर सिंह द्वारा कन्नौजी शब्दकोश जिसमें लगभग 1500 शब्दों का भण्डार है। इस मौके पर डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. शिव ओम अम्बर, डॉ. अपूर्वा अवस्थी, डॉ. अशोक बनर्जी, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. कृष्णकान्त दुबे, डॉ. चन्द्र प्रकाश मिश्र, डॉ. छन्नालाल, रघुनाथ प्रसाद दीक्षित, जवाहर सिंह गंगवार, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, मनीषा मिश्रा, समीक्षा यादव, सुमन पाठक मौजूद रहे। संचालन अंजुम दुबे ने किया।

नगर में धूमधाम से निकली राम बारात, हुआ स्वागत

रथ पर सवार भगवान गणेश के स्वरुप

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। सरस्वती भवन रामलीला मंच की ओर से सोमवार को देर रात नगर के मुख्य मार्गों पर धूमधाम से रामबारात निकाली गई। बड़ी संख्या में झांकियां निकली। लोगों ने राम बारात में बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रीराम बारात शोभा यात्रा में एटा से ताज घोड़ा बैंड आकर्षण रहा। भगवान गणेश व मां सरस्वती, खाटू श्याम की झांकी के साथ-साथ भगवान शंकर-माता पार्वती की झांकी, बाबा नीमकरोली की झांकी, अंजनी माता के लाल की झांकी, तुलसी सालिगराम झांकी, भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी की झांकी, मां काली की झांकी, कृष्ण-काली की झांकी, भैरो की झांकी, इलाहाबाद की चौकी, बाल कृष्ण की झांकी निकाली गई। द्वारिकाधीश की झांकी व विश्वामित्र की झांकी, दुर्गा की झांकी, चन्द्रदेव की झांकी, लक्ष्मी की झांकी के अलावा सबसे पीछे दूल्हा बने राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न के रथ चल रहे थे। भक्तों ने मुख्य मार्ग पर आरती उतारी। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने पुष्प वर्षा की आरती उतारी। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया। राम बारात में डीजे के अलावा आगरा का बैण्ड भी शामिल रहा। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। देर शाम से ही चौक मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी दर्शकों ने आकर राम बारात का आनंद लिया। बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनपद में विशेष रोजगार सृजन दिवस पर 29,000 मानव दिवस का लक्ष्य पूर्ण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकसित भारत गारंटर फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित विशेष रोजगार सृजन दिवस पर जनपद में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन अभियान संचालित किया गया। अभियान के लिए शासन द्वारा निर्धारित 29,000 मानव दिवस के लक्ष्य को जनपद ने पूर्ण किया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना तथा अधिकाधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना रहा।

जनपद में दो वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। परियोजना निदेशक/उपायुक्त श्रम रोजगार को विकासखंड कमालगंज एवं शमशाबाद तथा जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार को विकासखंड मोहम्मदाबाद, नवाबगंज, राजेपुर एवं कायमगंज का नोडल अधिकारी नामित किया गया। परियोजना निदेशक/उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा विकासखंड कमालगंज की ग्राम पंचायत कुंदन गणेशपुर, सितौली, ताजपुर एवं अहिमलापुर में पहुंचकर विशेष रोजगार सृजन अभियान की गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया। जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत डाबरी, बिलालपुर, त्रिकुटा, गांधी, उजरामऊ एवं नया गांव में पहुंचकर अभियान में प्रतिभाग किया गया तथा रोजगार सृजन से संबंधित गतिविधियों की निगरानी की। डीएम द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित मानव दिवस के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। जनपद ने शासन द्वारा निर्धारित 29,000 मानव दिवस के लक्ष्य को पूर्ण किया।

जीबीजी रामजी योजना सृजन में तकनीकी खराबी से कई श्रमिक लौटे निराश

काम करते श्रमिक

नवाबगंज। नवाबगंज विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में सरकार की वीबी जी राम जी योजना का सृजन दिवस उत्साह से मनाया गया। सुबह से ही सचिव, तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक मैदान में डटे रहे। पूरे प्रदेश में रविवार को जहाँ 16 लाख हाजिरी लगी थीं, वहीं सोमवार को सर्वर न चलने के कारण दोपहर तक मात्र 3 लाख हाजिरी ही दर्ज हो पाई। एनएमएस ऐप न चलने के कारण कई ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को काम नहीं मिला और वे वापस लौट गए। रसीदपुर ग्राम पंचायत के सचिव अरविंद कुमार और रोजगार सेवक कर्मवीर राजपूत ने ससैया ग्राम में मनरेगा कार्य सुचारू रूप से शुरू करवाकर श्रमिकों से कार्य कराया। तकनीकी सहायक मनोज कुमार विनय कुमार व एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर ने जानकारी दी कि जिन श्रमिकों ने आज सफलतापूर्वक काम किया है, उन्हें 300 प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

मिशन शक्ति के तहत निकाली गई जन-जागरूकता रैली

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

रैली में मौजूद एडीजी, डीएम-एसपी व जनप्रतिनिधि

शारदीय नवरात्रि के पर मिशन शक्ति फेज-6 के विशेष अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों तथा स्वावलंबन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन से जन-जागरूकता रैली/फुट मार्च का आयोजन किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेंज कानपुर यमुना प्रसाद, डीएम डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित किया गया। रैली में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, मिशन शक्ति टीम, महिला पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली पुलिस लाइन फतेहगढ़ से प्रारंभ होकर कोतवाली फतेहगढ़ एवं कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र से होते हुए पुनः पुलिस लाइन परिसर में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजन को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों तथा उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध अथवा किसी अन्य आपराधिक घटना की स्थिति में बिना किसी भय या संकोच के पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता प्राप्त करें तथा अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

सातवीं जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

▸ खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में 7वीं डिस्टिक्ट अंडर 14/16 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता 12 एवं 13 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन संट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी के फादर जोबी जोसेफ और एसबी रोजी स्कूल के प्रबंधक राजीव मोहन पांडे ने किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा एवं जिला एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि फादर जोबी जोसेफ को योगेश शुक्ला ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि राजीव मोहन पांडे को भी शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुष्कर मिश्रा, मनीष वर्मा, मो0 अहमद खाँ, संजीव कटियार, राजीव बाजपेयी, शैलेश मिश्रा, रंजीत कटियार, ज्योति कठेरिया, निशीत सक्सेना, लक्ष्मण टंडन, यदुनाथ सिंह, अभिषेक मिश्रा, शिवम बाथम, शिव रतन राठौर और अवनीन्द्र सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता अंडर-12 आयु वर्ग बालिका 60 मी0 दौड़ में प्रथम स्थान पर मोहिनी, द्वितीय प्रियांशी राजपूत, तृतीय तेजस्वनी रही। अंडर-12 आयु वर्ग बालक 60 मी0 दौड़ में प्रथम अब्दुल, द्वितीय सुमित, तृतीय आयुष रहे। अंडर-12 भाला फेंक बालक वर्ग में प्रथम हिमांशू, द्वितीय अध्ययन शर्मा, तृतीय आरव रहे। अंडर-12 भाला फेंक बालिका वर्ग में प्रथम सोनी, द्वितीय अनन्या गुप्ता, तृतीय अश्वनी रही।

अंडर-16 बालिका वर्ग में 60 मी0 दौड़ में प्रथम पलक सिंह, द्वितीय अनिका सिंह, तृतीय आरुषी रही। अंडर-16 बालक वर्ग में 60 मी0 दौड़ में प्रथम निकित, द्वितीय हर्ष राजपूत, तृतीय अबूजर खान रहे। अंडर-16 भाला फेंक बालक वर्ग में प्रथम अरब प्रताप, द्वितीय ईशाम खान, तृतीय हर्ष मिश्रा रहे। अंडर-16 भाला फेंक बालिका वर्ग में प्रथम फारिया पठान, द्वितीय सृष्टि राजपूत, तृतीय मुस्कान रही। अंडर-16 बालक 600 मी0 दौड़ में प्रथम आनन्द कुमार, द्वितीय राजन यादव, तृतीय लकी राजपूत रहे। अंडर-16 बालिका वर्ग 600 मी0 दौड़ में प्रथम राहुल यादव, द्वितीय शिवांकी, तृतीय आकृति रही। प्रतियोगिता के संचालन में ऑफिशियल के रूप में बीना यादव, प्रकृति वर्मा, सुहानी राठौर, अरुण यादव, विमलेश, सपना यादव, नागेंद्र और मनीष ने योगदान दिया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

लोहिया प्रतिमा पर मौजूद सपा नेता

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रखर समाजवादी चिंतक एवं विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने सामाजिक न्याय, समानता और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

उनके विचार आज भी समाजवाद की राह दिखाते हैं और हमें एक समतामूलक समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर डॉ0 नवल किशोर शाक्य, उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, सौरभ कटियार, ओमप्रकाश शर्मा, रामपाल सिंह यादव, शिव शंकर शर्मा, समीर मिर्जा, बाग अशरफी लाल, रमेश चंद कठेरिया, पुष्पेंद्र यादव, राजीव कुमार बाथम, राजपाल यादव, अशोक अंबेडकर, रजत क्रांतिकारी, साजिद अली खान, कमल हसन, सुरेश चंद्र यादव, सुलक्षणा सिंह, पूजा कठेरिया, माजिद अली, उदय प्रताप उर्फ भोला यादव, सरवर अंसारी, अंकुर शाक्य, इजहार खान, नरेंद्र यादव, महेश चंद्र जाटव, राजीव शाक्य, बंटी यादव, विकास गुप्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने शिक्षक बृजभूषण सिंह को भेजा सराहना पत्र

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

डॉ. बृजभूषण सिंह

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शिक्षक बृजभूषण सिंह को उनके अच्छे कार्यों के लिए सराहना पत्र भेजकर सम्मानित किया। पत्र में समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों के योगदान, ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों की सराहना की गई है, खासकर एआई के दौर में शिक्षकों की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बताया गया है। प्रधानाचार्य डा0 बृजभूषण सिंह के शिक्षक कार्य को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रशंसा पत्र भेजकर सराहना की है। 2017 के बाद प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में किए गए सुधारों का जिक्र किया गया है, जैसे- रुकी हुई भर्तियों को गति देना, पारदर्शी चयन प्रक्रिया से शिक्षकों की नियुक्ति, मानदेय में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास। मुख्यमंत्री ने डा0 बृजभूषण सिंह जैसे अनुभवी शिक्षकों से अपने विचारों और मार्गदर्शन के माध्यम से विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया है।

डॉ. दिलीप कुमार अमौरिया के समर्थन में मा.शि. संघ ने किया जनसंपर्क

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जन सम्पर्क के दौरान शिक्षक नेता

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आगरा खंड से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. दिलीप कुमार अमौरिया के समर्थन में जिले के विभिन्न विद्यालयों का गहन भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। संगठन के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य हरिशंकर दीक्षित आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले के कई प्रमुख विद्यालयों का दौरा किया, जिनमें डॉ0 शिवरतन सिंह इंटर कॉलेज खिमसेपुरख भारतीय इंटर कॉलेज महेशनगर मोहम्मदाबाद, आत्मदेव गोपा इंटर कॉलेज ऊगरपुर, श्री राम प्रकाश सिंह इंटर कॉलेज, रस्तोगी इंटर कॉलेज, कनौजिया इंटर कॉलेज, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज विद्यालयों के शिक्षकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके समक्ष प्रत्याशी डॉ0 दिलीप कुमार अमौरिया के पक्ष में समर्थन जुटाया गया। जनसंपर्क के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार की नीतियों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

शिक्षकों ने कहा कि चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो, सपा हो या बसपा किसी ने भी शिक्षकों की पुरानी पेंशन की मांग पूरी नहीं की और न ही उनकी अन्य समस्याओं का कोई स्थाई समाधान निकाला। शिक्षकों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान और अधिकारों की लड़ाई के लिए माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. दिलीप कुमार अमौरिया को अपना पूर्ण समर्थन एवं वोट देंगे।

रुद्र सक्सेना बने हिंदू रक्षा दल के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष

मनोनयन पत्र प्राप्त करते रुद्र सक्सेना

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

हिंदू रक्षा दल की जिला बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत व धारदार बनाने के लिए युवा मोर्चे में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। बैठक में रुद्र सक्सेना को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके साथ-साथ अन्य युवा पदाधिकारियों को भी अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। गौरव गुप्ता, कृष्णा राठौर, अनुराग वर्मा, आदर्श श्रीवास्तव को पदाधिकारी बनाया गया। संगठन के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके इस दायित्व पर हार्दिक बधाई।

खबरें एक नजर में

चंद्रभूषण तिवारी अध्यक्ष व विवेक तिवारी निर्विरोध बने मंत्री

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ का चुनाव चुनाव अधिकारी राजेंद्र कुमार प्रजापति की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से चंद्रभूषण तिवारी अध्यक्ष, संतलाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार कनिष्क उपाध्यक्ष, विवेक तिवारी मंत्री, कैलाश नारायण मिश्रा उप मंत्री, राकेश तिवारी कोषाध्यक्ष, अजय मिश्रा द्वितीय ऑडिटर, नितिन श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर नई टीम का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं अध्यक्ष चंद्रभूषण तिवारी व मंत्री विवेक तिवारी ने कहा की उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ फतेहपुर की नवमनोनीत पूरी टीम को साथ लेकर तमाम कर्मचारी की समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य किया जाएगा और किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारियों को कभी भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। इस दौरान तमाम कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दिया।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी का फूंका पुतला

फतेहपुर। शहर के पटेल नगर चौराहे में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संजना द्विवेदी के नेतृत्व में मणिपुर के कांग्रेस के सांसद डॉक्टर अंगोमचा विमोल अकोईजम द्वारा छात्राओं का यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफजमकर नारेबाजी की गई और इसके बाद कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया और कहा की महिलाएं कांग्रेस सांसद के ऐसे बर्ताव को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगी। इन लोगों ने कांग्रेस के लोकसभा सांसद डा अकोईजम के इस्तीफे की मांग किया और कहा कि जब तक कांग्रेस पार्टी इस सांसद का इस्तीफा नहीं लेती है तब तक भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पदाधिकारी अपना विरोध प्रदर्शन करती रहेगी। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, जिला महामंत्री सुनिधि तिवारी, मंजू शुक्ला, उत्प्रेक्षा द्विवेदी, शैलजाराज लोधी, बबुनी निषाद, संगीता तिवारी सहित तमाम भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं मौजूद रही।

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष के भाई का निधन

फर्रुखाबाद। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक डॉ. मेहंदी हसन की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रीय संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा के भाई कमल मिश्रा का निधन अजमेर में इलाज के दौरान हो गया। जिस पर शोक सभा का आयोजन हुआ। सभी ने मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। इस मौके पर डॉ. मेहंदी हसन, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, रामनारायन मिश्रा, कुलभूषण श्रीवास्तव, नरेन्द्र शर्मा, शिवाजी कटियार, शशिभूषण, उमाशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के एक पटरी दुकानदार ने भाजपा नेता के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार से उसकी बाइक में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने और लात-घूंसों पिटाई कर घायल कर देने तथा जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी कुलदीप कुमार गुप्ता पुत्र सुनील कुमार द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह सोमवार को नगर के शांति मोहन फ्लोर मिल के सामने ठेलिया पर फिंगर व मोमोज आदि बिक्री कर रहा था। तभी दोपहर के समय क्षेत्र के ही भाजपा नेता के काफिले की एक गाड़ी ने किनारे खड़ी उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गाड़ी पर भाजपा नेता के नाम का स्टीकर लगा हुआ था स विरोध करने पर गाड़ी से चार-पांच अज्ञात कार्यकर्ता उतरे और उसकी लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी।

पूर्व विधायक पुत्र ने जमीन बचाने की लगाई गुहार

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

ज्वालागंज के रहने वाले पूर्व विधायक आनंद प्रकाश लोधी के बेटे अक्षय लोधी ने उप जिलाधिकारी सदर के नाम शिकायती पत्र दिया था और आरोप लगाया था कि उनकी क्रय सुधा भूमि में जबरन दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह जमीन थाना थरियांव अंतर्गत ग्राम कासिमपुर अंबापुर में स्थित है इस जमीन को एक सितंबर 2020 को उन्होंने क्रय किया था। प्रार्थी के पिता आनंद प्रकाश द्वारा 13 जून 2018 के माध्यम से भी एक प्लाट क्रय किया गया था। क्रय सुधा प्लाट गाटा संख्या 59 ख पर स्थित है। इस दौरान प्रार्थी ने यह भी बताया कि संबंधित वर्तमान समय में प्लाट पर ग्राम के कुछ लोग दबंगई के बल पर मौके पर कब्जा करने पर आमादा है और उस पर जबरन टीन सेट डालना प्रारंभ कर दिए, जबकि यह लोग स्वयं विक्रेता है तथा जबरन दबंगई के बल पर प्रार्थी की क्रय सुधा भूमि पर कब्जा करने पर आमादा है जिनको रोके जाने की प्रार्थी ने मांग किया। इस दौरान 8 अक्टूबर को उप जिला अधिकारी सदर पीनाक मणि द्विवेदी मय फोर्स बल के साथ मौके पर पहुंचकर टीन सेड को गिरवा दिया और इसके बाद उन्होंने बताया कि अभी तक मलबा नहीं हटाया गया। वही एक बार पुनः आज नायब तहसीलदार सदर लक्ष्मी बाजपेई, थाना प्रभारी थरियांव शमशेर बहादुर और एनएचआई की टीम मौके पर पहुंची और कागजों की जांच पड़ताल करती रही हालांकि इस दौरान जब मीडिया कर्मी नायब तहसीलदार सदर लक्ष्मी बाजपेई से बात करना चाहा तो उन्होंने यह कहा की जांच की जा रही है रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी जाएगी तो वहीं एन एच आई टीम के अधिकारियों ने कहा कि पहले वह यह देख रहे हैं कि आखिर पुराना जीटी रोड कहां तक है इसके बाद जो लोग ग़लत कब्जा किए हैं उनको हटाया जाएगा।फ़िलहाल अक्षय लोधी ने सक्षम अधिकारियों से गुहार लगाई है कि उन्होंने जमीन को क्रय किया है और वह जमीन उनको दी जाए अब इन हालातो में कब तक जिला प्रशासन की टीम रिपोर्ट प्रेषित करके पूरी तस्वीर सामने रखती है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

नगर के संडीला रोड स्थित आर एस इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 6.0 के तहत आज स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक करने के लिए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वाबलंबन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त अवसर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अखिलेश चन्द्र पाण्डेय एवं अपराध निरीक्षक राम नारायण यादव एवं मिशन शक्ति की महिला पुलिस विंग की टीम द्वारा बताया गया उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति के छठे चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के हेल्प लाइन नम्बरों से अवगत कराया लिए जिसमें प्रमुख रूप से वोमेन्स पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय पुलिस प्रशासन द्वारा प्रत्येक थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके द्वारा कोई भी महिला अपनी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज करा सकती है।

13 से 15 अक्टूबर तक बंद रहेगी बांगरमऊ संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग

बांगरमऊ, उन्नाव। बांगरमऊ संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग का फाटक 13 अक्टूबर मंगलवार सुबह आठ बजे से 15 अक्टूबर गुरुवार शाम छह बजे तक बंद रहेगा। फाटक बंद रहने से इस मार्ग पर सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि इस अवधि के दौरान फाटक पर ओवर हालिंग और ट्रैक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जो यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर सफीपुर जितेंद्र कुमार पटेल के अनुसार मंगलवार से संडीला मार्ग पर ओवरहालिंग का कार्य होगा।
इस कारण सुबह आठ बजे से गुरुवार शाम छह बजे तक संडीला मार्ग रेलवे क्रासिंग बंद रहेगी। क्रासिंग बंद होने से वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। वाहनों को डायवर्ट कर अन्य मार्गों से निकाला जाएगा।

फीता काटकर किया हरिओम टायर का शुभारम्भ

मियाँगंज,उन्नाव। क्षेत्र के मियाँगंज बड़ा चौराहा स्थित रविन्द्र गुप्ता उर्फनन्हक्कू व कृष्णा गुप्ता के हरिओम टायर्स का शुभारम्भ विधि विधान से हवन पूजन कर आईशर ट्रैक्टर के अधिकृत विक्रेता ओम प्रकाश गुप्ता बड़क्के एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता बब्लू ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया व सफल व्यवसाय के लिये शुभकामनाएं दी। हरिओम टायर के संचालक कृष्णा गुप्ता ने बताया सभी छोटी बड़ी गाड़ियों के उच्च क्वालिटी टायर उचित मूल्यों पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विपिन गुप्ता, फूल कुमार गुप्ता,शीबू अहमद सदस्य प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश, दिनेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सन्दीप गुप्ता, आकाश तिवारी, सरवन यादव, दिनेश, कौशलेंद्र, नरेश, अरविंद यादव, शिवकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जू. ओपन एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026 का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम, उन्नाव में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जूनियर ओपन एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 180 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 112 बालक एवं 68 बालिकाएँ शामिल रहीं। प्रतियोगिता के विभिन्न एथलेटिक्स इवेंट्स में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस चौंपियनशिप में चयनित खिलाड़ियों को 14 से 16 अक्टूबर 2026 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जनपद उन्नाव का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी गई तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनसे जनपद का नाम रोशन करने की अपेक्षा की गई। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल, जिला एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय सिंह, एसोसिएशन के सचिव सिद्धार्थ कृष्ण, युवा कल्याण अधिकारी अरुणेश कुमार, खेलो इंडिया कोच कुशमेश कुमार गौरव यादव,चयन समिति के अध्यक्ष सोनू सिंह, विकास अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

त्रुटिरहित वोटर लिस्ट बनाने में सहयोग करें सियासी दल

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के उपरांत मतदाता सूची में पंजीकरण से छूटे हुए तथा प्रथम बार एवं युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने के लिए संचालित किए जाने वाले विशेष अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि आयोग की मंशा है कि निर्वाचक नामावली पूरी तरह निर्विवाद, त्रुटिरहित एवं शुद्ध हो तथा कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली जनपद की एनआईसी वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसका कोई भी व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। बूथवार आंकड़े भी राजनीतिक दलों के साथ साझा किए जा चुके हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे मतदाता सूची का अवलोकन करें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति संज्ञान में आती है तो संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) से संपर्क कर नियमानुसार उसका सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण एक सतत प्रक्रिया है।बैठक में बताया गया कि आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा 10 अप्रैल 2026 को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का मिलान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व 07 जनवरी 2025 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची एवं पूरक सूचियों से किया जाएगा।

सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा

पेंटिंग का अवलोकन करते प्रधानाचार्य

मोहन लाल शुक्ला आदर्श इं.का. में कला उत्सव का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद। मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह विजय अवस्थी एवं प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य अतिथि ने छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित होने वाली ऐसी पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल द्वारा कला उत्सव के परिणाम घोषित किए गए। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान वरीशा, द्वितीय स्थान नन्दनी, तृतीय स्थान राहिल रहे। सीनियर वर्ग प्रथम स्थान जाह्नवी, द्वितीय स्थान निशा, तृतीय स्थान खुशबू रही। शिक्षक एवं स्टाफ सत्येन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, सन्तोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, सुधा कुशवाहा, विवेक कुमार मिश्रा, कामिनी, अवनीश कुमार, यशपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

साहित्यकारों ने दी जय कृष्ण पांडेय कोविद को श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

शिक्षक समाज को सद्मार्ग दिखाते हुए नौनिहालों के व्यक्तित्व को तराशता है, वहीं साहित्य समाज के चिंतन को दिशा देने और राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सेवानिवृत्त शिक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार जय कृष्ण पांडेय 'कोविद' के असामयिक निधन पर निराला उद्यान, उन्नाव में अभ्युदय सेवा संस्थान, संस्कार भारती एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद, उन्नाव के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनरेश ने कहा कि जय कृष्ण पांडेय 'कोविद' का निधन उन्नाव के साहित्यिक एवं शैक्षिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने अध्यापन और साहित्य साधना से समाज को समृद्ध किया तथा अनेक लोगों को प्रेरित किया। अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने कहा कि श्रद्धेय पांडेय जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके द्वारा शिक्षित एवं तराशे गए अनेक विद्यार्थी आज जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर ख्यातिलब्ध साहित्यकार के रूप में पहचान बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा वर्ष 2018 में उन्हें 'अभ्युदय साहित्य गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया था। उनका साहित्यिक अवदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. के.के. मिश्र ने उनके संग्रह 'कोविद कौमुदी' के प्रकाशन का उल्लेख करते हुए कहा कि पांडेय जी का व्यक्तित्व सरलता, सहजता और साहित्यिक गरिमा का अद्भुत संगम था।

सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में अर्चित सिन्हा ने जीता खिताब

उन्नाव। कानपुर ग्रीनपार्क स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित स्व. सीताराम पांडेय मेमोरियल द्वितीय उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का सफल समापन हुआ। पुरुष युगल वर्ग में अर्जित सिन्हा और शिवम की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में नोएडा के नीर नेहवाल ने लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा को 15-12, 16-14 से हराकर ट्रॉफी जीती। पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में उन्नाव और लखीमपुर खीरी के अर्जित सिन्हा एवं शिवम की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने सीधे सेटों में जीत दर्ज कर सीनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहला सेट 15-12 और दूसरा सेट 16 -14 से जीतकर प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को पराजित किया।

गोविंद नगर विस में छठ पूजा घाट के सुंदरीकरण का कार्य शुरू

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र मैथानी ने वार्ड संख्या 09 रविदासपुरम स्थित छठ पूजा घाट पर विकास कार्यों की सौगात दी। पूरे कानपुर में पहली बार किसी छठ पूजा घाट पर श्रद्धालुओं एवं छठी माई के भक्तों के लिए उनके चरणों में सेवा के रूप में समर्पित करते हुए ,आज विधायक जी ने उक्त घाट पर 07 घोड़ों पर सवार भगवान सूर्य की भव्य प्रतिमा की स्थापना एवं आसपास के क्षेत्र के सुंदरीकरण कार्य का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास किया। विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने बताया कि इसकी लागत 3.50 लाख से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों और छठ व्रतियों की सुविधा व आस्था को ध्यान में रखते हुए इस घाट का कायाकल्प किया जा रहा है। भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित होने से घाट को एक भव्य और दिव्य स्वरूप मिलेगा।जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद और भक्तिमय वातावरण प्राप्त होगा। विधायक जी ने कहा कि क्षेत्र के सभी धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों का विकास भी उनकी प्राथमिकता है। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

11 दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

समाजसेवी व प्रधान ने फीता काटकर किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।

श्रीराम लीला समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय राम लीला मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सुन्दर सिंह ऊर्फ लहुरी व ग्राम प्रधान राजकुमार यादव द्वारा फीता काटकर किया गया।

रविवार को क्षेत्र के राम लीला मैदान (पावर हाउस के सामने) 11 दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर सिंह ने कहा कि जिस तरह उनके द्वारा पूर्व में रामलीला परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला जाता था वह अनवरत जारी रहेगा।ग्राम प्रधान राजकुमार यादव ने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

आए हुए अतिथियों का रामलीला समिति के अध्यक्ष राम सूरत तिवारी,उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, सचिव रमेश तिवारी, शशि कांत तिवारी आदि ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान नित्यानंद तिवारी,डॉ पवन कुमार सिंह,नयन बहादुर सिंह, प्रखर सिंह, प्रदीप शुक्ला, मनीष तिवारी, यज्ञ प्रसाद सिंह, सुशील तिवारी उर्फ विवेक, दीपक तिवारी,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपनिरीक्षक अम्बरीश पाठक अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन करते समाजसेवी

अवैध खनन पर प्रशासन की छापेमारी जेसीबी समेत तीन डंपर पकड़े

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बीती रात अभियान चलाकर कार्रवाई की। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रत्नप्रिया के निर्देशन में तहसीलदार सदर अभिनव सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने दो स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक जेसीबी और दो डंपर हिरासत में लिए गए, जबकि एक डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पहली कार्रवाई गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में हुई। यहां अवैध खनन में लगी एक जेसीबी और डंपर को पकड़कर द्वारिकागंज चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। दूसरी कार्रवाई नगर कोतवाली क्षेत्र के गोड़वा चौकी अंतर्गत हुई। यहां अवैध खनन में लगे दो डंपरों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान एक डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि दूसरे डंपर को पकड़ लिया गया।कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव, प्रभात पांडेय सहित अन्य राजस्वकर्मी मौजूद रहे। तहसील प्रशासन कार्रवाई की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजने की तैयारी कर रहा है।

रिपोर्ट के आधार पर खनन विभाग द्वारा विधिक कार्यवाही की जाएगी।

अवैध खनन में लगी जेसीबी व डंपर

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के विनोबापुरी मोहल्ले के निवासी युवक का शव घर के अंदर कमरे में लटका मिला।सात वर्षीय बेटे के रोने की आवाज सुनकर दौड़े लोगों ने जल्दबाजी में नीचे उतरवाया लेकिन तब तक युवक की मौत हो गई थी। बता दे कि अंकुर मिश्रा (35) पुत्र राजेंद्र देव मिश्रा निवासी विनोबापुरी ने रविवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।साथ में लेटे बेटे ने पिता को लटका देखा तो रोने लगा।बेटे की रोने की आवाज सुनकर पहुंचे अगर बगल के लोगों ने नीचे उतारा लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।मृतक पीडब्ल्यूडी के पास किराने की दुकान चलाता था।उसके पिता की भी वही पान की दुकान है। परिजनो के अनुसार बीते दिनों से वह मानसिक तनाव में था।

हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत के लिए स्काई लिफ्ट वाहन रवाना

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

नगर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका परिषद ने 13 मीटर क्षमता वाला ट्रक माउंटेड स्काई लिफ्ट वाहन खरीदा है। सोमवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने नगर पालिका परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नवरात्रि और दुर्गापूजा महोत्सव के दौरान नगर के मुख्य मार्गों, घाटों तथा अन्य स्थानों पर लगी हाईमास्ट लाइटों के खराब प्रकाश बिंदुओं को ठीक करने में वाहन उपयोगी साबित होगा। इसकी मदद से सामान्य ऊंचाई से अधिक पर लगे लाइटों के खराब होने पर उनकी मरम्मत आसानी से और तत्काल कराई जा सकेगी। इससे नगर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज, सभासद अरविंद यादव, दिनेश चौरसिया, संतोष चौधरी, आरिफ अंसारी, देवानंद, संदीप गुप्ता, विजय कुमार जायसवाल, कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, मार्ग प्रकाश प्रभारी अजय कुमार तिवारी सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

तेज डीजे बजाने वालों पर कसेगा शिकंजा

वीडियो रिकॉर्डिंग व ध्वनि मापन के बाद कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

तेज आवाज में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अब साक्ष्यों के साथ कानूनी कार्रवाई की पहल होगी। शहर में चल रहे स नो डीजे नो वाइब्रेशन अभियान के तहत मुहिम से जुड़े अधिवक्ताओं ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से एफआईआर दर्ज कराने की मांग करने की चेतावनी दी है।

अभियान से जुड़े अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह और अभिषेक तिवारी ने बताया कि तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिलने पर मौके की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। ध्वनि मापक यंत्र से आवाज की तीव्रता मापने के साथ समय और स्थान सहित आवश्यक तथ्यों को दर्ज किया जाएगा। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जाएगी। अधिवक्ताओं ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन करना आयोजकों और डीजे संचालकों की जिम्मेदारी है। रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर लागू प्रतिबंधों का भी पालन जरूरी है। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी धर्म या उत्सव के खिलाफ नहीं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण और हानिकारक कंपन के विरुद्ध जनहित की पहल है। आयोजकों से निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन कर दूसरों की शांति और स्वास्थ्य का सम्मान करने की अपील की गई है।

मां बाराही धाम चौहरजन में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे, मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।

रानीगंज क्षेत्र के मा बाराही धाम चौहरजन में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार से ही रानीगंज तहसील देवी मय हो गई। रानीगंज से 5 किलोमीटर मा बाराही धाम चौहरजन स्थित है। वहा पर नौ दिन तक हजारो की संख्या मे दूर दराज के लोग दर्शन करने आते है। सोमवार और शुक्रवार को भारी संख्या मे लोग दर्शन करते है। रानीगंज तहसील मे 156 स्थानो पर मा दुर्गा के पंडाल सजाए गये है। सुबह से ही मंदिरो मे श्रद्धालुओ की भीङ उमडी कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुए।भक्तो ने मा शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की तहसील के

सिद्धपीठ माता रानी ,फूलमती देवी, सिंहवाहिनी बीजेमऊ काली जी मंदिर मे सुब्ह से दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओ ने नारियल चुनरी, फूल और प्रसाद चढाकर मा बाराही का आशिर्वाद लिया। रानीगंज मातारानी देवी और बीजेमऊ के काली मंदिर मे भी भक्तो की कतारे लगी रही। मोहल्लो से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक सजे पंडालो मे पूजा पाठ की शुरुआत हुई। आयोजको ने नौ दिनो तक भजव कीर्तन कथा और अन्य धार्मिक कार्यक्रम कराने की तैयारी की है। मा बाराही मंदिर के पूजारी विनय गिरि के अनुसार धार्मिक मान्यता है कि त्रेतायुग मे सम्राट वेणू की सात बेटियो को भगवान शिव ने तपस्या मे प्रसन्न होकर सिध्दपीठ के रूप मे पूजे जाने का आशिर्वाद दिया था। माता फूलमती देवी को सातो बहनो मे सबसे बडी माना जाता है। श्रद्धालुओ मे मान्यता है कि माता के चरणो जल नेत्र विकार दूर करता है। और सच्चे मन से नौ दिन तक पंडित लौग नौ दिन तक दुर्गा शपतसती का पाठ कर नौवे दिन हवन और कन्या खिलाते है। तीन थानो की महिला और पुलिस बल मौजूद है।

खबरें एक नजर में

नाबालिग के अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल (19) पुत्र द्वारका प्रसाद गौतम निवासी खरगीपुर, थाना चांदा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर पूनी भीमपट्टी गांव के अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा, उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव, कांस्टेबल कोमल कुमार और महिला कांस्टेबल रश्मि नामदेव शामिल रहीं।

जिला जज की निगरानी में होगा बार चुनाव

सुलतानपुर। जनपद के बार एसोसिएशन चुनाव की प्रक्रिया पर लगे ग्रहण ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को हिला कर रख दिया । बार चुनाव में महिला आरक्षण को लेकर चल रही नूराकुश्ती के चलते चुनावी प्रक्रिया को दो बार टालना पड़ा था, फिलहाल माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खण्डपीठ लखनऊ के आदेश पर बीते 9 सितम्बर को एल्डर्स कमेटी की निगरानी में बार का चुनाव सम्पन्न कराया गया और 10 सितम्बर को मतगणना के दौरान प्रत्याशियों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए मतगणना का विरोध शुरू कर दिया गया । इसी दौरान गणना के लिए रखे गये मतपत्रों को विरोध के दौरान अज्ञात लोगों द्वारा विखंडित किए जाने से पूरी चुनावी प्रक्रिया को एल्डर्स कमेटी ने निरस्त करते हुए घटना की जानकारी हाईकोर्ट व जिजा जज सुलतानपुर को लिखित रूप से देते हुए बार एसोशिएशन के पट पर चस्पा करवा दी गयी । माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खण्डपीठ लखनऊ बेंच ने मामले का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया की बार एसोशिएशन सुलतानपुर का चुनाव जिला जज व एसपी-डीएम की निगरानी में 14 अक्टूबर को सम्पन्न कराया जाएगा और पड़े मतों की मतगणना 15 अक्टूबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया जाएगा । फिलहाल पूरी चुनावी प्रक्रिया को लेकर जिला एवं सत्र न्यायालय में अध्यक्ष पद को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद मिश्रा का नाम चर्चाओं में वहीं सभाजीत सिंह व जेपी सिंह भी अध्यक्ष पद के लिए मैदान में डटे हैं । दूसरी तरफ जिला जज की निगरानी में होने वाले बार चुनाव को लेकर जिला प्रशासन भी खासा सतर्क नजर आ रहा है और किसी भी प्रकार की कमियों को नजरंदाज करता नजर नहीं आ रहा है।

भीखमपुर में रामलीला का मंचन शुरू, युवा कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

भदैयाँ, सुलतानपुर। विकास खंड भदैयाँ की ग्राम पंचायत भीखमपुर में रविवार शाम तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन ग्राम प्रधान मुजीब अहमद, पूर्व प्रधान सालिकराम मौर्य और मो. कैफ ने किया। इसके बाद युवा कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रदीप कुमार यादव, पवन यादव और विनोद कुमार वर्मा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। ग्राम प्रधान मुजीब अहमद ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और सदाचार का संदेश जन-जन तक पहुंचता है।इस मौके पर रामलीला समिति के कलाकार बृजेश कुमार यादव, साधुराम, अखिलेश कुमार, राजीव, गया प्रसाद पाल, जैसराज यादव, रामतीरथ और नंदलाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर बीट पुलिस तैनात रही।

प्रधानाध्यापिका को उप मुख्यमंत्री की मौजूदगी में मिला प्रशस्ति पत्र

भदैयाँ, सुलतानपुर। विकास खंड भदैयाँ के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय भरसारे की प्रधानाध्यापिका वंदना यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और विद्यालय में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री प्रतिभा गुप्ता ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रधानाध्यापिका के प्रयासों से विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2016 में नियुक्ति के समय विद्यालय में महज 45 बच्चे नामांकित थे, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 393 हो गई है। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के साथ शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयासों के लिए उन्हें यह सम्मान मिला।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव सुरेंद्र तिवारी और राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रभात गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।वंदना यादव को इससे पहले चार जिलाधिकारियों द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा, शिक्षिका दीक्षा श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान जयप्रकाश वर्मा और शिक्षक डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जताई।

शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

सुलतानपुर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद निर्वाचन-2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में मतदान कार्मिकों और जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति में हुए प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण पुस्तिका और पीपीटी का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन मतपत्र से होगा। पीठासीन अधिकारी मतपत्र के पीछे सुभिन्नक चिह्न लगाकर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे। मतपेटी खोलने, बंद करने और सील करने की प्रक्रिया का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने पर जोर दिया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रत्नप्रिया ने मतदान अभिकर्ताओं के प्रारूप-10, हस्ताक्षर और पास जारी करने की प्रक्रिया समझाई। जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को निष्पक्ष निगरानी करने और प्रत्येक दो घंटे पर मतदान की सूचना कंट्रोल रूम को देने के निर्देश दिए।मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय और सुनील कुमार सिंह ने मतदान अधिकारियों के दायित्व, मतदाता पहचान, मतपत्र, अमिट स्याही, टेंडर वोट और चैलेंज वोट की जानकारी दी।

एबीएचए सैचुरेशन में सुलतानपुर प्रदेश में अव्वल

स्वास्थ्य टीम सम्मानित को डीएम ने किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एबीएचए (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) सैचुरेशन में जनसंख्या के सापेक्ष प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को सम्मानित किया। उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा और एएनएम के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'आयुष्मान संवाद' कार्यक्रम में सुलतानपुर को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया था। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश

पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण को सम्मान प्रदान किया था।जिलाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए किए गए समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का आह्वान किया।सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को देते हुए पात्र नागरिकों को एबीएचए से जोड़ने के प्रयास जारी रखने की बात कही। एबीएचए के तहत नागरिकों को 14 अंकों की विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान संख्या मिलती है, जिससे उनकी जांच रिपोर्ट, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार संबंधी डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने में सुविधा होती है।

रामलीला महोत्सव में हुआ भगवान श्रीराम जन्म प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर। संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामलीला मैदान में श्रीरामलीला ट्रस्ट समिति की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव-2026 के चौथे दिन भगवान श्रीराम जन्म प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। अयोध्या से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि राजा दशरथ पुत्र प्राप्ति के लिए चिंतित थे। ऋषियों की सलाह पर उन्होंने यज्ञ कराया। यज्ञ के फलस्वरूप भगवान विष्णु ने माता कौशल्या के पुत्र के रूप में जन्म लिया। इसके बाद कैकेयी के पुत्र भरत तथा सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। गुरु वशिष्ठ ने चारों राजकुमारों का नामकरण किया।

केएनआईटी में सूचना सुरक्षा व संचार पर पांच दिवसीय एफडीपी शुरू

साइबर सुरक्षा व उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केएनआईटी) के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की ओर से सोमवार को 'उभरती प्रौद्योगिकियांः सूचना सुरक्षा एवं संचार' विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। 12 से 16 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. आरके उपाध्याय और अधिष्ठाता प्रो. हर्ष विक्रम सिंह ने किया। डॉ. वीके शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी गंगवार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों को साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, नेटवर्क सुरक्षा और आधुनिक संचार प्रणालियों की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराना है।पांच दिवसीय कार्यक्रम में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, आईईटी लखनऊ, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ सहित विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इसमें उभरती तकनीकों, उनके व्यावहारिक उपयोग और तकनीकी चुनौतियों पर चर्चा होगी।

कटरा गुलाब सिंह की ऐतिहासिक रामलीला का सात दिवसीय भव्य मंचन 19 अक्टूबर से

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

रामलीला के प्रतिभागी कलाकारों ने रिहर्सल शुरू कर दिया है और इस बार रामलीला में पंचवटी का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। जैसे ही लक्ष्मण सुपर्णखा की नाक और कान काटेंगे, वैसे ही मंच पर अचानक अंधेरा छा जाएगा। इसके बाद सुपर्णखा का विकराल और डरावना रूप दर्शकों के सामने आएगा। मंच पर प्रस्तुत होने वाला यह दृश्य दर्शकों को रोमांचित कर देगा। सात दिवसीय रामलीला में पंचवटी, सीताहरण, बालि वध, लंकादहन और लक्ष्मण शक्ति सहित विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। रामलीला के बाद दो दिनों तक सामाजिक विषयों पर नाटक का मंचन होगा। परदेश में रहने वाले लोग भी रामलीला देखने के लिए आने की तैयारी कर रहे हैं। राम की भूमिका अभय अग्रहरि निभाएंगे, जो बिहार में प्राथमिक विद्यालय के

शिक्षक हैं। लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले राम कृष्ण महाजन एमबीए करने के बाद महाजन मसाला उद्योग का संचालन करते हैं। सुपर्णखा का अभिनय करने वाले शिवम अग्रहरि एलएलबी हैं। तथा ओम अमन अग्रहरि रावण, सत्यम सुग्रीव, वरुणेश हनुमान, अनूप कौशल मेघनाथ, राकेश कौशल बाली और देव अग्रहरि सीता, सौरभ अग्रहरि वशिष्ठ की भूमिका निभाएंगे। रामलीला का निर्देशन इंजीनियर गौरव अग्रहरि करते हैं। संगीतकार राजकुमार रिंकू, गीतकार अनूप कौशल हैं। इस बार भी पुरुष कलाकार ही महिला पात्रों का अभिनय करेंगे। कटरा गुलाब सिंह की रामलीला का इतिहास काफी पुराना है। वर्ष 1940 में इसके संस्थापक एवं प्रथम प्रबंधक गया प्रसाद अग्रहरि बेलहा के निवेदन पर क्षेत्र के बगियापुर निवासी स्वर्गीय पंडित सिद्ध नारायण तिवारी ने नारद मोह से लेकर सती सुलोचना तक की रामलीला की रचना हस्तलिखित की थी। उनके स्वर्गवास के बाद स्व. भगवती शरण महाजन ने अहिरावण वध, रावण वध, राज्यगद्दी और लव-कुश कांड की रचना की। इसके बाद महाजन के नाती रामकृष्ण महाजन अग्रहरि ने लक्ष्मण परित्याग एवं राम सरयू समाधि जैसे प्रसंगों का नाट्य रूपांतरण किया।

रामलीला के साथ-साथ यहां नाट्य परंपरा भी वर्षो से चली आ रही है। स्वर्गीय लल्लू लाल अग्रहरि ने सुल्ताना डाकू और भक्त पूरनमल जैसे नाटक लिखे। भगवती महाजन ने राजा भरथरी, विनय अग्रहरि ने बहू मांगे इंसाफ और रामबरन पटेल ने दहेज और इंसाफ तथा बादल और तूफान जैसे सामाजिक विषयों पर शिक्षाप्रद नाटकों की रचना की। रामलीला के मंचन में महेश ,कमलेश ,शोभनाथ, अभिनाश,अंकित,शैलेन्द्र ,प्रेम चंद्र सेठ,हितेन्द्र बबलू मंच व्यवस्थापक,'प्रज्ञा ब्यूटीपार्लर की रंजना रोली के द्वारा कलाकरो को सुसज्जित किया जाता है' श्री रामलीला मंडली एवं दशहरा मेला के अध्यक्ष अजय श्रीराम अग्रहरि, सचिव विजय कुमार कौशल, कोषाध्यक्ष दिनेश राजाराम अग्रहरि, एडिटर कमलेश वैश्य और व्यवस्थापक अनिल अग्रहरि (राजू मैनेजर) सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।' नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक मुन्ना यादव के साथ देवी प्रसाद मिश्रा, अशोक मिश्रा, लालता मिश्रा, संकुल तिवारी, लाल पांडे, कमलाकांत पांडेय का भी आयोजन में योगदान रहता है। इस बार भी रामलीला और दशहरा मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ऐतिहासिक रामलीला की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए कलाकार और आयोजक पूरी तैयारी में जुटे हैं।

मानिकपुर नवनिर्मित पुलिस चौकी का एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जनता से सहयोग की एसपी ने की अपील

समृद्धि न्यूज, कुंडा-प्रतापगढ़।

मानिकपुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में सोमवार को कस्बा मानिकपुर की नवनिर्मित सभागंज पुलिस चौकी का पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पूजन अर्चन पुजारी पंडित गिरजा शंकर दुबे ने कराया। एसपी दीपक भूकर ने चौकी प्रभारी अमित सिंह को सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बैठाकर शुभकामनाएं दी। एसपी ने चौकी का शुभारंभ करते हुए

कहा कि यह इतना बड़ा कार्य जन सहयोग के माध्यम से हुआ है। भारी जन समुदाय के समक्ष पुलिस बल की सख्या बहुत कम है। मुझे पूरा विश्वास है जिस तरह से जनता का सहयोग प्राप्त हुआ है। उसी तरह से पुलिस को जनता का बराबर सहयोग प्राप्त होता रहेगा। जिससे जनता को पुलिस सेवा बेहतर प्राप्त होगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृज नन्दन राय भी मौजूद रहे।

उद्घाटन अवसर पर एसडीम अजय कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी शिव नारायण बैस, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

समतलीकरण के नाम पर पांच हरे पेड़ काटने की अनुमति देने का आरोप

समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के फतनपुर थाना क्षेत्र के बीरापुर पुलिस चौकी अंतर्गत बसहा गांव मे समतलीकरण के नाम पर महुआ के पांच हरे भरे पेडो की कटाई की अनुमति दिये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाग मे दर्जनो महुआ का पेङ होने बावजूद बन विभाग ने बिना समुचित जांच पडताल किये ही हरे पेडो की कटाई की अनुमति दे दी। एक तरफ शासन प्रशासन लुप्त होती महुआ का प्रजाति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रयास कर रहा है। वही दुसरी तरफ पेडो की कटाई को अनुमति दिये जाने की विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है।

लोन के नाम पर 10 हजार रुपये घूस लेते फील्ड अफसर गिरफ्तार

एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोचा

भूमि विकास सहकारी समिति में तैनात है आरोपी

समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।

रानीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एंटी करप्शन टीम ने भूमि विकास सहकारी समिति में तैनात फील्ड अफसर हरिश्चंद्र चौरसिया को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई से विभाग में खलबली मच गई। रानीगंज थाना क्षेत्र के सुझाहा गांव निवासी विजयकांत बिंद ने रानीगंज स्थित भूमि विकास सहकारी समिति में लोन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लोन की प्रक्रिया पूरी करने के एवज में फील्ड अफसर हरिश्चंद्र चौरसिया ने 10 प्रतिशत रिश्वत की मांग की थी। इससे परेशान होकर विजयकांत ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की।